भोपाल | बुधवार | 10 दिसम्बर 2025 | वर्ष 69 | अंक 306 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक वंदेमातरम्


5 नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम कैसे


8 दिया-मानुष की जोड़ी करेगी भारत का प्रतिनिधित्व


9 इंडिगो की उड़ानों पर 10 प्रतिशत की कटौती




# बुंदेलखंड में सरकार

- बुंदेलखंड में निवेश पर स्टाम्प और पंजीयन शुल्क फ्री
- कैबिनेट निर्णय: सरकार करेगी शुल्क की भरपाई

**05** वर्ष तक बिजली शुल्क से भी मिलेगी राहत | **24240** करोड़ रुपये के निवेश की राह होगी आसान

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 9 दिसंबर. बुंदेलखंड के विकास को नया पंख देने के लिये मंगलवार को बुंदेलखंड की धरती से ही राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय किया है. बुंदेलखंड में अब यदि कोई निवेश करता है तो उसे स्टाम्प और पंजीयन शुल्क नहीं देना पड़ेगा. इसकी भरपाई राज्य सरकार करेगी. इतना ही नहीं पांच वर्ष तक बिजली शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा. इससे बुंदेलखंड में 24240 करोड़ रुपये के निवेश की राह खुलेगी.**

खजुराहो में हुई कैबिनेट के दौरान सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दे दी गई है. इस पैकेज से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा. यहां निवेश करने पर भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपये प्रति वर्गमीटर पर मिलेगा. इसके अलावा, विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किश्तों की सुविधा दी गई है और मेंटनेंस शुल्क महज 8 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है.

सीमेंट निर्माण इकाइयों को इस विशेष वित्तीय सहायता पैकेज का लाभ नहीं मिलेगा .यह विशेष पैकेज अगले पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा.

**सागर से दमोह 76 किलोमीटर फोरलेन बनेगा:** कैबिनेट ने सागर-दमोह मार्ग, लंबाई 76.680 किमी फोरलेन मय पेव्हड शोल्डर के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल एचएएम के तहत बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. इस फोरलेन की लागत 2,059 करोड़ 85 लाख रूपए होगी. लागत का 40 फीसदी हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत मप्र सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा बाकी शेष 60... ( शेष पेज 09 पर )

### यह निर्णय भी लिये

- पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को 2 वर्ष में रोजगार के लिए जापान और जर्मनी भेजा जाएगा.
- प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति.

### 3 मेडिकल कॉलेज के लिये आउटसोर्स पदों को मंजूरी

कैबिनेट ने नए मेडिकल कॉलेज दमोह, छतरपुर और बुधनी के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउट सोर्स पदों की स्वीकृति दी गई है. स्वीकृति अनुसार प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउट सोर्स पर नियोजित किए जाने की मंजूरी दी है.

### 11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन होगा

कैबिनेट ने 11 जिलों की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है. निर्णय अनुसार नीमच जिले के भादवामाता उप स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा. शाजापुर के मक्सी स्थित 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य... (शेष पेज 09 पर )

# कांग्रेस के खून में है वंदे मातरम् का विरोध

- राज्यसभा में कांग्रेस पर बरसे गृहमंत्री अमित शाह
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् पर राज्यसभा में चर्चा



**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् पर लोकसभा में सोमवार को हुई चर्चा के बाद आज बारी थी राज्यसभा की. राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरुआत करते हुए वंदे मातरम को देश भक्ति, त्याग और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बताया और कहा जो लोग इस समय इसकी चर्चा करने के औचित्य और जरूरत पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें अपनी सोच पर नये सिरे से विचार करना चाहिए.**

शाह ने संबोधन के दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि वंदे मातरम के 100 साल पूरे होने पर पूरे देश को बंदी बनाया गया था. इसके बाद जब वंदे मातरम के 150 साल पर सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे. वंदे मातरम् का विरोध नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस नेतृत्व के खून में है।

शाह ने उम्मीद जताई कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेगी कि वंदे मातरम् का देश का आजादी दिलाने में क्या योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस विषय पर कुछ लोगों ने यह प्रश्न उठाया था कि आज वंदे मातरम् पर चर्चा क्यों होनी चाहिए। शाह ने कहा, भारत माता की जो संतानें हैं, वे मानते हैं कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, इसे हम अपनी मां मानते हैं और इसकी पूजा करते हैं. यह भक्ति गान ही वंदे मातरम है. वंदे मातरम ने हमारे जीवन में भारत माता की कल्पना का जो योगदान है, उसे बहुत अच्छे से भावना के साथ बताया है. लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा का जो स्वरूप है, वह भारत माता है. हमारा ज्ञान, विज्ञान सब भारत माता की ही कृपा है और भारत माता की प्रार्थना से ही साकार हो सकता है.

### आरएसएस और बीजेपी का देश की संस्थाओं पर कब्जा: राहुल

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (एसआईआर) पर 28 मिनट की स्पीच दी. कहा कि आरएसएस और बीजेपी देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं. इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं. इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित (डायरेक्ट) कर रही है. इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है. राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ, क्योंकि राहुल चुनाव सुधार के बदले आरएसएस सहित अन्य विषयों पर बोलने लगे. इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस को समानता से दिक्कत है. चुनाव सुधार पर चल रही बहस में राहुल गांधी ने खादी, महात्मा गांधी, गोडसे, आरएसएस का भी जिक्र किया. संसद का निचला सदन चुनाव सुधारों के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है. इसमें भारत के चुनाव आयोग द्वारा अलग-अलग राज्यों में शुरू किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एक्सरसाइज पर चर्चा शामिल है. विपक्षी पार्टियां महीनों से एसआईआर पर बहस की मांग कर रही हैं, कांग्रेस वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों का आरोप लगा रही है.



# 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' फेज में देश: पीएम

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल के नेताओं से कहा कि भारत पूरी तरह से रिफॉर्म एक्सप्रेस चरण में आ गया है, जिसमें तेज और नागरिकों केंद्रित शासन बदलाव होंगे।**

सांसदों को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि सरकार सिर्फ आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने या रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि आम लोगों की जिंदगी को असल में आसान बनाने के लिए रिफॉर्म कर रही है. उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य नागरिकों के सामने आने वाली रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर सकें.

एनडीए संसदीय दल की मीटिंग में मोदी का सम्मान




# दो दोस्तों को मिला 50 लाख का हीरा

**पन्ना.** आज फिर दो दोस्त एक माह के अंदर लखपति बन गए. हीरा खदान संचालक सतीष खटीक एवं साजिद मोहम्मद दो लोगों ने एक साथ मिलकर कृष्णा कल्याणपुर में हीरा की खदान 19 नवंबर को स्वीकृत कराई थी. 19 नवंबर से 31 दिसंबर तक के लिए हीरा खदान का पट्टा दिया गया. सोमवार को उन्हें 15.34 कैरेट का जैम क्वालिटी का हीरा मिला, जिसकी बाजारू कीमत 50 लाख से भी अधिक बताई जा रही है. फिलहाल हीरे को कार्यालय में जमा किया गया है.

# वाधवानी को 2002 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 09 दिसंबर. करीब पांच साल से चल रही कानूनी रस्साकशी और जांच के बाद सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट ने शहर के बहुचर्चित गुटखा कारोबारी नेटवर्क पर अब तक का सबसे बड़ा वार कर दिया है.**

विभाग ने किशोर वाधवानी सहित उससे जुड़े कारोबारियों और फर्मों को 2002 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड थमा दी है. माना जा रहा है कि यह प्रदेश में जारी हुआ अब तक का सबसे बड़ा टैक्स डिमांड नोटिस है.



यह कार्रवाई उसी प्रकरण से जुड़ी है, जिसमें 2020 में बड़े पैमाने पर छापे पड़े थे. जांच में सामने आया कि 2017 से 2020 के बीच व्यवस्थित तरीके से टैक्स चोरी की... ( शेष पेज 09 पर )

### जांच में ऐसे खुला घोटाला

छापों के बाद विभाग ने जुलाई 2017 से जून 2020 के बीच की टैक्स चोरी का पूरा ग्राफ तैयार किया था, इसमें 1-17 जुलाई 2017 : 24.08 करोड़, 18 जुलाई 2017-6 जुलाई 2019 : 1345.73 करोड़, जुलाई 2019-1 फरवरी 2020 : 418.78 करोड़, 2 फरवरी-10 जून 2020 : 157.63 करोड़, कुल टैक्स चोरी 1946.23 करोड़ और अलग से 75.67 करोड़ की एक्साइज ड्यूटी जोड़कर डिमांड 2002 करोड़ तय की गई.

# फूड प्वाइजनिंग से 3 की मौत, 5 कर्मचारी बीमार

**ग्वालियर.** फूड प्वॉइजनिंग का गंभीर मामला सामने आया है, जहां खजुराहो के गौतम रिसॉर्ट के आठ कर्मचारियों की हालत अचानक बिगड़ गई. इनमें से तीन की मौत हो गई. बीती रात रिसोर्ट में परोसी गई आलू-गोभी की सब्जी खाने के बाद कर्मचारियों को उल्टी-दस्त और तेज पेट दर्द की शिकायत होने लगी. हालत गंभीर होने पर उन्हें तत्काल खजुराहो के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया.

# सरकार ने 10 बड़े एयरपोर्ट पर आईएएस भेजे

**नई दिल्ली.** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में 8 दिन संकट बरकरार है. इस बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है. सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग हुई. केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बड़े एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है. ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है. ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं. 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं.

### इंडिगो को रूट में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश

सरकार ने पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने वाली विमान सेवा कंपनी इंडिगो को उसके रूट में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने मंगलवार को इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को तलब किया था।

# हालात से निपटें वरना अराजकता फैल जाएगी: सीजेआई

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की. कोर्ट ने चुनाव आयोग और ममता सरकार को नोटिस जारी किया. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की. याचिकाकर्ता सनातन संसद ने राज्य में एसआईआर के कामकाज की अवधि के दौरान बीएलओ के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती की मांग भी की और याचिका में घर-घर सत्यापन करने वाले बीएलओ पर कथित हमलों का हवाला दिया गया है. उन्होंने अदालत से कहा कि पश्चिम बंगाल में बीएलओ को एसआईआर ड्यूटी करते समय हिंसा का सामना करना पड़ रहा है.









# नियुक्त नहीं हो पा रही एजेंसी

## आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण को लेकर निकाली अल्पकालीन सूचना

नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर नगर में आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण को लेकर नगर पालिक निगम को एजेंसी नहीं मिल पा रही है.**

मालूम हो कि नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के शेष तीन माह के लिए एजेंसी नियुक्त करने अल्पकालीन निविदा निकाली गई है. जिसमें नगर निगम क्षेत्र के आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण को लेकर एजेंसी नियुक्त की जाना है. जानकारी के अनुसार निगम अब तक चौथी बार सूचना निकाल चुका है. मगर एजेंसियां नहीं मिल पा रही हैं.



मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व नगर निगम के साधारण सम्मेलन में भी स्ट्रीट डॉग सहित पालतू कुत्तों के मालिकों से कर वसूलने का निर्णय लिया गया था. मगर आज दिनांक तक इस पर कार्य योजना न तो संबंधित विभाग के माध्यम से बनाई जा सकी है और न ही कार्य योजना को लागू करने पर चर्चा हो सकी है. आवारा कुत्तों के काटने के अनेकों मामले सामने आने के बाद भी उपरोक्त दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके हैं. जिसके चलते सड़कों पर बच्चों का निकलना सुरक्षित भी नहीं रहता है.

### पार्षद ने सौंपा था ज्ञापन

मधुकरशाह वार्ड सहित शहर के अन्य वार्डों में स्ट्रीट डॉग की समस्या व्यापक स्तर पर है जिसको लेकर कुछ माह पूर्व मधुकरशाह वार्ड की कांग्रेस पार्षद श्रीमती रिचा सिंह ने निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा था. मालूम हो कि आवारा कुत्तों के काटने से शासकीय स्कूल की शिक्षिका और जनप्रतिनिधि के परिवार से तथा कुछ बच्चे भी प्रभावित हुए थे.जिला चिकित्सालय और बीएमसी प्रबंधन भी परिसर में आवारा कुत्तों के विचरण से परेशान हैं.

## कार्यकारिणी गठित

**सागर.** जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति के संयोजक समीर जैन ने कार्यकारिणी का गठन किया है. कार्यकारिणी में बीएचयू के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ संजीव सराफ को राष्ट्रीय अध्यक्ष, पवन जैन को राष्ट्रीय सचिव, उपाध्यक्ष द्वय सुमति प्रकाश जैन एवं सुरेन्द्र कुमार जैन, नीलेश जैन को सह कोषाध्यक्ष, अक्षय जैन एवं साक्षी जैन को सह सचिव, अवनीश संघी, रेशू जैन एवं अमित जैन को प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी बनाया गया. कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. आरती जैन, कृति जैन, रुचि जैन, सुनील जैन मालथोन, अंकुश जैन, विदुषी जैन, आयुषी जैन एवं पलक जैन, सुरभि जैन, सजल जैन, एवं मनीष जैन विद्यार्थी कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है. यह जानकारी जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति की सह संयोजक दीपाली जैन ने दी है.

# सागर की विभूतियों के बारे में नई पीढ़ी को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराएं

नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. तीनबत्ती स्थित सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय के स्वराज सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. उमाशंकर शुक्ल की 101 वीं जयंती मनाई गई.** अध्यक्षता पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव ने की. मुख्य अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विवि के कुलपति प्रो.वाय एस ठाकुर उपस्थित थे. मुख्य वक्ता माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल के पूर्व कुलपति दीपक तिवारी थे. वाचनालय ट्रस्ट के सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी ने स्वागत भाषण दिया. वाचनालय ट्रस्ट अध्यक्ष के के सिलाकारी ने अपने संबोधन में डॉ उमाशंकर शुक्ल के साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान की चर्चा की.



उन्होंने कहा कि सागर मे चकराघाट पर कवि पद्माकर की प्रतिमा लगवाने में डॉ उमाशंकर शुक्ल का मुख्य योगदान था. मुख्य वक्ता श्री तिवारी ने कहा कि यदि 101 वर्ष बाद आज उमाशंकर शुक्ल की यहां चर्चा हो रही है इसका मतलब है उनका योगदान समाज के प्रति ज्यादा था. हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए सागर की जो विभूतियां है उनके बारे में नई पीढ़ी का अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने का काम किया जाए. इसके लिए उनके जीवन पर आधारित पुस्तक भी प्रकाशित हो सकती है. पं द्वारका प्रसाद मिश्र ने यदि डॉ उमाशंकर शुक्ल की पुस्तकों की प्रस्तावना लिखी है तो निश्चित की उन्होंने शुक्ल में योग्यता देखी होगी .कुलपति प्रो. ठाकुर ने कहा की उमाशंकर शुक्ल का सागर की पत्रकारिता और साहित्य जगत में विशिष्ट योगदान है. पूर्व सांसद श्री यादव ने डॉ शुक्ल को अच्छा मित्र बताया. संचालन नलिन जैन, आभार जीएस छत्रसाल ने माना. इस अवसर पर डॉ सुरेश आचार्य, डॉ लक्ष्मी पांडेय, डॉ शैलेन्द्र शुक्ल सौमेन्द्र शुक्ला, क्षिप्रा शुक्ल, गजाधर सागर, पूरन सिंह राजपूत, भोलेश्वर तिवारी, हरी चौबे मौजूद थे.

## एक नजर में



### आईएमए ने बीएमसी को सर्जरी उपकरण दिए

**सागर.** बीएमसी के जनरल सर्जरी विभाग को आईएमए सागर शाखा के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाले सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स दान में दिए. डीन डॉ. पीएस ठाकुर ने कहा इन इंस्ट्रूमेंट्स से न केवल हमारे सर्जरी विभाग की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि बुंदेलखंड के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज मुफ्त में उपलब्ध हो सकेगा. इस अवसर पर डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. रोशी जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. सुनील सक्सेना, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद इलयास, डॉ. दुष्यंत रोहित, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा, डॉ. शशि बाला, डॉ. संजय प्रसाद मौजूद थे.



### स्कूल के बच्चों को स्वेटर प्रदान की गई

**सागर.** बीजेएस द्वारा आबचंद जैन तीर्थ, ग्राम विद्यालय में बच्चों को ऊनी स्वेटर प्रदान की गई. भारतीय जैन संघटनासंभागीय अध्यक्ष मनोज जैन लालो एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सिंघई ने बताया कि स्वेटर वितरण का अभियान चलाया जा रहा है. संयोजक जिला सचिव राजेंद्र जैन शिक्षक ने बताया कि आबचंद जैन अतिशय तीर्थ में स्वेटर प्रदान किए गए. कार्यक्रम में संतोष जैन, मनीष जैन, राजेंद्र जैन, वीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहें.



### उज्जैन की टीम को पराजित कर सागर सेमीफाइनल में

**सागर.** बिजली कंपनी की 47वीं अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में सागर टीम ने उज्जैन क्षेत्र की टीम को 10 विकेट से पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया. जिसका मुकाबला जबलपुर सेंट्रल टीम से होगा, मैच में पहले खेलती हुई उज्जैन टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट होकर 96 रन बनाए सागर टीम ने बिना विकेट खोए 97 रन बनाकर जीत हासिल की. मैन ऑफ द मैच राहुल सिंह ठाकुर रहे. अधीक्षण अभियंता श्रीमती चंद्ररेखा प्रभाकर जीत पर टीम को बधाई दी.



### समस्याओं को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

**बीना.** शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय ने किसानों को सिंचाई समय पर लाइट न देने एवं स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया. उन्होंने तहसीलदार अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि देश का अन्नदाता जो देश का भरण पोषण करने वाला किसान जिसे 10 घंटे लाइट मिलनी चाहिए वह लाइट ऐसे समय दी जा रही है ठंड के इस दौर में रात्रि 1 बजे से 5 बजे तक लाइट देने का क्या औचित्य है. साथ ही विद्युत मंडल के ठेकेदारों द्वारा स्मार्ट मीटर घर-घर लगाए जा रहे हैं यह उचित नहीं है, जबरदस्ती किसी के घर पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता किंतु धमका कर वह मीटर घर-घर लगा रहे है. किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह शासन की किस तरह की व्यवस्था है कि रात्रि में लाइट दी जा रही है यह उचित नहीं है एक समय में लाइट दी जावे. श्री ठाकुर ने बताया कि सर्वोदय चौराहा पर गंदे पानी में से निकलकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु, पीपी नायक, मनोज कैथोरिया, अशोक परिहार, एडवोकेट कृष्णा कैथोरिया, सत्यपाल पटेल, बलवीर सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे.

# मारुति वैन से हथियार बरामद

नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो पिस्टल, चार जिंदा राउंड, दो चाकू एवं वाहन जप्त किए गए है.**

थाना प्रभारी सिविल लाइन को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गिरधारीपुरम तिराहा, आरटीओ रोड, ग्राम पथरिया जाट के पास एक सफेद रंग की कार में अवैध हथियार लेकर व्यक्ति जा रहा है. सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर द्वारा टीम का गठन कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई. इसी दौरान मारूति वैन क्रमांक एमपी 15 ए 3204 आती दिखी, जिसे पुलिस



देखकर वाहन रोका गया, वाहन से एक व्यक्ति उतरकर भागा, जबकि एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 02 पिस्टल, 04 जिंदा राउंड, 02 चाकू एवं वाहन मारूति वैन जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी कर अवैध हथियारों को जप्त किया गया. आरोपी विधि विरुद्ध बालक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है.

# हिंदी की प्रतिष्ठा में संचार माध्यम महत्वपूर्ण

नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. न केवल भारत के गांव-गांव में बल्कि संपूर्ण विश्व में हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, इसके प्रचार-प्रसार में संचार माध्यम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. पत्र-पत्रिकाएं, समाचार-पत्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन, रेडियो, सिनेमा, सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों द्वारा हिंदी को घर-घर पहुंचाने का काम अनवरत जारी है.**

यह बात विवि के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आयोजित हिंदी



कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित आकाशवाणी, सागर के कार्यक्रम अधिकारी दीपक निषाद ने कही. संयोजक तथा कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने बताया कि भाषा शिक्षण में मल्टीमीडिया का उपयोग विवि पठन-पाठन में प्रचुरता से किया जा रहा है. हिंदी शिक्षण हेतु पाठ्य सामग्री भी इंटरनेट पर उपलब्ध है जिसका उपयोग मोबाइल पर भी किया जा सकता. संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना ने किया. विशेष सहयोग विनोद रजक का रहा.

## आपकी महापौर आपके द्वारा जनचौपाल आज

**सागर.** महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल एवं मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण शिविर का आयोजन 10 दिसंबर बुधवार को प्रात: 11 बजे से नरयावली नाका एवं गांधी चैक वार्ड के नागरिकों हेतु रामबाग मंदिर के पास छोटी अस्पताल के पास चमेली चैक में आयोजित किया गया है. उन्होने वार्ड के नागरिकों से अनुरोध किया है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं.

# संतुलित आहार एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**रहली 9 दिसंबर. प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित कार्यक्रम के तहत सांदीपनि विद्यालय के उत्कृष्ट सभागार में विद्यार्थियों द्वारा संतुलित आहार एवं विज्ञान के प्रोजेक्ट एवं मॉडल के स्टॉल लगाए गए.**

संयोजक सपना रजक, साक्षी जैन स्नेहलता जैन एवं ऋची जैन ने संतुलित आहार प्रदर्शनी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला. मेला में अंकुरित अनाज, गेहूं की खीर, इडली,कस्टर्ड, फ्रूट सलाद, लेमन मिंट टी, टमाटर सूप के स्टॉल लगाए.



विज्ञान के क्रियाशील मॉडल में जंतु कोशिका, मानव कोशिका, भूकंप सूचक यंत्र, श्वसन तंत्र एवं डीएनए के क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए,विभिन्न चार्ट एवं पोस्टर के माध्यम से संतुलित आहार की उपयोगिता एवं विज्ञान मॉडलों की जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक संचालक लोक शिक्षण स्वाति दुबे,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पचौरी एवं सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे,नीरज नेमा द्वारा किया. इस अवसर पर रेखा चौरसिया, मनीष शास्त्री, कमलेश चौबे, शैलेंद्र जैन,संतोष जैन,विश्वेश्वर सिंह ठाकुर,ज्योति राजावत, यशी पटेरिया, लकी लक्षकार, प्रियंका स्वर्णकार ने सहभागिता की. संचालन शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर एवं आभार सपना रजक ने व्यक्त किया.

## नए निर्मित मंदिर का नामकरण शांतिधाम

**राहतगढ़** पंचकल्याणक महा महोत्सव आयोजन में मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के ससंघ के सानिध्य में सागर रोड स्थित जैन मंदिर में नव प्रतिष्ठत मूर्तियां नवीन मंदिर में की गई. मूलनायक भगवान श्री शांतिनाथ का प्रथम मस्तकाभिषेक एवं मुनिश्री के मुखारविंद से शांतिधारा हुई, विद्या प्रमाण साधु वसतिका का शिलान्यास हुआ. मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य द्वारा लिये गये सभी संकल्प पूर्ण हो जाते है तो उसे अपार आनंद की अनुभूति होती है. चौधरी परिवार के अशोक चौधरी ने मंदिर का स्वामित्व और संचालन समाज के अध्यक्ष को सोंपते हुये कहा कि आज मेरी इच्छा पूर्ण हो गई.

# युवा कांग्रेस का पैदल मार्च



नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. जिला युवा कांग्रेस एवं शहर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में मोतीनगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा और आपराधिक घटनाओं के विरोध में पैदल मार्च निकाला गया.**

इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर ही धरना-प्रदर्शन कर सीएसपी को ज्ञापन सौंपा. जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित, युकां शहर अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में पैदल मार्च मोतीनगर थाना पहुंचा. इस दौरान भूपेंद्र सिंह मुहासा, महेश जाटव, पप्पू गुप्ता, सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, शरद पुरोहित, जितेंद्र रोहण, संदीप चौधरी, जैद खान, अक्षय दुबे, आदित्य चौधरी, रीतेश रोहित, लीलाधर सूर्यवंशी आदि मौजूद थे.

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 दिसंबर. राजघाट कस्बे में एक ढाबा संचालक का शव सड़क पर पड़ा मिला, उसके पास ही उसकी बाइक भी मिली. परिजनों ने इसे एक दुर्घटना बताया है.**

मृतक की पहचान राजघाट निवासी 28 वर्षीय रोहित यादव पुत्र संतोष के रूप में हुई है, वह गांव में ही राजघाट-जखौरा मार्ग पर एक तिराहे के पास ढाबा चलाता था. जानकारी के अनुसार रोहित अपने ढाबे के एक कर्मचारी को उसके घर प्रेम नगर छोड़ने गया था, कर्मचारी को छोड़ने के बाद वह अपने घर वापस आने के लिए निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा. पुलिसकर्मियों ने प्रेम नगर मोहल्ले में सड़क पर रोहित को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा, उसकी बाइक भी पास में ही पड़ी थी. शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई, परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक के बड़े भाई ने बताया कि रोहित दो भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था.

## बुजुर्ग का शव मिला

**ललितपुर.** पांच दिन से लापता 73 वर्षीय बुजुर्ग श्यामलाल विश्वकर्मा का शव नदी किनारे मिला. परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग 5 दिसंबर से लापता थे, यह घटना थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा बांसी के पास लखनपुरा और देवरान घाट के बीच हुई मृतक श्यामलाल विश्वकर्मा कस्बा बांसी जखौरा रोड के निवासी थे, उनके लापता होने की सूचना पांच दिन पहले दी गई थी. मृतक के पुत्र सुनील विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि उनके पिता मानसिक रूप से बीमार थे.

## लूट के आरोपी पकड़े

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने लूट के आरोपी को घटना में प्रयुक्त स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया निवासी विवेकानंद वार्ड, ग्यादीन तिराहा ने पति नीलेश साहू के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पति के साथ मीरा हॉस्पिटल के पास ऑनलाईन सामान की दुकान संचालित करती हैं. बताया कि चार युवक यश सोनी, निशांत यादव, अजय पटैल, प्रशांत पटैल दुकान पर आए और चाकू दिखाकर धमकाया, जिससे घबराकर फरियादिया के पति दुकान के अंदर चले गए. आरोपी यश सोनी काउंटर पर रखे 10 हजार रुपये लेकर भाग गया. पीछा करने पर फरियादिया द्वारा आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया, परंतु धक्का देकर भाग निकला.

# दस करोड़ की लागत से गीता भवन बनेगा

## पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री सिंह ने 55 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 दिसंबर. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने खुरई में 10 करोड़ की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमिपूजन किया.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान से प्रकाशित यह भवन यह धर्म, ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों का केंद्र बनेगा. कार्यक्रम में उन्होंने फुटबाल के राष्ट्रीय टूर्नामेंट में राज्य स्तर से चयनित खुरई की छात्रा जयश्री पंत को अपनी और से 25 हजार की राशि, मेडल और शाल श्रीफल से सम्मानित किया. श्री सिंह ने खुरई नपा क्षेत्र में गीता भवन की स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि ज्ञान व शिक्षा के लिए गीता विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है, गीता जी से जीवन जीने की कला मिलती है, जिससे दुनिया में अनेक जीवन संवर गये, गीता भवन ज्ञान का मंदिर बनेगा.



पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह ने कहा कि खुरई में बेहतर स्कूल, नये पाठ्यक्रमों वाले कालेज, बहुत से जिम, इंडोर स्टेडियम, बेडमिंटन कोर्ट्स बनाए गए हैं ताकि आपकी सफलता का मार्ग बने. उन्होंने कहा कि हनौता बांध के पास 25 एकड़ में बन रहे पिकनिक स्पाट में वाटर स्पोर्ट्स, बच्चों का मनोरंजन, रेस्तरां जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जहां परिवार सहित पर्यटन हेतु जा सकेगा. कार्यक्रम को वरिष्ठ पार्षद देशराज यादव, मनोज राय तथा रामशास्त्री शुक्ला ने भी संबोधित किया. संचालन वरिष्ठ पार्षद नीतिराज पटेल व विकास पांडे एवं आभार बलराम यादव ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में स्वनिधि योजना के तीन हितग्राहियों को राशि के चेक वितरण किए गए. कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष नन्ही बाई अहिरवार, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार मौजूद थे.

**विद्या परिषद बैठक** | महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पद्धति में नवाचार पर विचार

# स्नातकोत्तर के विद्यार्थी एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम पढ़ेंगे

नवभारत न्यूज

**सागर 9 दिसंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में विद्या परिषद की 23 वीं बैठक संपन्न हुई.**

बैठक का उद्देश्य मप्र शासन द्वारा जारी नवीन सशोधित अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) के संबंध में महाविद्यालियीन पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पद्धति में हुये नवाचार पर विचार किया गया. जिससे गुणवत्तायुक्त शिक्षण-प्रशिक्षण,



विद्यार्थियों का समग्र विकास, समाज सेवा, जागरूकता, अनुसंधान तथा संस्कृति/परंपरा संरक्षित हो सके. नवीन अध्यादेश के संबंध में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य अनुभवी एवं शिक्षाविदों का लाभ महाविद्यालय को प्राप्त हो. बैठक में सभी ने विचार प्रस्तुत कर शिक्षा के विकास में संशोधित अध्यादेश गुणवत्तायुक्त शिक्षण एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एन.ई.पी. 2020 में आंशिक सुधार करते हुए अब विद्यार्थियों को मेजर विषय के तीन पेपर, माइनर विषय के दो पेपर, एवं एमडीसी, एईसी एवं एसईसी विषयों में एक-एक प्रश्नपत्र तथा वेल्यू कोर्स का एक पेपर स्नातक प्रथम वर्ष, प्रोजेक्ट वर्क के सभी विद्यार्थियों के लिए समान रहेंगे.

अध्यादेश 14(2) में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम पढ़ेंगे. सभी सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. उक्त बैठक में विद्या परिषद समिति की सदस्य सचिव के रूप मे डॉ. दीपा खटीक ने सभी प्रस्ताव प्रस्तुत किए. समिति के सदस्य डॉ. संतोष प्रभाकर ने चर्चा के उपरांत प्राप्त हुए मिनिट्स को नोट किया. इस दौरान सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय खरे ने का आभार व्यक्त किया.

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं यशविन्द्र सिंह लोधी पिता अरविंद सिंह लोधी ग्राम बोबई, पोस्ट सागौनी जिला सागर म.प्र. का निवासी हूँ। यह कि मेरी दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची, पैनकार्ड, जाति, निवासी प्रमाण पत्र में यशवेंद्र लोधी (YASHVENDRA LODHI) लिखा है एवं मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम यशविंद्र सिंह लोधी (YASHVINDR SINGH LODHI) लिखा है। यह कि दोनो नाम यशवेंद्र लोधी (YASHVENDRA LODHI) एवं यशविंद्र सिंह लोधी (YASHVINDR SINGH LODHI) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के हैं। यह कि इसके बाद मेरा नाम सभी अभिलेखों कार्यों और लेखन तथा लेनदेन से संबंधित सभी कार्यवाही में निजी और साथ ही सभी दस्तावेजों के तहत केवल यशवेंद्र लोधी (YASHVENDRA LODHI) के रुप में जाना जायेगा।

सूचनाकर्ता
यशवेंद्र लोधी
(YASHVENDRA LODHI)

# बाल साहित्य को सभी विधाओं में समृद्ध बनाने की जरूरत

## हिंदी लेखिका संघ की कार्यशाला में विशेषज्ञों का मत

**भोपाल, 09 दिसंबर. हिंदी लेखिका संघ की बाल साहित्य कार्यशाला दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में मंगलवार को आयोजित हुई. यहां देशभर से आए साहित्यकारों ने कहा कि आज बाल साहित्य को कहानी, कविता और नाटक से आगे बढ़ाकर सभी विधाओं में विकसित करने की आवश्यकता है. वक्ताओं ने बच्चों की कल्पनाशीलता, संवेदना, भाषा कौशल और बौद्धिक विकास को केन्द्र में रखकर नए और प्रासंगिक लेखन की आवश्यकता पर जोर दिया.**

कार्यक्रम में साहित्य अकादमी (मध्यप्रदेश) के निदेशक और वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. विकास दवे ने कहा कि हिंदी बाल साहित्य की परंपरा अत्यंत समृद्ध है, लेकिन यह मुख्यत: कविता, कहानी और नाटक तक सीमित है. बाल मनोविज्ञान, विज्ञान-लेखन, यात्रा-वृत्तांत, संस्मरण, जीवनी, हास्य-विनोद और अन्य विधाओं में भी रचनात्मक कार्य की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि बाल साहित्यकार को अपनी कल्पनाओं की खिड़की पूरी तरह खोलनी चाहिए और लेखन केवल सामान्य बच्चों तक सीमित न होकर मूक-बधिर व दिव्यांग बच्चों के लिए भी होना चाहिए. बाल साहित्य को आनंददायक बनाना सबसे महत्वपूर्ण है.



संस्था अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने स्वागत उद्‌बोधन में कहा कि बाल साहित्य एक बीज की तरह है, जिसे यदि बाल-मन की गीली मिट्टी में बोया जाए तो भविष्य एक सुंदर बगिया बनकर विकसित होता है. उन्होंने कहा कि बाल साहित्य बच्चे के व्यक्तित्व, भाषा, विचार और मनोवैज्ञानिक विकास की पहली पाठशाला है. इसलिए लेखिकाओं का दायित्व है कि वे बाल मन को सही दिशा देने वाला संवेदनशील, मूल्यनिष्ठ और आनंददायक साहित्य रचें.

प्रथम सत्र में जबलपुर की बाल साहित्यकार डॉ. मंजरी शुक्ला ने कहा कि कहानियां बच्चे को कल्पना लोक की यात्रा कराती हैं, जहां परियां जादूगर, बोलने वाले पशु-पक्षी और उड़ने वाले ड्रैगन उसकी संवेदनाओं को विकसित करते हैं. उन्होंने कहा कि बाल साहित्यकार को बच्चों के मानसिक स्तर तक उतरकर लिखना जरूरी है, क्योंकि बच्चा प्रेम और संवाद को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपनाता है. बाल साहित्यकार सुशील शुक्ला ने कहा कि भारत में अच्छा बाल साहित्य लिखा गया है, लेकिन मराठी, बांग्ला और मलयालम जैसी भाषाओं में इस दिशा में अत्यंत उल्लेखनीय काम हुआ है. उन्होंने सुधा चौहान, उपेंद्रनाथ अश्क और विभूति भौमिक की रचनाओं का संदर्भ देते हुए कहा कि बच्चों को समझने के लिए उनके साथ रहना और उनके परिवेश को जानना आवश्यक है. बच्चों को बताने के लिए बच्चों का अपना संसार ही पर्याप्त है.

> डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने कहा कि पंचतंत्र, बेताल पच्चीसी, अकबर-बीरबल और अमीर खुसरो की कहानियां हमारी प्रतीक परंपरा को मजबूत बनाती हैं. उन्होंने कहा, जिस साहित्य में बच्चों के मन की बात हो, वही वास्तविक बाल साहित्य है. प्रथम सत्र का संचालन सुश्री सुनीता यादव और द्वितीय सत्र का संचालन कमल चंद्रा ने किया. स्वस्ति वाचन डॉ. रंजना शर्मा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नीलिमा रंजन ने किया. कार्यशाला में बड़ी संख्या में बाल साहित्यकार एवं लेखिकाएं उपस्थित रहीं.

महेश सक्सेना ने कहा कि बाल साहित्य से लोरी लगभग गायब हो चुकी है, जबकि यह मां और शिशु के बीच सबसे कोमल संवाद है, जो बच्चे के मन पर स्थायी प्रभाव छोड़ता है.



# शिल्प परंपरा को मिली ऊर्जा

## एमएलबी कॉलेज की छात्राओं ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां

**नवभारत प्रतिनिधि,**
**भोपाल, 9 दिसंबर. ऐतिहासिक गौहर महल में राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के तहत मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम ने प्रदेश की शिल्प परंपरा को नई ऊर्जा दी और विभिन्न अंचलों से आए शिल्पियों के कौशल को मंच मिला. आयोजन भारत सरकार के हस्तशिल्प और वस्त्र मंत्रालय तथा प्रदेश के हाथकरघा और हस्तशिल्प विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.**

समारोह में जरी, गोंड पेंटिंग, ब्लॉक प्रिंट, लकड़ी के खिलौने, जूट और कॉटन, सिरेमिक और हैंड बटिक जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले 50 से अधिक शिल्पियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने कहा कि मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान लगातार बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की कलाकृतियां अब दिल्ली स्थित दूतावासों तक भी भेजी जा रही हैं और चीन के दूतावास में भी मध्यप्रदेश के शिल्पों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है. इस मौके पर हस्तशिल्प निगम के प्रबंध संचालक और आयुक्त हाथकरघा मदन विभीषण नागर गोजे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.



> **गीत और नृत्य श्रृंखला ने दर्शकों का मोहा मन**
> इस अवसर पर एमएलबी कॉलेज की नृत्य विभाग की छात्राओं ने डॉ. विजया शर्मा के निर्देशन में कथक की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। शिव-वंदना से आरंभ होकर कृष्ण-भक्ति और राम-केंद्रित गीतों पर आधारित नृत्य श्रृंखला ने दर्शकों को भक्ति, भाव और लय के अद्भुत संसार में पहुंचाया। घुंघरुओं की मधुर झंकार और घूमरों की लय-लहरियों ने गौहर महल की ऐतिहासिक दीवारों में नृत्य की एक नई रोशनी भर दी। कार्यक्रम में शिल्पियों के योगदान को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

# दतिया में सजी संगीत सभाएं

**भोपाल/दतिया।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित होने वाला विश्व विख्यात तानसेन समारोह का 101वां संस्करण का आरंभ प्रादेशिक पूर्वरंग श्रृंखला के साथ हो गया है। इसके अंतर्गत मंगलवार को दतिया के अवध बिहारी मंदिर में संगीत सभाएं सजी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रथम प्रस्तुति में इंदौर से पधारे वायलिन वादक बृजमोहन बमरेले अपने वादन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने राग रागेश्री में विलंबित एकताल में आलाप व गत, तत्पश्चात द्रुत तीनताल में गत प्रस्तुत की।

# कोलार में शिव महोत्सव का हुआ आयोजन

**भोपाल, 9 दिसंबर. कोलार में इस वर्ष शिव बारात महोत्सव को पहले से अधिक भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है. लगातार नौवें वर्ष आयोजित हो रहे इस आयोजन की शुरुआत मंगलवार को रथ पूजन के साथ हुई. ग्यारह ब्राह्मणों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष संजय सिंह राठौर सहित आयोजक सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.**

संजय राठौर ने बताया कि रथ पूजन के बाद रुद्राक्षों का अभिषेक किया जाएगा और समिति के सदस्य उज्जैन और भोजपुर जाकर भोलेनाथ को आमंत्रण देंगे. इस वर्ष सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण की शुरुआत भी की जाएगी. समिति सदस्यों के अनुसार कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा करेंगे. मुख्य आयोजन पंद्रह फरवरी दो हजार छब्बीस को होगा जब प्रदेश की सबसे बड़ी शिव बारात निकाली जाएगी.



> शिव बारात ललिता नगर चौराहा से शुरू होकर नया पूरा महाबली नगर और कोलार के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए साईं नाथ कॉलोनी स्थित शिवहनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां समापन होगा. इसके बाद श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रुद्राक्ष वितरित किए जाएंगे और मातृ शक्ति को कलश प्रदान किए जाएंगे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे.

# 'एआई प्रो किट' से दृष्टिबाधित बनेंगे सक्षम

**10** दृष्टि बाधित बच्चों को ज्योति एआई प्रो किट का वितरण | **12** श्रवण बाधित बच्चों को विशेष एप्स युक्त मोबाइल दिए

**भोपाल, 09 दिसंबर. नवजीवन सेवा समिति और माता महालक्ष्मी अन्न क्षेत्र समिति के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों की शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रगति के उद्‌देश्य से एक विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें 10 दृष्टिबाधित बच्चों को अत्याधुनिक ज्योति एआई प्रो किट औ 12 श्रवण बाधित बच्चों को उनकी पढ़ाई और संचार को सरल बनाने के लिए आधुनिक मोबाइल फोन समिति अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल और नवनीत अग्रवाल ने दिए.**



उन्होंने उपस्थितजनों को बताया कि नवीन तकनीक पर आधारित यह किट इन बच्चों के लिए तीसरे नेत्र की तरह कार्य करती है और उन्हें पढ़ाई तथा दैनिक कार्यों में पूर्णत: सक्षम बनाती है. समिति प्रवक्ता भगवान दास ढालिया ने बताया किट के माध्यम से बच्चे टेक्स्ट रीडिंग, वस्तु एवं रंग पहचान, मुद्रा पहचान के साथ ही दृश्य वर्णन जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे. किट में विशेष एप्स इंस्टॉल किए हैं. इन मोबाइल में ऐसे एप्स उपलब्ध कराए गए हैं, जो इन बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सहज, सरल और प्रभावी बनाते हैं.

> कार्यक्रम में विनय अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, भगवान दास ढालिया, राजीव दिवाकर, विनीता दिवाकर, रितेश खरे, प्रदीप विश्वकर्मा, मनोज चौकसे, मीरा कांटेवाला, नटवर कांटेवाला, स्पर्श भवन के दिव्यांग बालक-बालिका विद्यालय की अधीक्षिका लता मालाकार सहित अन्य शिक्षक, समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम संपन्न

- भोपाल के दुष्यंत नगर में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल. अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम भगवान श्री चित्रगुप्त जी की अध्यक्षता एवं मां वीणा वादिनी के मुख्य अतिथ्यि में आयोजित हुआ**

कार्यक्रम श्री रामसेवक बुंदेली साहित्य संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा, आयोजित किया गया. उत्तर प्रदेश प्रयागराज, झांसी ललितपुर जयपुर राजस्थान मध्य प्रदेश डबरा ग्वालियर भोपाल विदिशा उज्जैन रतलाम भोपाल सहित 60 कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया.

भोपाल शाखा अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव देव सचिव ओ पी श्रीवास्तव कार्यक्रम संयोजक श्याम श्रीवास्तव सनम डबरा एवं सहसंयोजक मनीष बादल के संयोजन में आयोजित हुआ. इस अवसर पर महेश श्रीवास्तव राजेश चंचल, दिनेश प्रभात, राजेश श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, अरविंद श्रीवास्तव, मुरलीमनोहर श्रीवास्तव, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मुकेश कबीर, अभय प्रधान, प्रेक्षा सक्सेना अभिलाषा श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव, संगीत सरल, आलोक श्रीवास्तव के साथ 60 कायस्थ कवि उपस्थित रहे.

# स्वदेशी रंग भोपाल नाम से दो दिवसीय प्रदर्शनी

**भोपाल.** शहर में स्वदेशी रंग भोपाल नाम से दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्‌देश्य महिलाओं को व्यापार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है. इस कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को अपने कार्य, कौशल और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें बेहतर बाजार, निवेश और नए व्यवसायिक अवसर मिल सकेंगे. स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार से न सिर्फ छोटे व्यापारों को मजबूती मिलेगी बल्कि ग्राहकों को भी देसी गुणवत्ता और विविधता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा.

# भरेवा विरासत को मिली राष्ट्रीय पहचान

## राष्ट्रपति ने मप्र के भरेवा शिल्पकार वाघमारे को किया सम्मानित



**भोपाल, 09 दिसम्बर. मध्यप्रदेश की पारंपरिक जनजातीय भरेवा शिल्प कला की विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया. उल्लेखनीय है कि हाल में भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग भी मिला है. केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे.

> **क्या है भरेवा**
> स्थानीय बोली में भरेवा का मतलब है भरने वाले. भरेवा कलाकार गोंड जनजाति की एक उप-जाति से संबंधित हैं, जो पूरे भारत में, खासकर मध्य भारत में फैली हुई है. धातु ढलाई का कौशल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता रहता है. भरेवा धातु शिल्प की परंपरा गोंड आदिवासी समुदाय के रीति-रिवाजों और परंपराओं के समानांतर चलती है.



# खेल-खिलौने पाकर खुशी से झूम उठे पीड़ित बच्चे

- विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम
- बच्चों और उनके माता पिता के लिए किया आयोजन

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 9 दिसंबर . गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के मेडिसिन विभाग स्थित ए आर टी प्लस केंद्र में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के तहत सोमवार को पी एल एच आई वी बच्चों और उनके माता पिता के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ कविता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने बच्चों के उत्साह और कार्यक्रम की उपयोगिता की सराहना की.

बच्चों के लिए नृत्य चित्रकला फैंसी ड्रेस और एच आई वी एड्स से संबंधित परामर्श गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बच्चों को खिलौने राशन स्वल्पाहार और कम्बल भी वितरित किए गए जिनकी व्यवस्था विभिन्न एनजीओ और दानदाताओं द्वारा की गई. आयोजन का उद्देश्य बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना रहा.

> इस अवसर पर मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष और ए आर टी केंद्र की नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ सिम्मी दुबे उपस्थित रहीं. उनके साथ असिस्टेंट नोडल अधिकारी डॉ हिमांशु शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत वर्मा चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप वर्मा ए आर टी और सी एस सी केंद्र का समस्त स्टाफ और विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया.

# खेल प्रतियोगिता ने दिव्यांगजन के आत्मविश्वास को बढ़ाया : सूर्यवंशी

**भोपाल.** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि दिव्यांगजन के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ना सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देता है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संकेत के साथ ही दिव्यांगजन के आत्मविश्वास को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाता है. सूर्यवंशी ने यह विचार उमंग इंटरनेशनल ट्रॉफी 2025 के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए व्यक्त किए. सूर्यवंशी ने इस अवसर पर दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया. उमंग इंटरनेशनल ट्राफी 2025 के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिव्यांग खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया.

**नाटक** | हाय मार डाला रे में प्रेम और परिवार के रिश्तों की सजीव प्रस्तुति

# कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने भावुकता के साथ समझा

**नवभारत प्रतिनिधि,**
**भोपाल, 9 दिसंबर. मैं गूंगी होने को तैयार हूं मुझे पंख लगा दो, यह लाइन है मंगलवार शाम प्रस्तुत नाटक 'हाय मार डाला रे' की। रवींद्र भवन में मंगलवार शाम द बेक बेंचर्स मुंबई द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक में कलाकारों का अभिनय दर्शकों को भावनाओं और हास्य के ऐसे सफर पर ले गया। जिसे सभी ने हंसते मुस्कुराते और भावुकता के साथ समझा।**



कहानी की शुरुआत बाबा पंजर की दुकान से होती है जहां साइकिल पंचर बनवाते हुए नायक और नायिका की मुलाकात होती है। ऑरेंज गोली खाने और हल्की बातचीत से शुरू हुआ संवाद धीरे धीरे प्रेम में बदलता है। साइकिल संग चलने वाले छोटे छोटे दृश्यों ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। वहीं नाटक के दूसरे हिस्से में लेखक ने प्रेमी और प्रेमिका दोनों परिवारों के दृश्य को वास्तविकता से जोड़ने का प्रयास किया है। नाटक में प्रेम और पारिवारिक दबाव के बीच होने वाला संघर्ष बड़ी खूबसूरती से उभरते हुए दिखा। एक ओर मंच पर कलाकारों के सहज अभिनय ने पात्रों को जीवंत कर दिया। तो वहीं दूसरी ओर कलाकारों की चुटकुली बातों ने दर्शकों को खूब हंसाया।

> **दर्शकों ने प्रस्तुति को खूब सराहा**
> नाटक ने वर्तमान परिदृश्यों के कुछ विषयों को उकेरते हुए ये दिखाया कि हर प्रेम कहानी का अंत परियों वाली किताबों जैसा नहीं होता। कई बार सरल मुलाकातें कठिन मोड़ों तक पहुंच जाती हैं। जिसमें प्रेमी युगल के खिलाफ जाने वाले परिवारों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ सकता है। नाटक के अंतिम दृश्यों ने दर्शकों को भावुक किया। साथ ही प्रेमी युगल की एक भयावह सोच को भी दिखाया। नाटक के अंत में दर्शकों ने प्रस्तुति को खूब सराहा और कलाकारों के ऊर्जा की प्रशंसा की।



# टीबी मरीजों को गंदी चादर पर लिटाया

**लापरवाही**
- वार्ड में सफाई व्यवस्था चौपट, स्टाफ और प्रशासन मौन
- टीबी अस्पताल में अव्यवस्थाएं चरम पर



पहले बिछी गंदी चादर...



बाद में दी गंदी और फटी चादर...

**साक्षी केसरवानी**

**भोपाल, 9 दिसंबर. जिन टीबी यानी तपेदिक रोग के मरीजों के बेड की चादर रोज बदली जानी चाहिए, उन मरीजों की चादर चार दिन में भी नहीं बदली नहीं जा रही. मरीजों के साथ हो रही इस लापरवाही पर जय प्रकाश जिला अस्पताल के अधीक्षक संजय जैन भी मौन हैं.**

मंगलवार को दोपहर में 12.48 बजे पर जब नवभारत रिपोर्टर एक टीबी मरीज की मदद करते हुए उसे महिला मेडिकल वार्ड में भर्ती के लिए लेकर पहुंची। तो मरीज को इस्तेमाल की हुई चादर पर ही लेटने को बोल दिया गया। जब रिपोर्टर ने साफ चादर की मांग की तो स्टाफ ने चादर देने से मना कर दिया। इसके बावजूद जोर देकर कहने पर स्टाफ की तरफ से एक चादर लाकर दी, वो भी फटी और गंदी थी. ऐसे में मरीज को मजबूरी में उस चादर को ही बिछाकर लेटना पड़ा. इतना ही नहीं जब रिपोर्टर ने अन्य मरीजों से बात की तो उन्होंने बताया, पिछले चार दिन से भर्ती हैं, लेकिन चादर बदलने कोई नहीं आया.



जब से भर्ती हूं. कोई चादर को बदलने के लिए नहीं आया. कुछ बोलो तो जवाब नहीं देते और सुबह की इंचार्ज तो सही से बात ही नहीं करती।

**– मनीषा अहिरवार, मरीज**



जब एडमिट हुई थी तो गंदा चादर बिछा था. मैंने चादर मांगा तो मना कर दिया, कंबल मांगा तो बोला घर से ले आओ यहां ये सब नहीं मिलता। कई बार बोलने पर एक पतला सा कंबल दिया, वो भी गंदा है.

**–कृष्णा, मरीज**



स्टाफ का रवैया अच्छा नहीं है. मॉर्निंग शिफ्ट की इंचार्ज सही से बात नहीं करती। चार दिन पहले भी जो चादर मिली थी, वो इस्तेमाल की हुई और गंदी थी. उसे भी नहीं बदला गया. उसी में हम लेटे हुए हैं

**–दीक्षा सोनी, मरीज**

### अधीक्षक ने नहीं दिया जवाब

मामले को लेकर जब रिपोर्टर अधीक्षक संजय जैन के पास पहुंची तो उन्होंने इस विषय पर कोई जवाब नहीं दिया बल्कि दिखावटी कार्रवाई के लिए टीम के कुछ लोगों को वार्ड में भेजा और कहा गया 10 मिनिट में चादर बदली जाएगी. इसके बाद भी शाम 4 बजकर 10 मिनट तक वार्ड में एक भी चादर नहीं बदली गई.





# इस्लाम नगर के सांकेतिक बोर्ड के खिलाफ नाराजगी और प्रदर्शन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 09 दिसंबर. श्री हिंदू उत्सव समिति ने मंगलवार को जगदीशपुर का नाम बदलने की कोशिश किए जाने की घटना का विरोध किया. समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी की अगुवाई में लोगों ने एकजुट होकर क्षेत्र में कई जगह लगे इस्लाम नगर के सांकेतक बोर्ड को हटाया.**

इस मौके पर होर्डिंग और बोर्डों पर दोबारा से जगदीशपुर पर्यटन स्थल का फ्लैक्स लगाया. तिवारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मांग की है कि सभी बोर्डों को मूल नाम जगदीशपुर' में तत्काल बहाल किया जाए. क्षतिग्रस्त किलोमीटर बोर्ड की मरम्मत की जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए. उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही कार्यवाई की जायेगी.

श्री हिंदुत्व समिति के प्रवक्ता बालिस्ता रावत ने बताया कि लांबाखेड़ा-जगदीशपुर मार्ग में लगे कई संकेतक बोर्डों पर जगदीशपुर की जगह इस्लाम नगर लिखे जाने और मस्जिद के पास लगे किलोमीटर बोर्ड के क्षतिग्रस्त पाए जाने की घटना ने स्थानीय नागरिकों में आक्रोश पैदा कर दिया. उन्होंने बताया कि इसके चलते समिति के अध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर इस कृत्य के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.

घटना स्थल पर देवलखेड़ी सरपंच अजय सैनी, राजेश शर्मा सहित सैकड़ों हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के ऐतिहासिक और मूल नाम से छेड़छाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है, यह केवल नाम बदलने का मुद्दा नहीं, बल्कि जनभावनाओं से खिलवाड़ है.

# भोपाल में मेट्रो के शुभारंभ की तैयारियां तेज

## सजावट का काम भी जारी



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 09 दिसंबर. शहर में लोगों को मेट्रो की सौगात 21 दिसंबर से मिलने जा रही है. मेट्रो प्रबंधन ने शुभारंभ की तारीख का ऐलान होने के बाद से तैयारियां और तेज कर दी हैं.**

भोपाल में सुभाष फाटक से एमपी नगर होते हुए एम्स स्टेशन तक मेट्रो दौड़ेगी. सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है कि सुभाष फाटक या रानी कमलापति स्टेशन से मेट्रो संचालन का शुभारंभ हो सकता है. इन्हीं दोनों स्टेशनों के आसपास अतिथियों और अन्य नागरिकों के आगमन के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. शुभारंभ के समय चलाई जाने वाली संबंधित मेट्रो ट्रेनों के सजावट का काम भी किया जा रहा है. भोपाल में जिन मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो चलेगी, वहां यात्री सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है. इसके साथ ही अन्य मेट्रो स्टेशनों के निर्माण का काम लगातार जारी रहेगा, जिसे एक निश्चित समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

इसके साथ टिकट काउंटर पर किसी तरह की असुविधा न हो इसका भी विशेष ध्यान दिया गया है. बता दें कि भोपाल में मेट्रो के चलने के दिन और तारीख का ऐलान खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया है. भोपाल मेट्रो के शुभारंभ के मौके पर पीएम मोदी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हो सकते हैं. कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के भोपाल आने की भी संभावना है.

### 21 दिसंबर से मिलने जा रही है मेट्रो

मेट्रो प्रबंधन से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि शुरुआती समय में सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक मेट्रो के संचालन की तैयारी बनाई है. 12 घंटे तक मेट्रो के संचालन की सुविधा मिलने से भोपालवासियों के लिए आवागमन सुगम हो सकेगा. हर 30 मिनिट के अंतराल से मेट्रो लोगों के मिल सकेगी. यात्री सुविधा को लेकर तैयार हुए स्टेशनों पर लिफ्ट, एक्सीलेटर, प्रवेश, निकासी द्वार के कार्यों को लगभग पूरा भी कर लिया गया है.

# बाबर के नाम का फ्लैक्स लगने का किया विरोध


- हिंदू संगठनों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 09 दिसंबर. टीटी नगर थाना क्षेत्र में एक सुलभ शौचालय के नामकरण को लेकर हिन्दू संगठनों ने मंगलवार को जमकर विरोध किया. आरोप है कि शौचालय की इमारत पर बाबर नाम का फ्लेक्स लगाया गया था.**

इसकी जानकारी श्री हिन्दू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच को मिली और मौके पर पहुंचकर लोगों ने इसका विरोध किया.

हिन्दू संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी अपने कार्यकर्ताओं के साथ सैकेंड स्टॉप स्थित सुलभ शौचालय के पास पहुंचे. यहां बाबर के नामकरण को





लेकर कार्यकर्ताओं ने बाबर समर्थकों पर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग पुलिस से करते हुए प्रदर्शन किया. इस मौके पर लगाए गए फ्लैक्स को पुलिस ने छीन लिया.

चंद्रशेखर तिवारी ने इस मौके पर कहा कि हिन्दुओं के 500 वर्षों के संघर्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में बाबर नाम का कलंक खत्म किया.

# शादी के नाम पर मैरिज ब्यूरो ने की ठगी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 09 दिसंबर. छोला मंदिर थाना इलाके में एक मैरिज ब्यूरो संचालक ने शादी कराने के नाम पर युवक के साथ ठगी कर दी.**

पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है. मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. पीड़ित युवक मूलतः उप्र झांसी जिले का रहने वाला है. कई महीने पहले उसने मैरिज ब्यूरो का प्रचार देखा था. प्रचार के पेम्पलेट में दिए गए मोबाइल नंबर पर उसने संपर्क कर जानकारी ली.



नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# खजुराहो बैठक से निकले संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की खजुराहो में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि विकसित मध्य प्रदेश- 2047 की ठोस नींव रखने का प्रयास है. जिस तरह प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक ढांचा और रोजगार सृजन को लेकर उन्होंने बड़े फैसलों की घोषणा की है, वह बताता है कि सरकार अगले दशक को विकास का 'निर्णायक काल' मानकर आगे बढ़ रही है. सबसे महत्वपूर्ण निर्णय 21 विधानसभा क्षेत्रों में नए औद्योगिक एरिया विकसित करने का है. यह कदम अपने आप में साहसिक है, क्योंकि अब विकास केवल इंदौर-भोपाल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पिछड़े क्षेत्रों तक औद्योगिक विस्तार पहुंचेगा. 6,000 नए एमएसएमई प्लॉट उपलब्ध कराना और अगले तीन वर्षों में 20 लाख रोजगार देने का लक्ष्य बताता है कि सरकार केवल घोषणा नहीं कर रही, बल्कि स्पष्ट समयबद्ध कार्ययोजना के साथ मैदान में उतर रही है.

पिछले दो वर्षों में 2.85 लाख रोजगार का सृजन इस दिशा में आधार बन चुका है. स्टार्टअप इकोसिस्टम को 6,340 से बढ़ाकर 12,000 तक ले जाने का लक्ष्य उस डिजिटल और नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण का संकेत है, जिसकी ओर देश तेजी से बढ़ रहा है. युवा ऊर्जा का उपयोग किए बिना कोई भी राज्य आर्थिक छलांग नहीं लगा सकता, और इस मोर्चे पर सरकार की नीति कहीं अधिक स्पष्ट दिखाई दे रही है. औद्योगिक, लॉजिस्टिक्स और निर्यात- इन तीन नई नीतियों का लागू होना वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी जैसा कदम है.

पिछले दो वर्षों में 2.48 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के लिए भूमि आवंटन पूरा होना और 26 नए औद्योगिक पार्कों का स्वीकृत होना यह दर्शाता है कि प्रशासनिक मशीनरी भी गति में है. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है. अर्थव्यवस्था का आकार 15 लाख करोड़ से बढ़ाकर 25.3 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य निस्संदेह बड़ा है, परंतु असंभव नहीं. इसकी राह निर्यात को 1 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने से होकर गुजरती है. 2024-25 में राज्य का निर्यात 66,218 करोड़ रुपए रहा था, अर्थात वृद्धि की संभावनाएं वास्तविक हैं, बशर्ते छोटे उद्योग, एग्री-बेस्ड यूनिट और फार्मा-कपड़ा जैसे सेक्टरों को स्थायी प्रोत्साहन मिले. महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम की अनुमति देना एक प्रगतिशील निर्णय है. यह न केवल उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाएगा बल्कि उद्योगों में लैंगिक संतुलन भी मजबूत करेगा.

'उद्योग वर्ष-2025' की घोषणा भी बताती है कि आने वाला वर्ष मध्य प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करेगा. अन्य निर्णयों में 21 दिसंबर से भोपाल मेट्रो शुरू होने का निर्धारण राजधानी की शहरी गतिशीलता को नया आयाम देगा. यह परियोजना लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसके संचालन से शहरी अर्थव्यवस्था में नई तेजी आएगी. सबसे अहम बात, मुख्यमंत्री का बुंदेलखंड पर विशेष ज़ोर. यह क्षेत्र लंबे समय से विकास की पंक्ति में पीछे रहा है. यदि उद्योग, सिंचाई, सड़कें और रोजगार यहां तक पहुंचते हैं, तो यह केवल बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर बदल देगा.

सरकार की मंशा स्पष्ट है,औद्योगिक विस्तार, निवेश आकर्षण और रोजगार वृद्धि को अगले तीन वर्षों में ठोस रूप देना. लेकिन याद रखना होगा कि हर घोषणा की असली कसौटी उसके क्रियान्वयन में होती है. प्रशासनिक समन्वय, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और जमीन आवंटन-परमिशन की पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर सख्त निगरानी जरूरी होगी. यदि सरकार अपनी वर्तमान गति बनाए रखती है, तो मध्य प्रदेश न केवल मध्य भारत का औद्योगिक हब बनेगा, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार देगा. यह समय प्रदेश के लिए निर्णायक अवसर है, जिसे खोया नहीं जा सकता.

# एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक वंदेमातरम्



आचार्य मनोज दीक्षित
कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर राजस्थान

वंदे मातरम भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का सार है, जो मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को दर्शाता है, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा और यह स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली मंत्र बन गया, जो हर भारतीय के ह्रदय में देशभक्ति का रस भरता है. यह गीत भारत की भूमि, उसकी सुंदरता (सुजलां सुफलां) और शक्ति का वर्णन करता है, जिसे राष्ट्रीय गान जन गण मन के समान सम्मान प्राप्त है और यह भारत की आत्मा का प्रतीक है.

भारतीय संस्कृति में वंदे मातरम का महत्व- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद-यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली उद्घोषणा है, जिसने भारत को एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया. प्रेरणा स्त्रोत-इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी विकसित भारत के संकल्प में प्रेरणा देता है. यह मातृभूमि को शक्ति, दिव्यता और समृद्धि का प्रतीक मानता है, जिसमें चंदन सी शीतलता और सुस्वादु फल हैं. यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय में गर्व और समर्पण का भाव जगाता है.

इस गीत ने प्रतिरोध की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. इन दो शब्दों के उच्चारण मात्र से ही असंख्य भारतीयों के ह्रदय में हलचल मच गई, जिससे लाखों लोग राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और हजारों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए प्रेरित हुए. यद्यपि जन गण मन राष्ट्रगान है, फिर भी वंदे मातरम ने लोगों के ह्रदय में अधिक गहराई से जगह बनाई.




वंदे मातरम केवल मातृभूमि के प्रति अभिवादन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति त्याग, साहस और सर्वोच्च प्रेम की भावना का भी प्रतीक है. इसके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिया.

यह समझना होगा कि वंदे मातरम किसी विशेष धर्म का प्रतीक नहीं है; यह राष्ट्रवाद और उस मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है जो हम सभी का पोषण करती है. वंदे मातरम की महिमा एकता के उसके शाश्वत आह्वान में निहित है. यह हमें याद दिलाता है कि हमारी पहली पहचान एक भारतीय की है, क्षेत्र, जाति या पंथ से ऊपर. अलगाववादियों ने इसे बंगाल का गीत बताया जबकि बंकिमचंद्र ने खुद स्पष्ट किया था कि माता बंगाल नहीं, भारत है.

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में आनन्दमठ का दूसरा संस्करण प्रकाशित करते समय प्रस्तावना में लिखा- यह समस्त भारतवर्ष की माता के लिए लिखा गया है. (स्रोत- आनन्दमठ, 1882 संस्करण, पृष्ठ 4-5) गीत में एक भी शब्द बंगाल विशिष्ट नहीं है बंकिम ने सप्तकोटि काव्य अलंकार के लिए लिखा, जैसे वेदों में सहस्त्रशीर्ष लिखा जाता है, न कि सटीक गिनती के लिए). अरविंद ने 1907 में लिखा था- बंकिम ने बंगाल को भारत का प्रतीक बनाया है.

जिस तरह गीता में कृष्ण अर्जुन के माध्यम से समस्त मानवता को उपदेश देते हैं, उसी तरह बंकिम ने बंगाल के माध्यम से समस्त भारत को जागृत किया. (बंदे मातरम् अखबार, 11 अप्रैल 1907) रवीन्द्रनाथ ने 1917 में पुस्तक में लिखा-बंकिम की माता बंगाल की नहीं, सम्पूर्ण भारत की माता है. वह हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैली हुई है. नेताजी ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार बनाई और पूरे छह छंद वाले मूल वन्दे मातरम् को ही राष्ट्रगान घोषित किया. वहाँ बंगाली, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयाली सब सैनिक एक साथ पूरे गीत को गाते थे.

वंदे मातरम गीत में किसी धर्म विशेष की गंध आने का कोई कारण नहीं है. सुजला, सुफला और शश्या शमाला इस भूमि का कौन सा लाडला सम्मान नहीं करेगा? कौन ऐसी मातृभूमि को नमन नहीं करेगा जो समृद्ध, गुणवान और धन-धान्य से परिपूर्ण है. इस गीत के निहित अर्थ पर विचार करने पर ह्रदय इस भारत नामक भूमि के प्रति गौरव से भर जाता है.

## दिल्ली डायरी

# क्या वेंटिलेटर पर है इंडिया गठबंधन?



प्रवेश कुमार मिश्र

लगातार पराजयों का सामना कर रहा इंडिया गठबंधन क्या सच में वेंटिलेटर पर चला गया है? पिछले दिनों काश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा दिया गया बयान इन दिनों दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है.

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के शिवसेना नेताओं के बयान के बाद बिहार में राजद व कांग्रेस के बीच अनबन, झारखंड में सत्ताधारी जेएमएम के साथ कांग्रेसी मनमुटाव और उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी का अकेला बढ़ने के एलान के बाद उमर अब्दुल्ला का बयान इंडिया गठबंधन के भीतर चल रहे उठा-पटक को समझने के लिए काफी है.

चर्चा है कि कांग्रेसी रणनीतिकार खुद इंडिया गठबंधन को एकजुट रखने के पक्ष में नहीं हैं. कांग्रेस भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के बजाय अपने सहुलियत के हिसाब से राज्यस्तरीय गठबंधन कर राजग के खिलाफ मोर्चा बंदी करने की तैयारी में है. इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की औपचारिक बैठक नहीं हुई है.

### नेता प्रतिपक्ष को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा के उनकी अनदेखी किए जाने को आधार बनाकर सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा था कि सरकार न तो देश के अंदर और न देश के बाहर विदेशी नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष से औपचारिक बैठक करने देना चाह रही है. हालांकि उनके आरोप पर सरकार की ओर से कोई सीधी टिप्पणी नहीं की गई है लेकिन इस सवाल के बाद राजनीतिक गलियारों में बहुस्तरीय चर्चा आरंभ हो गई है. क्योंकि पहले की सरकारों द्वारा नेता प्रतिपक्ष को हमेशा महत्व दिया जाता रहा है. हालांकि कांग्रेस नेता शशि थरूर की राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में आयोजित भोज में शामिल होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है.

### पश्चिम बंगाल की राजनीतिक गर्मी दिल्ली पहुंची

पश्चिम बंगाल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. जहां एक तरफ पांच लाख लोगों के साथ गीता पाठ का आयोजन हुआ है वहीं सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के एक निष्कासित विधायक द्वारा पश्चिम बंगाल में करोड़ों के खर्च से नई बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा की गई है. हालांकि पश्चिम बंगाल की राजनीतिक चर्चा सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी आंच दिल्ली के संसदीय गलियारों में भी महसूस की जा रही है.

भाजपाई व टीएमसी सांसद एक-दूसरे पर धार्मिक भावनाओं को भड़काकर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाकर अपने अपने पक्ष को बेहतर बताने के प्रयास में हैं. संसद के गलियारों में भी दोनों दलों के सांसद एक दूसरे पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी करते दिख रहे हैं.

### उप्र भाजपा अध्यक्ष के नाम पर दिल्ली में चर्चा

भाजपा नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए नामित किए जाने वाले नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर बहुस्तरीय चर्चा हो रही है. संगठन महामंत्री बीएल संतोष द्वारा लगातार दो बार लखनऊ जाकर उक्त नियुक्ति के संदर्भ में कथित तौर पर चर्चा किया जाना और इसी सिलसिले में दिल्ली में मौजूद वरिष्ठ नेताओं के साथ विमर्श पर सबकी नजरें टिकी हुई है.

चर्चा है कि क्षेत्रीय व जातीय समीकरण को आधार बनाकर तैयार किए गए चार नामों के पैनल पर मंथन किया जा रहा है. संभवत: 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए ही भाजपाई रणनीतिकारों के निर्णय पर सबकी नजरें लगी हुई हैं.

### क्या नीतीश कुमार के बेटे की होने वाली है राजनीति में इंट्री

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चा हो रही है. कहा जा रहा है कि निशांत को जल्द ही जदयू के संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है. हालांकि जदयू के वरिष्ठ नेताओं के दावों के बीच चर्चा यह भी है कि क्या परिवारवाद के विरोधी रहे नीतीश कुमार अपने सामने बेटे को राजनीति में आने देने के लिए हामी भरेंगे? दिल्ली में मौजूद जदयू के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग को लंबे समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता है इसलिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नीतीश कुमार के सामने पार्टी की भावना को रखकर सहमति लेने का प्रयास किया जाएगा.

# किसान बिजली कंपनी से कृषि को न्याय

देश में पहली बार महाराष्ट्र सरकार ने अपनी रचनात्मक सोच के तहत खेती-किसानी की जरूरतों के लिए विशेष रूप से किसान बिजली कंपनी बनाने की घोषणा की है. 16,000 मेगावाट की सौर ऊर्जा आधारित इस योजना के लिए एशियाई इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक ने 1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है. यह योजना दिसंबर 2026 तक पूरी हो जाएगी. इस योजना की मुख्य बात यह है कि इसमें किसी उद्योग को या घरों को बिजली नहीं दी जाएगी. सिर्फ खेती के लिए किसानों को बिजली उपलब्ध होगी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि किसान आत्महत्या की मार झेल रहे मराठवाडा, विदर्भ व पश्चिम महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त क्षेत्रों को यह योजना नवजीवन प्रदान करेगी. सौर ऊर्जा पर आधारित रहने से यह पर्यावरण के अनुकूल रहेगी. कार्बन उत्सर्जन, धुआं, शोर नहीं होगा. डीजल पंपों से छुटकारा मिलेगा. दिन में 8 से 10 घंटे बिजली मिलेगी तथा किसानों का बिजली बिल शून्य के करीब पहुंचेगा. यदि महाराष्ट्र में ग्रीन बिजली का यह प्रयोग सफल रहा तो देश के अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेंगे. यहां उल्लेखनीय है कि विदर्भ में अधिकतर खेती वर्षा पर निर्भर है. सिंचाई की व्यवस्था काफी कम है. गोसीखुर्द परियोजना को आकार लेने में कई दशक लग गए. बिजली कंपनी बनने पर भी सिंचाई के लिए भूजल स्तर सही होना चाहिए. ऐसे प्रयास होने चाहिए जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हो. वर्षा जल को रोकने और जमीन में समाने की 'पाणी अडवा, पाणी जिरवा' योजना को भी गति देनी होगी. किसानों के साथ यह भी दिक्कत रही कि कई बार बिजली की रात में सप्लाई होने से रात में जागकर सिंचाई करनी पड़ती थी, लेकिन सौर ऊर्जा वाली योजना शुरू हो जाने से दिन में सिंचाई करना आसान हो जाएगा. सरकार को किसानों की सचमुच चिंता है तो उन्हें कृषि सीजन शुरू होने से पहले सुधरे हुए बीज, खाद तथा कुछ नकद रकम दे ताकि वे कृषि कार्य शुरू कर सकें. उनकी फसलों का उचित मूल्य समय पर दिए जाने की व्यवस्था करनी होगी. अब भी सूदखोर महाजन अपना जाल फैलाए हुए हैं जिनके चंगुल से किसानों को छुटकारा दिलाना होगा.



संपादकीय बोर्ड | प्रबंध संपादक : सुमीत माहेश्वरी, समूह संपादक : क्रांति चतुर्वेदी

## निशानेबाज

# गिरते रुपये से नींद में नहीं फर्क आर्थिक सलाहकार का तर्क

पड़ोसी ने हमसे कहा, 'निशानेबाज, केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बेपरवाही जताते हुए कहा कि गिरते रुपये से मेरी नींद में खलल नहीं पड़ता. इस बारे में आपकी क्या राय है?'

हमने कहा, 'कुछ लोग बहुत निश्चिंत या बेफिक्र होते हैं. कहते हैं कि रोम जलता रहा लेकिन वहां का सम्राट नीरो बांसुरी बजाता रहा. आपने मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' पढ़ी होगी या इसी पर बनी सत्यजीत राय की फिल्म देखी होगी जिसमें दिखाया गया है कि अंग्रेजों की फौज आ पहुंची लेकिन 2 नवाब (संजीवकुमार और सईद जाफरी) शतरंज की बिसात से उठे ही नहीं. इसे कहते हैं बेफिक्री का आलम.'

पड़ोसी ने कहा, 'निशानेबाज, रुपया गर्म पानी में पड़े स्वेटर के समान सिकुड़ गया लेकिन चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर कहते हैं कि इससे मेरी नींद पर कोई असर नहीं पड़ता. आज के नौजवानों की भाषा में इसे कह सकते हैं. आई एम कूल! मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता.'




हमने कहा, 'नेताओं और शान से रहने वाले बड़े अधिकारियों का रवैया ऐसा ही रहता है. किसान आत्महत्या करते रहें, बेरोजगारों की कतार रुपया लगती रहे, भ्रष्टाचार शिखर पर जाता रहे, चुनाव में धांधली या वोट चोरी के आरोप लगते रहें, उनकी नींद में कोई व्यवधान नहीं आता. कुंभकर्ण तो 6 महीने सोया रहता था. उसे जगाने के लिए रावण को बहुत कोशिश करनी पड़ी. कुंभकर्ण के कानों के पास नगाड़े बजवाए गए. उसके विशाल शरीर पर हाथी दौड़ाए गए तब कहीं उसकी नींद खुली.'

पड़ोसी ने कहा, 'देश के किसान-मजदूर कड़ी मेहनत के बाद थकान से चूर होकर गहरी नींद में सो जाते हैं. दूसरी ओर बड़े-बड़े उद्योगपति अपने बिजनेस की चिंता में सो नहीं पाते और करवटें बदलते रहते हैं. डॉक्टरों की राय है कि जिस व्यक्ति को कम से कम 7 घंटे अच्छी तरह नींद आती है उसका स्वास्थ्य अच्छा रहता है. रुपया लुढ़के या गिरे, सरकार मान लेती है कि वह कहीं न कहीं अपनी पोजिशन बना लेगा. ट्रंप के टैरिफ की वजह से रुपये का यह हाल है. जहां तक नींद का सवाल है, कहते हैं कि किस-किस की फिक्र कीजिए, किस-किस को रोइए, आराम बड़ी चीज है, मुंह ढक के सोइए!'

## शब्द-सागर : डॉ. सागर खादीवाला

### CROSS WORD 12106 - डॉ. सागर खादीवाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 11 | | | ■ | 12 | 13 |
| ■ | 14 | ■ | | ■ | 15 | ■ | |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | |

**बाएं से दाएं**

1. भूल आदि सुधारना, प्रस्ताव आदि में कुछ सुधार करने या घटाव-बढ़ाव करने का सुझाव 4. प्रवाहित होना, वहन करना 7. पिघलाना, क्षीण करना, खर्च करना 8. आम का बाग 9. मृत्यु 11. चेहरा, स्वरूप, बनावट (उर्दू) 12. अंधकार, अंधेरा (सं.) 16. मित्र, दोस्त, यार (उर्दू) 18. वह विद्या जिसमें प्राचीनकाल विशेषत: पूर्व इतिहास काल की वस्तुओं की खोज की जाती है 20. एक प्रकार का मृग, बाज, मयूर 21. डरपोक 22. नस (उर्दू) 23. बुखार 24. जो महंगा न हो

**ऊपर से नीचे**

1. पाषाण ह्रदय, कठोर ह्रदय (उर्दू) 2. आग की लपट, ज्वाला 3. वह परची जिसके द्वारा बैंक से रुपया मिलता है, चेक (सं.) 4. विस्फोटक पदार्थ का बना हुआ गोला 5. हलका ज्वर, गर्मी (उर्दू) 6. हज्जाम 8. गहरा, जिसका कोई तल न हो 10. गाड़ी रथ आदि चलाना, जानवरों को चलाने या हटाने के लिए आगे बढ़ाना 13. अपनापन, ममता 14. अच्छे रंग का, अच्छे रंग वाला (उर्दू) 15. यात्रियों के ठहरने का स्थान (उर्दू) 16. चिन्ह, लक्षण (उर्दू) 17. सांप 18. किसी का नाम लेकर बुलाने की क्रिया या भाव 19. दया, रहम

**Solution 12105**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | न | ■ | बा | धा | ■ | क |
| मा | या | व | ती | ■ | म | दी | ना |
| न | ■ | नी | र | ज | ■ | वा | त |
| ■ | शी | त | ■ | च | य | न | ■ |
| ता | श | ■ | पा | की | ज | गी | ■ |
| रा | म | ली | ला | ■ | मा | ■ | वि |
| प | ह | ला | ■ | अ | न | मे | ल |
| थ | ल | ■ | व्य | ग्र | ■ | धा | य |

## ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायणशंकर व्यास, कोतवाली बाजार, जबलपुर (म.प्र.)

### आज जिनका जन्मदिन है


वर्ष के प्रारंभ में विशेष परिश्रम करना होगा. वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग रहेगा. आर्थिक लाभ होगा. व्यर्थ वाद विवाद रहेगा. मित्र के कारण कार्यो में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा. वर्ष के मध्य में मतभेद रहेगा. पारिवारिक परेशानी में वृद्धि होगी. मान सम्मान के प्रतिसतर्क रहें. स्वजनों से मतभेद होगा. शारीरिक कष्ट और मानसिक चिन्ता रहेगी. वर्ष के अन्त में शासन सत्ता का लाभ होगा. व्यक्ति विशेष का सहयोग मिलेगा.

मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को पद का लाभ मिलेगा. सामाजिक कार्यो में सफलता मिलेगी. वृष और तुला राशि के व्यक्तियों को शत्रु वर्ग से कष्ट होगा, चिन्ता रहेगी. कर्क राशि के व्यक्तियों को स्थिति में सुधार होगा. शिक्षा में सफलता मिलेगी. सिंह राशि के व्यक्तियों को कार्यक्षेत्र में रूचि रहेगी. मकर और कुंभ राशि के व्यक्तियों को सहयोग रहेगा. धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को शारीरिक कष्ट होगा. मानसिक चिन्ता रहेगी.

### आज जन्मे शिशु का भविष्य

आज जन्म लिया बालक सुन्दर, सुशील, सुखी,व्यक्तित्ववान होगा. स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा, अपनी मनमर्जी का मालिक होगा, कामकाज में निपुण, खेलों के प्रति रूचि रहेगी. किसी कला में उन्नति करेगा, साहित्य के क्षेत्र में रूचि रहेगी.

### उदयकालीन ग्रह चाल




### पंचांग

रा.मि. 19 संवत् 2082 पौष कृष्ण षष्ठी बुधवासरे रात 7/10, आश्लेषा नक्षत्रे दिन 8/2, वैधृति योगे शाम 6/35, गर करणे सू.उ. 6/46, सू.अ. 5/14, चन्द्रचार कर्क दिन 8/2 से सिंह, शु.रा. 5, 7, 8, 11, 12, 3 अ.रा. 6, 9, 10, 1, 2, 4 शुभांक- 7, 9, 3.

### व्यापार भविष्य

पौष कृष्ण षष्ठी को आश्लेषा नक्षत्र के प्रभाव से अलसी, अरंडी, गुड़, खांड, बिनौला, मूॅगफली, घी, तेल, में तेजी होगी, रूई, कपास से बनी वस्तुओं, चंदन के भाव में तेजी होगी. भाग्यांक 7586 है.

**मेष**- भावनाओं पर काबू रखें,लोग मजाक उड़ायेंगे, जीवनसाथी के व्यवहार से दुख होगा, भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति होगी, खर्च की अधिकता रहेगी.

**वृषभ**- काम समय पर पूरा कर लें, मामूली बात से गलतफहमी होगी, लेखनादि के कार्यो में सफलता मिलेगी, धार्मिक कार्यो में खर्च करना पड़ सकता है.

**मिथुन**- पूर्व में की गई मेहनत रंग लायेगी, मन में हर्ष और उत्साह रहेगा, शत्रुओं पर विजय मिलेगी, भागदौड़ रहेगी, व्यर्थ की चिन्ता हो सकती है.

**कर्क**- मित्रों के साथ मनोरंजक यात्रा हो सकती है, स्वास्थ्य का ध्यान रखकर कार्य करें, पारिवारिक चिन्ता रहेगी, सोचे हुये कार्य बनेंगे.

**सिंह**- सकारात्मक सोच लाभकारी रहेगी, अपनों साथ उत्साह वृद्धि करायेगा, नया कार्य सामने आयेगा, अनावश्यक विवाद को टालें.

**कन्या**- आप अपनी गलती मानकर समस्या सुलझा लेंगे, सामाजिक कार्य बनेंगे, व्यापार व्यवसाय में लाभ होगा, प्रयासों में सफलता मिलेगी.

**तुला**- पारिवारिक कलह मन अशांत कर सकता है, सोच समझकर नया कार्य करें, राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, नौकरी में लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी.

**वृश्चिक**- रचनात्मक कार्यो में मौलिक सूझबूझ का लाभ मिलेगा, विकल्प लाभकारी होगा, शुभ कार्यो में खर्च होगा, नई दिशा में किया गया कार्य सफल होगा.

**धनु**- नए समझोते लाभकारी रहेगे, जीवनसाथी की भावनाओं का ख्याल रखें, विरोधियों का पराभव होगा, यात्रा सुखद एवं महत्वपूर्ण रहेगी.

**मकर**- आप जिसे घाटे का सौदा समझ रहे थे, उसमें अच्छा लाभ होगा, टकराव से बचने का प्रयास करें, यश मिलेगा. मान सम्मान प्राप्त होगा.

**कुम्भ**- मित्रों की कहासुनी से दुख होगा, काम बनाने परिश्रम अधिक करना पडेगा, कुटुम्बियों से सुख प्राप्त होगा, मनोरंजन पूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी.

प्रभावशाली लोगों से संबंध बढ़ेगे, किसी के सहयोग से निजी कार्य बनेंगे, कामकाज पूरा होगा, कोर्ट कचहरी आदि कार्यो में सफलता प्राप्त होगी.

### SUDOKU 7238

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है. आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 333 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें. ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते. ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

नवभारत सू-दोकू 7237

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# गोवा अग्निकांड : स्टाफ समेत 5 गिरफ्तार

- हादसे के बाद सौरभ-गौरव लूथरा फुकेट भागे
- गोवा पुलिस ने इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया

**नईदिल्ली, 9 दिसंबर. गोवा के अरपोरा स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब आग हादसे में 25 लोगों की मौत के बाद क्लब मालिक सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है.**

पुलिस जांच शुरू होते ही दोनों भाई 7 दिसंबर की सुबह 5.30 बजे इंडिगो फ्लाइट से फुकेट भाग निकले. लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद इमिग्रेशन रिकॉर्ड से यह जानकारी सामने आई. पुलिस ने अब दोनों के खिलाफ इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है, ताकि उनकी लोकेशन ट्रेस की जा सके. इसके साथ ही वागाटोर और अस्सागाओ में लूथरा ब्रदर्स की दो अन्य प्रॉपर्टी सील कर दी गई हैं, जो पहले भी विवादों में थीं. गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रोमियो लेन बीच शैक को अवैध बताते हुए इसे ध्वस्त करने का आदेश दिया है. उन्होंने साफ कहा कि कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी. हादसे में कई कथित गड़बड़ियां सामने आई हैं. जमीन के असली मालिक प्रदीप घाडी अमोनकर ने बताया कि क्लब नमक के खेतों पर बिना अनुमति के बनाया गया था और यह मामला लगभग 20 साल से कोर्ट में लंबित है. घटना वाली रात क्लब में आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर की किचन से फैली.



### क्लब पर बुलडोजर एक्शन की शुरू

पुलिस ने क्लब पर बुलडोजर कार्रवाई की. यह कार्यवाही उसी क्लब में जिसमें 6 दिसंबर की रात हुए भीषण अग्निकांड में 25 लोगों की मौत हो गई थी. घटना के बाद क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा देश से भागकर थाईलैंड पहुंच गए. दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है उनकी गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल ब्लू नोटिस की प्रक्रिया चल रही है. पुलिस ने दोनों पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. मामले में सुरक्षा नियमों की अनदेखी के आरोपों के चलते तीन सरकारी अधिकारियों को भी निलंबित किया है.

### संपत्तियां सील

गोवा के अरपोरा स्थित नाइटक्लब में 6 दिसंबर की रात लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी. हादसे के तुरंत बाद क्लब के दोनों मालिक–सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा–देश छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए. इमिग्रेशन रिकॉर्ड के अनुसार 7 दिसंबर की सुबह 5 .30 बजे इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 1073 से फुकेट रवाना हुए. गोवा पुलिस ने दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था, लेकिन उनके भागने की पुष्टि होने के बाद अब इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है.

# नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम कैसे

**नागरिकता पूर्व वोटर नामकरण पर अदालत सख्त**

**सोनिया गांधी को वोटर लिस्ट मामले में नोटिस जारी**

**नई 09 दिसंबर. दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित सेशंस कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को नोटिस जारी करते हुए 1980-81 के इलेक्टोरल रोल से जुड़े विवाद को फिर से सुर्खियों में ला दिया.**

रिवीजन पिटीशन में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम भारत की नागरिकता प्राप्त करने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल किया गया था, जो कानूनी तौर पर गंभीर अनियमितता का संकेत देता है. जज विशाल गोगने



की अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने तर्क दिया कि उपलब्ध रिकॉर्ड बताता है कि 1980 के वोटर रोल में नाम शामिल करने के लिए जालसाजी या गलत जानकारी का इस्तेमाल हुआ होगा. उन्होंने यह भी कहा कि सोनिया गांधी का नाम बाद में हटाया गया और फिर 1983 में उनकी एप्लीकेशन पर दोबारा जोड़ा गया यह दोनों ही प्रक्रियाएं कथित तौर पर नागरिकता मिलने से पहले की हैं, जिनकी न्यायिक जांच आवश्यक है.

### मां ने पूरी उम्र देशसेवा की : प्रियंका गांधी वाड्रा



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनकी मां सोनिया गांधी पर नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि उन्होंने पूरी उम्र देश की सेवा की है, लेकिन उन्हें इस अवस्था में बेवजह परेशान किया जा रहा है। प्रियंका वाड्रा ने यहां संसद भवन परिसर में मंगलवार को इस संबंध में संवाददाताओं के सवालों पर कहा कि प्रियंका गांधी ने नागरिकता हासिल करने के बाद ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया.

# इंडिगो एयरलाइंस घटना शर्मनाक : केजरीवाल

**नईदिल्ली, 9 दिसंबर. आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने इंडिगो एयरलाइंस संकट, गोवा क्लब अग्निकांड और गुजरात में बढ़ते ड्रग्स नेटवर्क पर केंद्र सरकार व भाजपा शासित राज्यों को खुलकर कटघरे में खड़ा कर दिया.**

उन्होंने कहा कि इंडिगो का हालिया घटनाक्रम भारत की वैश्विक छवि के लिए शर्मनाक उदाहरण है, जहां एक निजी कंपनी सरकार को घुटनों पर ले आई. केजरीवाल ने मुंद्रा पोर्ट को देश का सबसे बड़ा ड्रग्स गेटवे बताते हुए सवाल उठाया कि यहां से पकड़े गए ड्रग्स कंसाइनमेंट्स के दोषी आखिर गए कहाँ, और सबकुछ दब क्यों जाता है. अरविन्द केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा इंडिगो एयरलाइंस का पूरा घटनाक्रम बेहद शर्मनाक रहा. पूरी दुनिया भारत की तरफ़ देख रही थी कि हम अपनी एयरलाइंस तक संभाल नहीं पा रहे. एक निजी कंपनी ने भारत सरकार को घुटनों पर ला दिया. ये स्थिति बताती है कि देश में पारदर्शिता, जवाबदेही और मज़बूत नियमन की कितनी जरूरत है. मुंद्रा पोर्ट आज देश का सबसे बड़ा ड्रग्स गेटवे बन चुका है. यहाँ से ड्रग्स के कई बड़े-बड़े कंसाइनमेंट पकड़े गए लेकिन वो गए कहाँ? दोषी कौन था? कोई नहीं जानता. सब दबा दिया गया. गुजरात के लोग खुद कह रहे हैं.



केजरीवाली का आरोप है कि गली-गली ड्रग्स बिक रहा है, और सरकार आँखें बंद किए बैठी है. पंजाब में नशा बेचने वालों के घर बुलडोज़र चल रहे हैं. 25,000 से ज्यादा ड्रग्स बेचने वाले गिरफ्तार किए गए हैं. अगर पंजाब कर सकता है, तो गुजरात में क्यों नहीं? इच्छाशक्ति चाहिए और वो सिर्फ आम आदमी पार्टी के पास है. गोवा में 25 लोगों की मौत के दोषी क्लब मालिक को देश से भागने दिया जाता है, और दिल्ली में जनता के लिए स्कूल-अस्पताल बनाने पर हमें जेल में डाला जाता है. गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में 25 मौतों के बावजूद मालिकों को देश छोड़ने दिए जाने पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी.

# जकार्ता में सात मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 22 की मौत

**जकार्ता, 9 दिसंबर. हांगकांग के बाद अब इंडोनेशिया के जाकार्ता में एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई है. यहां के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में भीषण आग लग गई.**

इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई. तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई. इमारत से कम से कम 22 शव बरामद किए गए. इनमें सात पुरुष और 15 महिलाएं है. इनमें गर्भवती महिला भी शामिल है. शवों को पहचान के लिए पूर्वी जकार्ता के पुलिस अस्पताल ले जाया गया. जीवित बचे दिमित्री ने बताया कि संदेह है कि शॉर्ट सर्किट या ड्रोन की बैटरी में थर्मल फेलियर के कारण विस्फोट हुआ. और आग लग गई. अधिकारियों ने बताया कि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन इमारत के भीतर राहत और खोजबीन अभियान लगातार जारी है. सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. बता दें कि जिस सात मंजिला इमारत में आग लगी, वह टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है. यह कंपनी खनन, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी कई इंडस्ट्रीज के लिए एरियल सर्वे ड्रोन सर्विसेस उपलब्ध कराती है.

# पाकिस्तान के खैबर पख्तुनख्वा प्रांत में हमले में छह जवानों की मौत

**इस्लामाबाद, 09 दिसंबर.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए. रक्षा सूत्रों ने चीनी संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब आतंकवादियों ने कुर्रम जिले में सेना के जवानों पर गोलीबारी कर दी. सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग शुरू की, जो शाम 7:50 बजे तक जारी रही। लगातार हुयी गोलीबारी और अंधेरे के कारण देर रात तक मारे गए सैनिकों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका.

# अनंत अंबानी को ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड

**वॉशिंगटन डीसी, 09 दिसंबर. अनंत अंबानी को ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड फॉर एनिमल वेलफेयर से सम्मानित किया गया है. यह अवॉर्ड ग्लोबल ह्यूमेन द्वारा दिया गया, जो अमेरिकन ह्यूमेन सोसायटी का इंटरनेशनल ब्रांड है. इस सम्मान के साथ वह दुनिया के उन चुनिंदा लोगों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला है.**

अनंत यह सम्मान पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति और पहले एशियाई बने हैं. यह अवॉर्ड सेरेमनी वॉशिंगटन डीसी में हुई, जिसमें वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद



थे. यह अवॉर्ड अनंत अंबानी के वनतारा की स्थापना में किए गए नेतृत्व को पहचान देता है, जो दुनिया के सबसे व्यापक वन्यजीव बचाव और संरक्षण कार्यक्रमों में से एक है.

## एक नजर में



### इजरायल ने लेबनान पर किए हमले

**येरूसलम, 09 दिसंबर.** इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उसने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए दक्षिणी लेबनान में सिलसिलेवार हमले किए. इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह की रदवान सेना के एक प्रशिक्षण परिसर को निशाना बनाया गया. हिजबुल्लाह से संबंधित अतिरिक्त सैन्य ठिकानों और एक प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया गया. सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इमारतों के ऊपर बड़ी लपटें उठती हुई दिखाई दीं. लेबनान के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि इक़लीम अल-तुफ़्फ़ाह क्षेत्र और माउंट सफी को भीषण हवाई हमलों का निशाना बनाया गया.इसमें फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है. नवंबर 2024 में संघर्ष विराम लागू होने के बावजूद, लेबनान पर इजरायली सेना ने यह हालिया हमला किया है.

### पांच वर्ष पुराने विवाद पर लगा विराम

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर.** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक्स कॉर्प की भारतीय शाखा (पूर्व में ट्विटर इंडिया) की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें 2020 में कई राज्यों में खालिस्तान का जिक्र करने वाले एक ट्वीट के कथित प्रचार को लेकर दर्ज कई प्राथमिकियों को जोड़ने या रद्द करने की मांग की गयी थी. न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि वह मामले को, विशेषकर पांच वर्ष का समय बीत जाने के बाद और कई राज्यों से प्रतिनिधित्व न मिलने की वजह से और लंबित रखने के पक्ष में नहीं है.

### 6 साल की बच्ची के साथ 'निर्भया' जैसी घटना

**राजकोट, 9 दिसंबर.** गुजरात के राजकोट जिले के अटकोट में निर्भया केस जैसी ही एक घटना हुई है। आरोपी ने छह साल की बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की. जब वह इसमें नाकाम रहा तो उसने बच्ची के प्राइवेट पार्ट्स में रॉड डाल दी. बच्ची को राजकोट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान करने के लिए लगभग 100 संदिग्धों से पूछताछ की. रामसिंह टेरसिंग के रूप में पहचान हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मप्र के अलीराजपुर का रहने वाला है। दाहोद का एक मजदूर परिवार अटकोट पुलिस स्टेशन के पास एक गांव में खेत में काम कर रहा था. इसी बीच, एक अनजान आदमी ने बच्ची के साथ जबरदस्ती की कोशिश की.

# मोदी सरकार में रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी

**सीतारमण ने कहा - कांग्रेस सरकार में बजट की कमी थी**

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी के उस बयान को दोहराया, जिसमें उन्होंने स्वयं संसद में स्वीकार किया था कि बजट की भारी कमी के चलते आवश्यक रक्षा खरीद संभव नहीं हो पा रही थी.**

इस संदर्भ में वित्त मंत्री ने 2013 की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को उद्धृत किया, जिसमें कहा गया था कि सेना के पास 17 दिन की तीव्र युद्ध क्षमता की जरूरत के मुकाबले गंभीर कमी थी. रिपोर्ट ने यह भी बताया कि कुछ श्रेणियों के गोला-बारूद का भंडार घटकर केवल 10 दिनों तक सीमित रह



गया था जो किसी भी संघर्ष की स्थिति में बड़ी कमजोरी बन सकती थी. सीतारमण ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तस्वीर पूरी तरह बदल गई है. पिछले एक दशक में गोला-बारूद की उपलब्धता को दोगुना किया गया, युद्ध सामग्री का एक्सपायर स्टॉक हटाकर नया भंडार तैयार हुआ और जवानों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट्स की खरीद को प्राथमिकता दी गई.

उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए भारत ने आयात पर निर्भरता कम की है. जहाँ भारत कभी दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में शामिल था, आज वह लगभग 25,000 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात करने वाला उभरता खिलाड़ी है. राज्यसभा में स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पर बहस का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा उपकर देश की सैन्य तैयारियों के ढांचे को मजबूत करेगा. इस विधेयक का उद्देश्य पान मसाला निर्माण इकाइयों पर अतिरिक्त सेस लगा सुरक्षा व स्वास्थ्य संबंधी व्यय में संसाधन जुटाना है.

## आज का इतिहास

- 1878 - वकील, लेखक, राजनीतिज्ञ और दार्शनिक चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म.
- 1887 - आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये.
- 1888 - स्वतंत्रता सेनानी प्रफुल्लचंद चाकी जन्म.
- 1902 - तस्मानिया में महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया.
- 1903 - पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

# सरकार पान-गुटखा पर नकेल कसने मकोका में करेगी संशोधन

- महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने विधानसभा में घोषणा की

**नागपुर, 09 दिसंबर.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य सरकार महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) में संशोधन करेगी ताकि इसका उपयोग गुटखा, पान मसाला और चरस जैसे प्रतिबंधित उत्पादों के आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के खिलाफ किया जा सके. श्री फडणवीस ने विधानसभा को बताया कि अधिनियम के वर्तमान संस्करण के अनुसार, इसे धमकी या शारीरिक नुकसान की



स्थिति में ही लागू किया जा सकता है. यह प्रावधान प्रतिबंधित उत्पादों के विक्रेताओं के खिलाफ इसका उपयोग करना मुश्किल बना देता है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने गृह विभाग को अधिनियम का दायरा बढ़ाने के लिए एक प्रस्ताव भेजा है ताकि बार-बार आपूर्ति करने वालों को इसके तहत लाया जा सके.

# लालू यादव से जुड़े चारा घोटाला मामले की होगी प्रतिदिन सुनवाई



**पटना.** करोड़ों रुपए के चारा घोटाला से जुड़े एक मुख्य मामले की पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में प्रतिदिन सुनवाई होगी. पुराने मामलों के त्वरित निष्पादन के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के आलोक में चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही पटना की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश ने यह आदेश पारित करते हुए सभी अभियुक्तों को अदालत में उपस्थिति रहने का आदेश दिया.

# घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक टेक्नोलॉजी का उपयोग

- योगी सरकार तैयार कर रही है फूल प्रूफ प्लान

**लखनऊ, 9 दिसंबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फूल प्रूफ प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा.**

योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके. एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक़ योगी सरकार डिटेंशन



सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा. सूत्रों की मानें तो योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है. साथ ही इन सभी नामों को निगेटिव लिस्ट में दर्ज किया जाएगा. इन लिस्ट को देशभर में शेयर किया जाएगा ताकि दोबारा घुसपैठी प्रदेश ही नहीं देश की सीमा में घुस न सकें.

# आईआईटी रोपड़ ने सम्मेलन की मेजबानी की

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ ने एसीएम कंप्यूट सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया, जिसमें शिक्षकों, शोधकर्ताओं और उद्योग पेशेवरों सहित 150 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। 7-9 दिसंबर, 2025 तक चलने वाला यह तीन दिवसीय सम्मेलन कंप्यूटिंग शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए भारत का प्रमुख मंच है.**

सम्मेलन का उद्घाटन आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा ने किया. आईएसआईजीसीएसई (सीएस शिक्षा पर विशेष रुचि समूह का भारत अध्याय) द्वारा एसीएम और एसआईजीसीएसई के सहयोग से



आयोजित, कंप्यूट 2025 एसीएम इंडिया का प्रमुख शिक्षा सम्मेलन है. सम्मेलन में छह प्रमुख वक्ताओं द्वारा मुख्य भाषण दिए जाएँगे जिनमें प्रो. तन्मय चक्रवर्ती (एसीएम ओसीसीई पुरस्कार विजेता), प्रो. मारिया मर्सिडीज (दीदीथ) टी. रोड्रिगो, शोएब डार, प्रो. क्लिफ कुसमौल, डॉ. तनुजा गनु और डॉ. राधिका त्रिखा शामिल हैं.

विषयों में एलएलएम युग में एनएलपी शिक्षा से लेकर शिक्षा पर एआई के प्रभाव तक शामिल हैं. दो पैनल चर्चाएँ महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित हैं:- उद्योग-शैक्षणिक सहयोग और शिक्षण में एआई की भूमिका. शोध पत्र प्रस्तुतियाँ समानांतर रूप से आयोजित की जाएँगी, जिनमें कंप्यूटिंग शिक्षा अनुसंधान, पाठ्यक्रम डिज़ाइन और भारत-विशिष्ट चुनौतियाँ शामिल होंगी. एक विशेष सर्वोत्तम अभ्यास विचार सत्र, सीएस शिक्षा के भविष्य की संरचना विषय के अंतर्गत, भारतीय कंप्यूटिंग शिक्षा के अग्रणी प्रो. राजारमन की विरासत का सम्मान करता है.

**समुद्री साझेदारी को नई गति | नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी की ब्राजील में अहम वार्ता**

# ब्राजील यात्रा में नौसैनिक सहयोग मजबूत

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 9 से 12 दिसंबर तक ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं.**

यह दौरा दोनों देशों के बीच बढ़ते समुद्री सहयोग को नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है, क्योंकि भारत और ब्राजील लंबे समय से दक्षिण-दक्षिण सहयोग के तहत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं. यात्रा के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ब्राजील के रक्षा मंत्री, सशस्त्र बलों के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ और नौसेना कमांडर एडमिरल



मार्कोस से उच्चस्तरीय वार्ताएं करेंगे. इन मुलाकातों में इंडो-ब्राजील समुद्री तालमेल, नौसैनिक संचालन क्षमता, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय ढांचों में संयुक्त पहलों पर गहन चर्चा होने की संभावना है. एडमिरल त्रिपाठी ब्राजीलियाई नौसेना के कई ऑपरेशनल कमांड, नौसैनिक अड्डों और शिपयार्डों का भी दौरा करेंगे, जिससे दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावहारिक सहयोग और ज्ञान-साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा. विशेषज्ञों का कहना है कि यह यात्रा हिंद-अटलांटिक क्षेत्र में स्थिरता, समुद्री सुरक्षा और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. भारत की ओर से इसे दक्षिण-दक्षिण समुद्री साझेदारी को और ऊंचा उठाने की दिशा में एतिहासिक कदम माना जा रहा है.

नौसेना प्रमुख की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, पेशेवर आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है. व्यापक 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' के तहत समुद्री क्षेत्र में समन्वय को और आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श होगा. ब्राजीलियाई नौसेना के साथ दीर्घकालिक सहयोग के भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को पुन: रेखांकित करता है. दोनों देशों के बीच यह बढ़ता सहयोग वैश्विक समुद्री क्षेत्रों में स्थिरता, सुरक्षा और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

# रेलवे सुरक्षा बल ने किया उल्लेखनीय कार्य

**अहमदाबाद, 9 दिसंबर. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल का रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा और स्टेशनों पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है.**

जून से नवंबर 2025 के दौरान ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाया. इस अवधि के प्रमुख कार्यों का विवरण इस प्रकार है:- रेलवे अधिनियम-अहमदाबाद डिविजन ने रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 14,211 मामले दर्ज किए और इन अभियोजनों के दौरान 14,92,721 का जुर्माना



वसूल किया. यह कार्रवाई स्टेशनों एवं ट्रेनों में अनुशासन और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण रही. ऑपरेशन नन्हे फ़रिश्ते:- ऑपरेशन नन्हे फ़रिश्ते के तहत अहमदाबाद, साबरमती, मणिनगर, महेसाणा सहित अन्य स्टेशनों से 69 नाबालिग बच्चों और 8 असहाय पुरुष-महिलाओं को बचाकर उनके माता-पिता, अभिभावक, चाइल्डलाइन या पुलिस को सुरक्षित सौंपा गया.

मानवता से जुड़े इस कार्य ने आरपीएफ की संवेदनशीलता और तत्परता को उजागर किया. ऑपरेशन अमानत ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत 211 लावारिस या खोए हुए सामान, जिनकी कुल कीमत 62,98,194 थी, आरपीएफ द्वारा बरामद कर यात्रियों को लौटाए गए. ऑपरेशन सतर्क- अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सतर्क में अहमदाबाद, साबरमती तथा कांकरिया यार्ड में 4,26,428 मूल्य की अवैध शराब के 47 मामले पकड़े गए और 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंपा गया.

# नशीले कफ सिरप की 30 हजार शीशियां जब्त

**वाराणसी, 09 दिसंबर.** वाराणसी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के सुजाबाद इलाके में मंगलवार को कफ सिरप तस्करी रैकेट के खिलाफ एसआईटी को बड़ी सफलता मिली. जांच एजेंसी ने एक ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर में छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप बरामद किया. बताया जा रहा है कि इस सेंटर को चोरी-छिपे गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा था, जहां हजारों कार्टून में भरी कफ सिरप की बोतलें दबाकर रखी गई थीं. जानकारी के अनुसार, एसआईटी टीम को सूचना मिली थी कि करीबियों के नेटवर्क के जरिए चल रहा यह गोदाम तीन महीने पहले किराए पर लिया गया था.

# सरकारी पेंशन खातों में 44 लाख का गबन

## ईओडब्ल्यू ने दर्ज की 7 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

**भोपाल, 09 दिसंबर. सरकारी पेंशन खातों में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है. ईओडब्ल्यू ने मामले में बैंक कर्मचारियों और उनके परिचितों पर एफआईआर दर्ज की है.**

आरोप है कि एटीएम कार्ड और फाइनेंस सिस्टम का दुरुपयोग कर 44 लाख का गबन किया गया है. ईओडब्ल्यू ने इस मामले में 7 आरोपियों को नामज़द किया है. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) से मिली जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया भोपाल की शिकायत पर मामले की जांच के बाद बैंक के दो कर्मचारियों और पांच सह-आरोपियों के खिलाफ एक्शन लिया गया. बैंक कर्मचारी दीपक जैन (विशेष सहायक) तथा अजय सिंह परिहार (स्टाफ क्लर्क) ने अपनी पदस्थापना का दुरुपयोग करते हुए बड़ी राशि का गबन किया है. ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया कि दोनों कर्मचारियों ने बैंक नियमों के विपरीत, जहाँ एक कर्मचारी एंट्री करता है और दूसरा वेरिफाई करता है. दोनों ने अपनी खुद की आईड़ी का उपयोग कर एक-दूसरे के लेनदेन को सत्यापित किया. खाते सक्रिय होते ही उनकी जमा राशि को चार अन्य परिचित खाताधारकों खुशबू खान, कल्पना जैन, ललिता ठाकुर और अफरोज खान के खातों में ट्रांसफर किया गया.

इन सभी के एटीएम कार्ड आरोपी दीपक जैन के पास थे, जिसके माध्यम से नियमित रूप से नगद निकासी की जाती रही. आरोपियों के बीच अवैध रूप से प्राप्त धनराशि का बँटवारा 70:30 के अनुपात में किया जाता था. यह धोखाधड़ी लगभग तीन वर्षों (जनवरी 2016 से मार्च 2019) तक विभिन्न शाखाओं में चलती रही और कुल 227 बचत खातों से लगभग 44.11 लाख की राशि अवैध रूप से डेबिट की गई. जांच के दौरान फिनेकल लॉग, ट्रांजेक्शन रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, एटीएम निकासी विवरण, ऑडिट ट्रेल एवं विभिन्न शाखाओं के रिकॉर्ड के विश्लेषण से आरोपियों की भूमिका पूरी तरह से सिद्ध हुई.

### विभागीय जांच में अनियमितताएं उजागर

मामले का खुलासा तब हुआ जब 18 मार्च 2019 को सैफिया कॉलेज शाखा में एक महिला भगवती देवी ने अपने मृत पति के खाते से अवैध निकासी की शिकायत दर्ज कराई. शाखा प्रबंधक ने आंतरिक जांच में पाया कि संदिग्ध लेनदेन अजय सिंह परिहार और दीपक जैन की तरफ से किया गया है. इसके बाद मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा, जहां बैंक की विजिलेंस यूनिट एवं विभागीय जांच में बड़े पैमाने पर की गई अनियमितताएं उजागर हुई.

# आयुष यूजी की हजार से अधिक सीटें अब भी खाली

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 दिसंबर. प्रदेश में आयुष यूजी की 1100 से अधिक सीटें स्ट्रे वेकेंसी के दूसरे राउण्ड के बाद भी नहीं भर सकीं. ऑल इंडिया कोटा और स्टेट कोटा के तीन तीन राउण्ड तथा स्ट्रे वेकेंसी के दो चरण पूरे होने के बावजूद आयुर्वेद होम्योपैथी और यूनानी कॉलेजों में बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रहीं.**

मंगलवार को स्ट्रे वेकेंसी सेकंड राउण्ड में प्रवेश की अंतिम तिथि थी, जिसके बाद भी अपेक्षित दाखिले नहीं हो सके. जानकारी के अनुसार प्रदेश में लगभग साढ़े 4 हजार आयुष सीटें संचालित हैं, जबकि देशभर में इनकी संख्या 50 हजार से अधिक है.

> आठ राउण्ड की काउंसलिंग के बाद भी प्रदेश में 1100 से अधिक आयुष यूजी सीटों का खाली रहना गंभीर स्थिति है। यदि केंद्रीय आयुष मंत्रालय नीट कटऑफ पर्सेंटाइल में कमी करता है और काउंसलिंग का अतिरिक्त राउण्ड आयोजित करता है, तभी प्रदेश और देशभर में रिक्त सीटें भरी जा सकेंगी।
>
> **– डॉ राकेश पांडेय,**
> राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएश

## मुरैना में लगेंगे स्मार्ट मीटर

**भोपाल/ मुरैना, 09 दिसंबर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत मुरैना जिले में 97 हजार 988 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें से अब तक 5 हजार 206 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं. यह जानकारी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक सीके पवार ने दी.


**नाम परिवर्तन**

मैं रविराज सिंह राजपूत आत्मज श्री डेलन सिंह निवासी H.No. 28 रेहली जिला सागर म.प्र. सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम RATURAJ THAKUR दर्ज है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम RITURAJ THAKUR है जो सही है इसी नाम को दर्ज किया जाए. इसी नाम से जाना-पहचाना जाए.

R.N.- 58453


# सर्विस वोटरों का एसआईआर 16 से

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 दिसंबर. चुनाव आयोग ने सर्विस वोटरों से संबंधित निर्वाचन सूची के अंतिम भाग की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है.**

यह पुनरीक्षण 1 जनवरी 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर किया जा रहा है. प्रदेश में सर्विस वोटरों का एसआईआर 16 दिसंबर से शुरू होगा. आयोग ने अपने 4 नवंबर को जारी आदेश को निरस्त करते हुए नई समय-सारणी अधिसूचित की है, जिसे देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा, जिनमें अंडमान एवं निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं. चुनाव आयोग ने सभी संबंधित मंत्रालयों—रक्षा, गृह, विदेश मंत्रालय—तथा सीमा सड़क संगठन और संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संशोधित कार्यक्रम का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं.

### नई संशोधित समय-सारणी

-निर्वाचन सूची के अंतिम भागों का प्रारंभिक प्रकाशन : 16 दिसंबर
-रिकॉर्ड/कमांडिंग अधिकारियों द्वारा फॉर्म प्राप्त करने, सत्यापन, स्कैनिंग और एक्सएमएल फाइल तैयार व अपलोड करने की अवधि : 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक, -हस्ताक्षरित एवं सत्यापित फ़ॉर्मों तथा एक्सएमएल फाइलों का निपटान, अधूरे फ़ॉर्म और एक्सएमएल फ़ाइलें वापस की जाएंगी.

### वनों में कटाई-सफाई का कार्य नियमित कराएं

**भोपाल.** अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल ने कहा है कि वनों में बांस भिर्रा कटाई-सफाई का कार्य प्रतिवर्ष नियमित कराया जाये. लघुवनोपज आधारित प्रजातियों का पौधारोपण अधिक संख्या में हो. उन्होंने प्रसंस्करण केन्द्र में तैयार उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन पर जोर देते हुए कहा कि विक्रय बढ़ाने के लिये समन्वित प्रयास किये जायें. अपर मुख्य सचिव बर्णवाल सोमवार को पन्ना में त्रिफला प्रसंस्करण केन्द्र आंवला उद्यान सकरिया में ग्राम वन समिति हीरापुर के सदस्यों की बैठक में शामिल हुए. बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अम्बाड़े भी मौजूद थे. अपर मुख्य सचिव बर्णवाल ने पन्ना में त्रिफला प्रसंस्करण केन्द्र में तैयार आंवला मुरब्बा, आंवला कैण्डी, आंवला सुपाड़ी, आंवला अचार का निरीक्षण किया. उन्होंने बीट गढ़ी पड़रिया के एनपीव्ही. कैम्पा मिश्रित रोपण वर्ष 2024 रकवा 40 हेक्टे, आरडीएफ रोपण वर्ष 2025 रकवा 50 हेक्टे. और एनपीव्ही कैम्पा मिश्रित रोपण वर्ष 2021 रकवा 50 हेक्टे. का निरीक्षण किया.

# भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**भोपाल 9 दिसंबर.** अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारक दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में सत्यनिष्ठा क्लब के अंतर्गत सतर्कता विभाग, एनएचडीसी द्वारा मंगलवार को युवा छात्र-छात्राओं के मध्य भ्रष्टाचार उन्मूलन के उद्देश्य से इस वर्ष के विषय niting With Youth Against Corruption: Shaping tomorrows Integrity पर तात्कालिक और भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की गई. प्रतिभागियों ने सत्यनिष्ठा, सतर्कता एवं देशभक्ति के विचारों को समाहित करते हुए बहुत सुंदर तरीके से अपने वक्तव्यों से पूरे सभागार को ऊर्जान्वित कर दिया. इस अवसर पर प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता, प्राचार्य, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल एवं विक्रम रावूरू, महाप्रबंधक (सतर्कता) एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार के प्रति जागरुकता अपनाने व दैनिक कार्यों को पारदर्शिता व ईमानदारी से करने का आह्वान किया. कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया.


**नाम परिवर्तन**

इस पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RESHU RATHI था! वर्तमान में मेरा नाम परिवर्तित होकर RISHU RATHI हो गया है अब मैं RISHU RATHI के नाम से ही जाना व पहचाना जाता हूं तथा यही नाम मेरे समस्त दस्तावेजों में अंकित है !

'सूचितकर्ता'

Rishu Rathi S/O Jogendra Singh Rathi

पता - हाउस नंबर -112,रीगल कस्तूरी ,रीगल टाउन कैंपस,अवधपुरी, भोपाल - 462021 - मध्य प्रदेश.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **राजेश सरोदे**, आत्मज स्व. श्री बाबूराव सरोदे निवासी, ई-24, पहाड़ी मंदिर के पास, नीलगिरी नगर, राजेन्द्र कालोनी, नयापुरा, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) 462042। यह प्रेषित करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम त्रुटि से विद्यालय के रिकार्ड में **समर्थ राजेश सरोदे** लिखा चला आ रहा है। विद्यालय की ओर से रिकार्ड सुधार का अवसर दिया गया था, परन्तु हमारी तरफ से त्रुटि हुई। अतः हम अब अपने पुत्र के नाम में संशोधन कर सही नाम **समर्थ सरोदे** कर रहे हैं, जिससे आगे भविष्य में मेरे पुत्र को कोई कठिनाई न हो।

**कार्यालय रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**इन्दौर (म.प्र.)**
**दूरभाष/फैक्स क्र.- 0731-2419771**
क्र.- आरएपीटीसी/क्वा.मा./पी-1403/2025 दिनांक 5/12/2025

**ई-निविदा एवं सीलबंद आमंत्रण सूचना**

रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर में नव आरक्षक/ इन सर्विस कोर्स प्रशिक्षर्थियों हेतु मैस संचालन 05 माह के लिए कराया जाना है. मैस संचालन हेतु आवश्यक जानकारी एवं टेंडर फार्म, निर्माता फर्मों के लिए रुपए 5000/- (पांच हजार रुपए) 0055 पुलिस विविध प्राप्तियां शीर्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष से जमा कर https://mptenders.gov.in एवं www.mppolice.gov.in प्राप्त किया जा सकता है.

1. ऑनलाइन ई-निविदा केवल वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर तथा सीलबंद निविदा हार्ड कापी में तकनीकी एवं व्यवसायिक निविदा पृथक-पृथक कार्यालय में निर्धारित समय में जमा की जा सकेगी.
2. ऑनलाइन निविदा की अन्तिम तिथि 22/12/2025 समय 1200 बजे तक है.
3. तकनीकी बिड खोलने की तिथि 23/12/2025 समय 1200 बजे है.
4. व्यवसायिक बिड तकनीकी बिड के दस्तावेज परीक्षण उपरान्त खोली जावेगी.

G22532/25 सेनानी, आरएपीटीसी, इन्दौर


# एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन सामान्य रहा

**भोपाल। राजाभोज हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन मंगलवार को पूरे दिन सुचारू और सामान्य रहा, सभी निर्धारित उड़ानें समय पर संचालित हुईं.**

लगभग 4,300 यात्रियों ने रात 11 बजे तक हवाई अड्डे से यात्रा की, जो निर्बाध संचालन और कुशल सुविधा को दर्शाता है. निदेशक रामजी अवस्थी ने बताया कि कोई रद्दीकरण नहीं. सभी उड़ानें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित हुईं. भोपाल हवाई अड्डा सुचारू संचालन और समय पर यात्री सुविधा सुनिश्चित करने में हमारी मदद करने के लिए अपने एयरलाइन भागीदारों इंडिगो और एयर इंडिया को धन्यवाद देना चाहता है. किसी भी असुविधा से बचने के लिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा से पहले उड़ान की अद्यतन स्थिति की जांच कर लें.

### आज 21 :00 बजे तक संचालित उड़ानें

- 6ई258/257 पीएनक्यू-बीएचओ-पीएनक्यू
- 6ई7525/7526 एएमडी-बीएचओ-एएमडी
- 6ई 6602/6603 डेल-बीएचओ-डेल
- एआई1705/1886 डेल-बीएचओ-डेल
- 6ई7594/7595 एचवाईडी-बीएचओ-एचवाईडी
- 6ई368/393 बीएलआर-बीएचओ-बीएलआर
- 6ई5172/2162 बीओएम-बीएचओ-बीओएम
- एआई1723/1894 डेल-बीएचओ-डेल
- एआई633/634 बम-भो-बम
- 6श्र7121/7302 एचवाईडी-बीएचओ-आरपीआर
- 6ई6364/6365 डीईएल-बीएचओ-डीईएल
- 6ई366/367 जीओआई-बीएचओ-जीओआई
- 6ई7281/7122 आरपीआर-बीएचओ-एचवाईडी
- 6ई5298/6715 बम-भो-बम
- 6ई7568/7569 एएमडी-बीएचओ-एएमडी
- AI2759/2760 डेल-बीएचओ-डेल
- 6ई6465/6466 बीएलआर-बीएचओ-बीएलआर


# एलपी टरबाइन आउटर केसिंग किया रवाना

### अदानी पावर के लिए बीएचईएल ने भेजा

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल. बीएचईएल भोपाल में आयोजित एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण समारोह में महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय ने अदानी पावर लिमिटेड के लिए निर्मित पहले एलपी टरबाइन सेट के आउटर केसिंग को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह महत्वपूर्ण घटक एसटीएम ब्लॉक-6 में तैयार किया गया है और रायपुर चरण-द्वद्व (2×800 मेगावाट) यूनिट-1 के लिए भेजा जा रहा है।**

कार्यक्रम में अदानी पावर लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी प्रियंजय मौर्या उपस्थित रहे, जिसने दोनों संस्थाओं के सहयोग को और सुदृढ़ किया। इस अवसर पर बीएचईएल के प्रमुख अधिकारी—विपुल अग्रवाल, महाप्रबंधक (एमएम); राजेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (एसओएम); एवं प्रदीप चंद्र कांडपाल, महाप्रबंधक (थर्मल एवं लॉजिस्टिक्स)—भी मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष ए.के. गुप्ता, विनिर्माण प्रभारी राजेश सिंह यादव तथा एसटीएम विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिससे इस उपलब्धि का महत्व और बढ़ गया।



**बदहाल बस स्टॉप**

राजधानी में भोपाल टॉकीज के पास सालों पहले बना बस स्टॉप बेहाल पड़ा है. स्टॉप पर बनी अव्यवस्था के चलते कोई भी शख्स यहां नजर नहीं आता है. मवेशियों ने इसे फिलहाल अपना ठिकाना बना रखा है.

# एमडी पाउडर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** क्राइम ब्रांच पुलिस ने शाहजहांनाबाद इलाके में नशीले पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस मौके पर करीब 11 ग्राम एमडी पाउडर और दो मोबाईल फोन बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए आंकी गई है. आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास दो आरोपी एमडी पाउड़र बेंचने की फिराक में घूम रहे हैं. मौके पर पुहंची टीम ने आरोपियों को पकड़ कर मादक पदार्थ बरामद किया. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिफत उर्फ सेफ उर्फ अली उर्फ राजा (25) निवासी ग्राम रन्नौद जिला शिवपुरी (म.प्र.) का बताया. आरोपी शिफत के कब्जे से मिले अवैध मादक पदार्थ एमडी का कुल वजन 11.05 ग्राम होना पाया गया.

> 11 ग्राम एमडी पाउडर और दो मोबाइल किए बरामद


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

**फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 153805058 | संपत्ति पर ऋण | 29.11.2025 | रु. 21,72,052.85/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम:-** 1. चंदन सिंह खटीक 2. सावित्री चंदन सिंह खटीक

**संपत्ति का पता:** एक व्यावसायिक दुकान संख्या C-13, क्षेत्रफल 130 वर्ग फुट का वह पूरा टुकड़ा अर्थात् 12.08 वर्ग फुट, भूतल पर, ब्लॉक-सी, वाणिज्यिक मंडी परिसर, करोंद, जिला- भोपाल, मध्य प्रदेश-462038 में स्थित, और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- रोड, पश्चिम- दुकान संख्या सी-29, उत्तर- दुकान संख्या सी-12, दक्षिण- दुकान संख्या सी-14.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी /-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

दिनांक : 09.12.2025
स्थान : भोपाल

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इस टेन्डर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **(1) निविदा सूचना सं. एवं जारी दिनांक:** बीपीएल/एन/वर्क्स/2025-26/टेली/05, दिनांक: 06/12/2025 **कार्य का नाम व स्थान:** (1) आग्नमेंटेशन ऑफ वीडियो सर्वेलांस सिस्टम एट 05 स्टेशन (HD, SCI, BAQ, GUNA, SVPI) ऑफ भोपाल डिविजन। **(2)** प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी फार यार्ड कवरेज ऑफ मेनलाईन फेसिंग पॉईंट एट मिसरोद कुरवई कथोरा एंड निशातपुरा स्टेशन ऑफ भोपाल डिविजन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹2,56,60,096.39/- **टेण्डर फॉर्म की कीमत non refundable:** लागू नहीं **बयाना राशि:** ₹2,78,300/- **कार्य समाप्ति की अवधि:** 06 माह **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख एवं समय:** खुलने की तारीख 29/12/2025, जमा 15:00 बजे तक। खुलने का समय 15:30 बजे। निविदाकर्ता/ बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/ बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं केडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता हैं।

**मण्डल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार), प.म.रे., भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला एडीएम अंकुर मेश्राम, प्रकाश नायक ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 113 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम मेश्राम, नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।

### आउटसोर्स कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल.** प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के निर्देश पर ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स्ड एवं अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उद्यमिता विकास निगम (शेडमेप) कार्यालय में प्रदर्शन कर प्रबंधन को विस्तृत ज्ञापन सौंपा।


**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल**

ई-मेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन- 0755-2767635, फैक्स- 0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक- 1188/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग** **भोपाल, दिनांक 4/12/2025**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है. निविदा प्रपत्र दिनांक 29/12/2025 को 17.30 बजे तक क्रय/ डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_461722 | टर्न की पद्धति पर :- सोन नदी एटीपीएस सोन बैराज चढ़ाई का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं. | अनूपपुर | 18807.81 |

G22491/25 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर (म.प्र.)**

**विज्ञप्ति**

**क्रमांक/शिविर/3572** **सीहोर, दिनांक 2/12/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) 15 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 41 के अन्तर्गत जप्त किए गए हैं. कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं. प्रकरण ज्ञात/ अज्ञात में पंजीबद्ध हुए हैं. अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उप वनमंडल (सा.) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/ हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी. प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22870/25 07.11.2025 | ट्रैक्टर INDOFARM नीला रंग एवं एक सीड-ड्रिल मशीन | MP-37-A4364 चे.नं. IMY 3035001493 इं.नं. C323401476MY | (वाहन मालिक) हरपाल आ. नारायण सिंह, जाति सैंधव, नि. ग्राम कुर्लीकलां | वनभूमि पर जुताई/ बुआई करते हुए जप्त | बीट धुराड़ाखुर्द के कक्ष क्र. आर.एफ. 105, रकबा 0.560 हेक्टेयर क्षेत्र में वाहन ट्रैक्टर INDOFARM एवं एक सीड-ड्रिल मशीन द्वारा वनभूमि पर जुताई/ बुआई करते हुए जप्त |
| 2. | 42295/06 13.11.2025 | मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस | बिना नम्बर चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | सिराड़ी घाट से डूण्डावाला के रास्ते पर कंजर वाली गुवाड़ी कक्ष क्रमांक 230 में मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस बिना नम्बर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त. |
| 3. | 42208/20 14.11.2025 | मारुति ओमनी सुजूकी सफेद रंग | MP-09-BA-2617 | अज्ञात | सागौन, इमारती चरपट का अवैध परिवहन | ग्राम सिंगारचौरी से वाहन मारुति ओमनी सुजूकी सफेद रंग द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त. |
| 4. | 42208/15 23.07.2025 | मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स काला रंग | पंजीयन नम्बर, इंजन/ चेचिस नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन | ग्राम बापचा (दोनिया) से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स काला रंग द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त. |

(एल्विन बर्मन)
प्राधिकृत अधिकारी/
उपवनमंडलाधिकारी (सा.) सीहोर

G22489/25

# जेके सीमेंट सहित पांच बड़ी परियोजनाएं लेंगी आकार

▸ कैबिनेट कमेटी ने दी प्रस्तावों को मंजूरी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 दिसंबर. खजुराहो में मंगलवार को निवेश संवर्धन संबंधी कैबिनेट कमेटी की बैठक भी हुई, जिसमें जेके सीमेंट के विस्तारित प्लांट सहित पांच बड़े निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई.**



कैबिनेट कमेटी की बैठक में जेके. सीमेंट कंपनी के निवेश प्रकरण पर चर्चा हुई. जेके सीमेंट भविष्य में 1850 करोड़ रूपये से अधिक के अतिरिक्त निवेश से यूनिट का विस्तार कर रही है, जिससे 800 लोगों को रोजगार मिलेगा. वर्तमान में पन्ना जिले में 2600 करोड़ की परियोजना पर काम कर रही है, जिसमें 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी मिल रहा है. अब इस प्रोजेक्ट को विस्तार दिया जाएगा.

कैबिनेट कमेटी की बैठक में अल्केम लैबोरेट्रीज कंपनी का निवेश प्रकरण भी रखा गया. यह कंपनी फार्मा क्षेत्र में फार्मूलेशन-एपीआई और बल्क ड्रग प्रोडक्शन कर रही है. इस कंपनी ने मुंबई में हुए रोड-शो के दौरान 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की इच्छा जताई थी. कंपनी ने उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में टैबलेट, कैप्सूल, ड्राई सिरप और ड्राई पाऊडर इंजेक्शन के निर्माण के लिए यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव दिया है. इससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा. कमेटी ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है.

कैबिनेट कमेटी को बैठक के दौरान बताया गया कि विश्व की सबसे बड़ी पोटेटो फ्लेक्स निर्माताओं में शामिल अहमदाबाद की इस्कॉन बालाजी फूड्स ने उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 110 करोड़ रूपये के निवेश से यूनिट स्थापित कर उत्पादन शुरू कर दिया है. इससे 350 लोगों को रोजगार मिला है. वहीं राज्य में डिजिटल अवसंरचना, क्लाउड सेवाओं तथा डेटा-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में मेसर्स कंट्रोल एस डेटा सेंटर लिमिटेड द्वारा बड़वई आईटी पार्क, भोपाल में लगभग 500.20 करोड़ रूपये के निवेश से डेटा सेंटर सुविधा विकसित की जा रही है. परियोजना से प्रदेश में लगभग 870 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन होगा. यह निवेश प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. बैठक में कैबिनेट कमेटी ने सभी प्रस्तावित एवं संचालित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक अनुमोदन दिया.

### ▶ ग्वालियर में सीसीएल मेन्युफेक्चरिंग यूनिट

कमेटी के सामने राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ईएसडीएम यानी इलेक्ट्रानिक डिजाइनिंग सिस्टम एंड मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहन प्रदान करने एवं स्थानीय उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केदारा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा ग्वालियर, मध्यप्रदेश में लगभग 327.10 करोड़ रूपये के निवेश सेकॉपर क्लैड लैमिनेट सीसीएल निर्माण इकाई स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे मंजूरी दे दी गई. इस परियोजना से राज्य में लगभग 220 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे.

# एमपी में तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट

## प्रदेश में ठंड का कहर : कोल्ड डे की चपेट में कई जिले

**भोपाल, 9 दिसंबर. मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन पर गहरा असर डाल दिया है. उत्तरी बर्फीली हवाओं के कारण तापमान लगातार गिर रहा है और कई जगहों पर न्यूनतम पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक शीतलहर और कुछ जिलों में कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है.**



प्रदेश के भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नरसिंहपुर में कोल्ड डे की स्थिति बनने की आशंका जताई गई है. ठंडी हवाओं का असर इतना तेज है कि सुबह और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा.

> मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ इस समय मध्य क्षोभमंडल में सक्रिय है, जो हिमालयी क्षेत्र के पास 5.8 किमी की ऊंचाई पर स्थित है. इसके अलावा उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के ऊपर 12.6 किमी पर उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम 222 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही हैं. 13 दिसंबर से एक नया, हालांकि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी इलाकों को प्रभावित करेगा, जिसके चलते ठंड और बढ़ सकती है.


### पोहरी विधायक को जान से मारने की धमकी

**शिवपुरी.** जिले के पोहरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा को फोन पर धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.विधायक कुशवाहा ने आज बताया कि उन्हें प्रभात रावत नाम के व्यक्ति द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी. इस मामले में उन्होंने कोतवाली शिवपुरी में कल शाम प्रकरण दर्ज कराया है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज करके जांच शुरू कर दी है.



# एक दिन में 18913 मेगावाट बिजली आपूर्ति

### बनाया नया रिकॉर्ड



> इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों एवं विद्युत कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड कर्मचारियों की सतत मेहनत, तकनीकी दक्षता और निष्ठा का प्रतिफल है. ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अधिकतम मांग के दौरान प्रदेश के पॉवर हाउसों, ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों के माध्यम से निर्वाध, सुरक्षित एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जिससे कहीं भी व्यवधान की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई. यह उपलब्धि प्रदेश के विद्युत तंत्र की मजबूती, बेहतर नियोजन और सक्षम प्रणाली का सशक्त प्रमाण है.

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 दिसंबर. प्रदेश में रबी सीजन के लिए बिजली की मांग अब नये स्तर पर पहुंचने लगी है. लिहाजा अब आपूर्ति के लिये भी लगातार इंतजाम किये जा रहे हैं. मंगलवार को प्रदेश में बिजली की आपूर्ति का नया रिकॉर्ड भी बन गया है.**

एक दिन में प्रदेश में 18971 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई, जो कि प्रदेश के इतिहास में सबसे अधिक है. पिछले वर्ष 20 दिसंबर को 18913 मेगावाट बिजली की मांग को पूरा करने का रिकॉर्ड बना था, जो कि महज एक वर्ष से भी कम की अवधि में टूट गया है. ये उपलब्धि मंगलवार को सबेरे 10.50 मिनट पर हासिल गई.

मौजूदा रबी सीजन में बिजली की मांग 21 हजार मेगावाट से भी अधिक जाने की संभावना जताई जा रही है.

**कहां से कितनी मिली बिजली**

- ताप विद्युत -3872 मेगावाट.
-जल विद्युत-387मेगावाट.
- नव करणीय -1792 मेगावाट.
- अन्य स्रोत एनटीपीसी सहित -12920 मेगावाट.

# आतंकी कनेक्शन का डर दिखा दम्पति को किया डिजिटल अरेस्ट

**जबलपुर, 9 दिसंबर.आपका आतंकी कनेक्शन है, आपके नाम की सिम का उपयोग देश की गोपनीय जानकारी बाहर भेजने में हुआ है.**

यह बातें साइबर ठग ने स्वयं को एटीएस अधिकारी बताकर शहर में रहने वाले एक दंपत्ति को वीडियो कॉल करते हुए कहीं और वीडियो कॉल पर डराने धमकाने के साथ डिजिटल अरेस्ट किया. हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड से हाने वाले अर्थिक नुकसान से दम्पति को बचा लिया. मंगलवार को सायबर सेल जबलपुर में सूचना प्राप्त हुई कि एक दम्पति को डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी जा रही है. सूचना पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल से उप निरीक्षक नीरज सिंह नेगी द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँचे.

पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि 6 दिसम्बर 2025 को सुबह लगभग 08. बजे दम्पति के पास एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने स्वयं को एटीएस अधिकारी बताकर कहा कि आपका संबंध आतंकी अफजल खान से है और आपके नाम की सिम का उपयोग देश की गोपनीय जानकारी बाहर भेजने में हुआ है.

# सिहाड़ा गांव से हटाया अतिक्रमण

**जमीन को लेकर वक्फ और पंचायत में विवाद तेज**

**सिहाड़ा में दरगाह के पास अतिक्रमण हटाया**

**वक्फ बनाम पंचायत विवाद गरमाया**



**खंडवा, 9 दिसंबर. जिले के ग्राम सिहाड़ा में मंगलवार को प्रशासन ने दरगाह पीर मोजा के आसपास की जमीन से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की.**

ग्राम पंचायत की शिकायत पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण हटाया. पंचायत अब इस जमीन पर मार्केट विकसित कर राजस्व बढ़ाने की योजना बना रही है. गौरतलब है कि पंचायत ने बीते माह दरगाह के आसपास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत की थी. वहीं दूसरी ओर स्थानीय वक्फ कमेटी का दावा है कि दरगाह, इमामबाड़ा और ईदगाह की यह जमीन वक्फ रजिस्टर और गजट नोटिफिकेशन में दर्ज है. वक्फ कमेटी ने इस मामले को भोपाल वक्फ ट्रिब्यूनल में भी उठाया है, जहां अंतिम फैसला अभी लंबित है.

> उधर, जिला वक्फ कमेटी के सचिव रियाज खान ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना नोटिस कार्रवाई की, जबकि संपत्ति वक्फ रिकॉर्ड में दर्ज है. उन्होंने इसे अवैध कार्रवाई बताया. खंडवा एसडीएम बजरंग बहादुर का कहना है कि यह शासकीय भूमि थी, जिस पर अवैध कब्जा हटाया गया है. वहीं क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने छह थानों का बल तैनात किया, और पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई.

अतिक्रमण हटाने के दौरान पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत सिंह चौहान ने बताया कि मार्केट बनाने का प्रस्ताव पहले ही पारित किया जा चुका है, पर कुछ लोगों ने जमीन को वक्फ की बताकर निर्माण रुकवाने की कोशिश की.

# सीएमएचओ की पत्नी का निर्वस्त्र शव मिलने से फैली सनसनी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 9 दिसंबर. यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र में एक घर से रिटायर्ड सीएमएचओ की पत्नी का शव निर्वस्त्र हालत में मिला है. शव लगभग पांच दिन पुराना बताया जा रहा है. पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया.**

शहर के सिटी सेंटर साइट नंबर एक स्थित आकाशदीप अपार्टमेंट के सामने 61 वर्षीय अनीता शर्मा अकेली रहती थीं. उनके पति ग्वालियर में सीएमएचओ पद पर कार्यरत रहे थे. उनकी पहले ही मौत हो चुकी है. अनीता शर्मा के दो बच्चे हैं. बेटा अनीश पुणे में रहता है, जबकि बेटी निधि बेंगलुरु में नौकरी करती है. चहल-पहल न होने पर पड़ोसियों ने दी जानकारी पड़ोसियों ने बताया कि अनीता पिछले चार-पांच दिनों से घर से बाहर नहीं निकली थीं. घर में काम करने वाली बाई भी बाहर से आवाज लगाकर वापस चली जाती थी. कोई चहल-पहल न देखकर पड़ोसियों ने ग्वालियर में रहने वाले अनीता के भाई को सूचना दी. भाई और उनके बेटे के ससुराल पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे. जब घर से कोई जवाब नहीं मिला, तो पुलिस को बुलाया गया. पुलिस को घर में दाखिल होने में काफी मशक्कत करनी पड़ी.

# कार्य के चलते एक्सप्रेस की ट्रिप निरस्त

## यात्रियों को रेलवे ने दी जानकारी



**भोपाल. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों को सूचित किया है कि अधोसंरचनात्मक कार्य के चलते दयोदय एक्सप्रेस की एक ट्रिप आंशिक रूप से निरस्त रहेगी.**

> इस अवधि में मदार-जंक्शन से अजमेर के बीच रेलसेवा आंशिक निरस्त रहेगी. गाड़ी संख्या 12182, अजमेर-जबलपुर : 12 दिसंबर 2025 को यह ट्रेन अजमेर के स्थान पर दौराई स्टेशन से प्रस्थान करेगी. मदार जंक्शन पर अस्थायी ठहराव का आगमन/प्रस्थान समय 15:25/15:30 बजे होगा. इस अवधि में अजमेर-मदार रेलखंड पर सेवा आंशिक रूप से निरस्त रहेगी. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति, समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट या मोबाइल ऐप का उपयोग करें.

उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर जंक्शन-मदार जंक्शन रेलखंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 44 पर एलएचएस कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है, जिससे रेल यातायात प्रभावित होगा. इस कार्य के कारण भोपाल मंडल के गुना होकर जाने वाली दयोदय एक्सप्रेस प्रभावित रहेंगी. यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने आंशिक निरस्त सेवाओं के समय और ठहराव की जानकारी जारी की है. गाड़ी संख्या 12181, जबलपुर-अजमेर: 11 दिसंबर 2025 को यह ट्रेन अजमेर के बजाय दौराई स्टेशन तक संचालित होगी. मदार जंक्शन पर अस्थायी ठहराव का आगमन/प्रस्थान समय 13:35/13:40 बजे रहेगा. रेल प्रशासन ने कहा कि यह कदम यात्री सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है.

### बुंदेलखंड में मंत्रिपरिषद् की बैठक इस अंचल को देगा नयी ऊंचाई

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो में आयोजित कैबिनेट की बैठक को बुंदेलखंड के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम निरूपित किया. लता वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व में बुंदेलखंड आज विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है.




# कांग्रेस ने टैलेंट हंट के लिए समिति का किया गठन

## 11 सदस्यीय समिति गठित

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 दिसंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पार्टी ने राज्यभर में प्रवक्ताओं के चयन हेतु आयोजित किए जा रहे टैलेंट हंट कार्यक्रम के संचालन के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन किया है।**



पार्टी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से ऐसे योग्य, प्रभावी और जनसंवेदनशील व्यक्तियों की पहचान करना है, जो कांग्रेस की नीतियों, विचारों और जन मुद्दों को स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ जनता के बीच रख सकें। कांग्रेस का मानना है कि मजबूत संचार तंत्र पार्टी की जनसंपर्क क्षमता को और सुदृढ़ करेगा. इस अवसर पर जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी योग्य और विचारशील सदस्यों को उपयुक्त अवसर देने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने टैलेंट हंट को कांग्रेस के भविष्य के प्रवक्ताओं को पहचानने और उन्हें व्यापक मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम बताया। पटवारी ने यह भी कहा कि संगठन के भीतर प्रतिभा को प्रोत्साहित करना पार्टी की प्राथमिकता है, और यह नई चयन प्रक्रिया उन युवाओं और कार्यकर्ताओं को सामने लाने में मदद करेगी जो जनता के मुद्दों और पार्टी की सोच को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

**समिति में शामिल सदस्य के नाम...**

**अध्यक्ष:**
अभय तिवारी, प्रभारी मीडिया एवं कम्युनिकेशन

**सदस्य:**
- अवनीश भार्गव, अध्यक्ष सेवा दल
- यश घनघोरिया, अध्यक्ष युवक कांग्रेस
- रीना बोरीसी, अध्यक्ष महिला कांग्रेस
- आशुतोष चौकसे, अध्यक्ष भारतीय छात्र संगठन
- महेंद्र जोशी, प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम
- मेघा परमार, अध्यक्ष बाल कांग्रेस
- अभिनव बारोलिया, प्रवक्ता
- मिथुन अहिरवार, प्रवक्ता
- राहुल राज, प्रवक्ता
- आनंद जाट, प्रवक्ता

**उठाए सवाल** ▸ पटवारी ने ड्रग अपराधों पर सरकार पर बोला हमला

# भाजपा रिश्तेदार नेटवर्क से जूझ रहा प्रदेश : जीतू

**भोपाल, 9 दिसंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश अब किसी ड्रग नेटवर्क से नहीं, बल्कि भाजपा रिश्तेदार नेटवर्क से जूझ रहा है।**



उनका कहना है कि आपराधिक गिरोहों से ज़्यादा सत्ताधारी दल के नेताओं के परिजन ही गंभीर अपराधों में बार-बार पकड़े जा रहे हैं।

भाजपा सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए पटवारी ने पूछा कि क्या यही भाजपा की नई पारिवारिक राजनीति का चेहरा है? उन्होंने कहा, जब किसी मंत्री के घर से ड्रग तस्करी के तार जुड़ते हैं और गृह मंत्री मौन रहते हैं, तो जवाबदेही कहाँ है? क्या डबल इंजन सरकार अब नशे की तस्करी का ट्रांसपोर्ट मॉडल बन गई है? उन्होंने हाल के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेता विश्वास सारंग के करीबियों को पहले एमडी ड्रग केस में हिरासत में लिया गया था। हाल ही में भाजपा मंत्री प्रतिमा बागरी के सगे भाई और बहनोई को भारी मात्रा में गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने सवाल उठाया, यह क्या संदेश देता है? क्या सरकार खुद नशे में डूबी है? पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश ही एकमात्र ऐसा राज्य है जो 17,000 करोड़ रुपये की शराब राजस्व का लक्ष्य लेकर चल रहा है और अवैध नशे के कारोबार में पंजाब को भी पीछे छोड़ चुका है। पटवारी ने मंत्री प्रतिमा बागरी का तत्काल इस्तीफा मांगा और उन्होंने आग्रह किया कि यदि मुख्यमंत्री निर्णायक कदम नहीं उठा सकते, तो यह जिम्मेदारी किसी सक्षम व्यक्ति को सौंपी जाए।

> खजुराहो में जारी मंत्रिमंडल बैठक पर भी पटवारी ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि फूड पॉइजनिंग से कर्मचारियों की मौत के बावजूद अब तक कोई मंत्री या अधिकारी उनके परिजनों से मिलने नहीं गया। कांग्रेस ने कहा कि वह मध्यप्रदेश की जनता के साथ खड़ी है और सरकार की नाकामियों को उजागर करती रहेगी।

# इंजीनियर को बंधक बनाने का मामला

## मामला हाई कोर्ट में उलझा

**इंदौर,9 दिसंबर. एक इंजीनियर को लगभग 30 घंटे थाने में बैठाए जाने का मामला अब हाई कोर्ट में नए मोड़ पर आ गया है. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस लेने की इच्छा जताकर सभी को चौंका दिया. यह कदम मामले की गंभीरता और कोर्ट की पहले से जताई गई आपत्तियों के मद्देनजर कई सवाल खड़े कर रहा है.**

### 30 घंटे तक बनाया था बंधक



घटना के संबंध में हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई थी. आरोप था कि पुलिस ने आरोपी की खोज के दौरान उसके बेटे को थाने लाकर करीब 30 घंटे तक रोके रखा, जबकि उसका अपराध से कोई संबंध नहीं था. पहली सुनवाई में कोर्ट ने इस कार्रवाई पर सख्त रुख अपनाते हुए थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल को सीसीटीवी फुटेज और रिकॉर्ड पेश करने के आदेश दिए थे. सीसीटीवी फुटेज जमा होने के बाद अदालत ने हिरासत की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए और पुलिस प्रशासन से पूछा कि इस तरह की कार्रवाई की जिम्मेदारी किस पर तय होती है. कोर्ट ने विभागीय और संभावित आपराधिक कार्रवाई पर रिपोर्ट भी मांगी थी. हालिया सुनवाई में याचिकाकर्ता ने स्पष्ट किया कि वह किसी दबाव में नहीं है और स्वेच्छा से याचिका वापस लेना चाहता है.

अदालत ने इसे हल्के में न लेते हुए कहा कि रिकॉर्ड और फुटेज की जांच जारी रहेगी और सिर्फ याचिका वापस करने से मामला समाप्त नहीं माना जाएगा. सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे और अदालत द्वारा मांगा गया दस्तावेजी रिकॉर्ड पेश किया गया.



# अफ्रीकी खिलाड़ी चारों खाने चित

## भारत ने द. अफ्रीका को 101 रन से रौंदा



**कटक 9 दिसम्बर. भारत ने पहले टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रनों से हरा दिया है. इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने अपने टी20 इंटरनेशनल कॅरियर के 100 विकेट पूरे किए.**

कटक में खेले गए इस मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 175 रनों का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 74 रनों पर ढेर हो गई. अब तक कटक के बाराबती स्टेडियम में भारतीय टीम, दक्षिण अफ्रीका को हरा नहीं पाई थी. अब तक दोनों मैचों में यहां दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया था, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इस बार टीम इंडिया ने अफ्रीका को 101 रनों की बड़ी हार का स्वाद चखाया है.

भारतीय टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहा. सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा फ्लॉप रहे. एक छोर से लगातार विकेट गिरते रहे, लेकिन हार्दिक पांड्या ने 28 गेंदों में नाबाद 59 रनों की तूफानी पारी खेली. एक समय टीम इंडिया का स्कोर 12 ओवर में 80/4 था, लेकिन यहां से हार्दिक के बल्ले ने ऐसा कहर बरपाया कि अंतिम 8 ओवरों में टीम इंडिया ने 95 रन बना डाले. इस तरह भारतीय पारी 175 रनों पर समाप्त हुई. 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत ही बहुत खराब रही. टीम का खाता भी नहीं खुला था, तभी क्विंटन डिकॉक आउट हो गए. अफ्रीकी टीम के टॉप स्कोरर डेवाल्ड ब्रेविस रहे, जिन्होंने 22 रन बनाए.

- पांड्या ने खेली 27 गेंद पर 59 रन की पारी
- भारत ने आखिरी 8 ओवर में जोड़े 95 रन
- बुमराह ने पूरा किया विकेटों का शतक

दक्षिण अफ्रीका के सिर्फ चार खिलाड़ी ही रनों के मामले में दहाई का आंकड़ा पार कर पाए. अब टीम इंडिया पांच टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है. भारत के लिए अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए. हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे भी एक-एक विकेट चटकाने में कामयाब रहे. जसप्रीत बुमराह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेटों का शतक लगाने वाले केवल दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं. उनसे पहले अर्शदीप सिंह ऐसा कर चुके हैं.

### एनगिडी ने तोड़ी कमर



लुंगी एनगिडी ने भारत के खिलाफ कटक में शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने पहले ही ओवर में शुभमन गिल के रूप में ब?ा विकेट लिया. इसके बाद उन्होंने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (12) को भी सस्ते में पवेलियन भेजा. तिलक वर्मा जो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, एनगिडी ने उन्हें अपने तीसरे ओवर में चलता किया.

# आईपीएल 2026 नीलामी: 350 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी

## 16 दिसंबर को अबू धाबी में लगेगी बोली; 10 टीमें 77 स्लॉट भरेंगी

**नयी दिल्ली 09 दिसंबर,** आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी इस बार पूरी तरह हाई-वोल्टेज होने वाली है। वजह साफ है—350 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट रिलीज़ हो चुकी है और 2 करोड़ रुपये वाले टॉप बेस-प्राइस ब्रैकेट में सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है: वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई। बाकी सारे बड़े नाम विदेशी हैं, जिनमें कैमरन ग्रीन को इस बार का संभावित 'जैकपॉट पिक' माना जा रहा है।

**2 करोड़ बेस प्राइस में सिर्फ दो भारतीय—अय्यर और बिश्नोई**

**कोलकाता नाइट राइडर्स का सबसे बड़ा पर्स—64.30 करोड़,**

आईपीएल 2026 का मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा और ठीक उससे पहले बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की जो फाइनल लिस्ट जारी की है, उसने माहौल पूरी तरह गर्म कर दिया है। 1390 रजिस्टर्ड खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया है—इनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस बार की लिस्ट में सबसे बड़ा फोकस बेस प्राइस 2 करोड़ ब्रैकेट पर है, जहां सिर्फ दो भारतीय नाम देखकर फैंस भी थोड़ा शॉक्ड हैं। वे दोनों खिलाड़ी हैं—रवि बिश्नोई (स्पिनर) और वेंकटेश अय्यर (ऑलराउंडर)। इंडियन फ्रेंचाइजियों ने इन दोनों में सालों से लगातार पोटेंशियल देखा है और शायद इसलिए दोनों ने खुद का वैल्यूएशन सीधे टॉप कैटेगरी में रखा है। इसके साथ विदेशी दिग्गजों की लिस्ट इतनी लंबी है कि सिर्फ उनके नाम ही ऑक्शन रूम को तनाव में डालने के लिए काफी हैं—कैमरन ग्रीन, लियाम लिविंगस्टोन, राचिन रविंद्र, डेवन कॉन्वे, एनरिक नॉर्त्जे, गेराल्ड कोएत्ज़ी, महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा जैसे टॉप-टियर खिलाड़ी इसी ब्रैकेट में शामिल हैं। इस नीलामी को लेकर एक और दिलचस्प बात यह है कि फ्रेंचाइजियों की मांग पर 35 खिलाड़ियों को बाद में जोड़ा गया—यानी टीमों ने बेहद टार्गेटेड रिक्वेस्ट भेजीं।



### उपलब्ध पर्स

| टीम | (करोड़ रु.में) |
|---|---|
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 22.95 |
| राजस्थान रॉयल्स | 16.05 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 25.5 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | 16.4 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 64.3 |
| मुंबई इंडियंस | 2.75 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 43.4 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 21.80 |
| गुजरात टाइटंस | 12.9 |
| पंजाब किंग्स | 11.5 |

| टीम | कुल उपलब्ध स्लॉट्स | विदेशी स्लॉट्स |
|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 6 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 2 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 |
| राजस्थान रॉयल्स | 9 | 1 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 5 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 2 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 4 |
| गुजरात टाइटंस | 5 | 4 |
| मुंबई इंडियंस | 5 | 1 |
| पंजाब किंग्स | 4 | 2 |

### नीलामी के तीन सबसे युवा खिलाड़ी

| खिलाड़ी | देश | उम्र (मौजूदा) |
|---|---|---|
| वाहिदुल्लाह जादरान | अफगानिस्तान | 18 साल 13 दिन |
| साहिल परख | भारत | 18 साल 6 महीना 2 दिन |
| आरएस अम्ब्रिश | भारत | 18 साल 6 महीना 11 दिन |

### नीलामी के चार सबसे उम्रदराज

| खिलाड़ी | उम्र | देश | बेस प्राइस (लाख रुपये) |
|---|---|---|---|
| जलज सक्सेना | 39 | भारत | 40 |
| कर्ण शर्मा | 38 | भारत | 50 |
| उमेश यादव | 38 | भारत | 150 |
| रिचर्ड ग्लीसन | 38 | इंग्लैंड | 75 |

## एक नजर में


### म्लाबा ने टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग लगाई छलांग

**दुबई.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11.33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



### टॉम ब्लंडेल न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

**वेलिंग्टन.** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिंडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48.58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था।



### कैंसर से उबरने के बाद वापसी करेंगे निक मैडिनसन

**सिडनी.** कैंसर से उबर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज निक मैडिनसन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बिग बैश लीग (बीबीएल) से वापसी करेंगे। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज ने सिडनी थंडर के साथ दोबारा अनुबंध किया है। थंडर ने मंगलवार को मैडिनसन के लिए एक सत्र का नया अनुबंध घोषित किया, जहां टीम के जनरल मैनेजर ट्रेंट कोपलैंड ने 33 वर्षीय इस खिलाड़ी के इस समर में वापसी की घोषणा की। मैडिनसन ने आखिरी बार इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड मैच खेला था। इसके बाद उन्हें कैंसर का पता चला। जुलाई में उन्होंने नौ सप्ताह की कीमोथेरेपी पूरी की, लेकिन कैंसर उनके पेट और फेफड़ों तक फैल गया था। हालांकि उनका इलाज सफल रहा और उन्होंने फिर से अभ्यास शुरू दिया है। वह सिडनी में ईस्टर्न सबअर्ब्स के लिए चार क्लब मुकाबले खेल चुके हैं। मैडिनसन ने कहा, 'मैं थंडर के साथ बने रहकर बहुत खुश हूं। हाल के समय में मुझे कुछ झटके जरूर लगे, लेकिन मुझे अपने दोस्तों, परिवार और क्लब से जबरदस्त समर्थन मिला। अब मैं बस पूरी तरह ध्यान लगाकर सीजन शुरू करने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार हम पिछले साल से एक कदम आगे बढ़ सकेंगे।'

# दिया-मानुष की जोड़ी करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

## डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025



**हांगकांग 09 दिसंबर** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था।

> मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिंगशा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेंटिंग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

# रितिक ने पुरुष जूडो में जीता स्वर्ण

**उदयपुर, 09 दिसंबर.** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया।

उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया।

- 100 किग्रा वर्ग में यश घांघस को हराया

### हांगकांग से बहुत कुछ सीख कर लौटा हूं

मुकाबले के बाद रितिक ने कहा, 'हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है।' 'पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं.

### आईएफएएफ अपना मुख्यालय लॉजेन शहर में करेंगा स्थानांतरित

**जिनेवा, 9 दिसंबर** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अमेरिकन फुटबॉल (आईएफएएफ) ने अपना वैश्विक मुख्यालय ओलंपिक की राजधानी स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। आईएफएएफ की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया, 'यह कदम अमेरिकन फुटबॉल के खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जो ओलंपिक आंदोलन के प्रति अपनी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।



# कंगारू टीम को लगा झटका

## हेजलवुड हुए बाहर, कमिंस की वापसी करीब

**मेलबर्न, 09 दिसंबर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड एक नई चोट के कारण एशेज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए।**

हेजलवुड शुरू में पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर थे। हालांकि, पिछले हफ्ते एक नई अकिलीज से संबंधित समस्या ने इस गर्मी में उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है,

ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के चोटिल होकर टीम से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा, 'दुर्भाग्य से, जोश एशेज का हिस्सा नहीं होंगे। उनके लिए यह बहुत निराशाजनक है। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज अब सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस के एडिलेड में तीसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद से बढ़ावा मिला है।

- ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच ने की पुष्टि



### मार्क वुड हुए बाहर

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्थ में पहले ऐशेज टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के कारण ऐशेज सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में जगह दी गई है।

**शाहिद अफरीदी बोले** — पूर्व पाक कप्तान ने गौतम गंभीर की सोच पर उठाए सवाल

# कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, 2027 तक खेलना चाहिए

**कराची, 9 दिसंबर पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी के बयानों ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट बहस में नई आग भर दी है।**

अनुभवी ऑलराउंडर ने इस बार न केवल विराट कोहली और रोहित शर्मा की तारीफों के पुल बांधे, बल्कि भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीतियों और उनके निर्णय लेने के तरीके पर भी सवाल खड़े किए। अफरीदी ने साफ कहा कि कोहली और रोहित भारतीय वनडे टीम की रीढ़ हैं और मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए उन्हें कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए। अफरीदी के शब्दों में यह विश्वास झलकता है कि भारतीय क्रिकेट की मौजूदा सफलता और स्थिरता में इन दोनों दिग्गजों की भूमिका अब भी उतनी ही मजबूत है, जितनी कई साल पहले थी। टेलिकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक अफरीदी ने कहा कि हालिया वनडे सीरीज में कोहली और रोहित की फॉर्म इस बात का संकेत है कि दोनों अपनी उम्र के बावजूद उच्च स्तर पर लगातार प्रदर्शन कर सकते हैं। अफरीदी का मानना है कि अनुभव और क्लास का कोई विकल्प नहीं होता, और भारत यदि अपने संसाधनों का उचित इस्तेमाल करे तो इन दोनों खिलाड़ियों को बेहद रणनीतिक तरीके से मैनेज किया जा सकता है। उनके अनुसार कमजोर टीमों के खिलाफ भारत को नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए, जबकि कोहली और रोहित जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देना चाहिए ताकि उनकी फिटनेस लंबे टूर्नामेंट्स के लिए सुरक्षित रहे। अफरीदी की यह राय भारतीय क्रिकेट के भीतर चल रही उस बहस से जुड़ती है जिसमें युवा खिलाड़ियों को मौका देने और अनुभवी खिलाड़ियों को बनाए रखने के बीच संतुलन ढूंढने की चुनौती सामने आती रहती है।

- रोहित द्वारा छक्कों के रिकॉर्ड टूटने पर अफरीदी ने जताई खुशी
- गंभीर को बताया—'हर फैसला सही नहीं होता'
- कमजोर टीमों के खिलाफ युवाओं को मौका देने की वकालत



> रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के अफरीदी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने पर अफरीदी ने कहा कि रिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं, यही खेल की खूबसूरती है। उन्होंने यह बात भी जोड़ी कि यह रिकॉर्ड ऐसे खिलाड़ी ने तोड़ा है जिसे उन्होंने हमेशा पसंद किया और जिसके टैलेंट को वह बहुत पहले ही पहचान चुके थे।

# इंडिगो की उड़ानों पर 10 प्रतिशत की कटौती

**750** उड़ानें हर सप्ताह कम करनी होंगी

**951** इंडिगो की उड़ानें रद्द रही




**नई दिल्ली, 09 दिसंबर 2025। उड़ान रद्दीकरण की लंबी श्रृंखला और इससे यात्रियों को हुई परेशानियों के बीच केंद्र सरकार ने इंडिगो एयरलाइंस पर कड़ा कदम उठाया है.**

पिछले कुछ दिनों में अचानक बढ़ी उड़ान रद्दीकरण घटनाओं ने न केवल यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित किया, बल्कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय को एयरलाइन के परिचालन प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाने के लिए मजबूर कर दिया. इसी के तहत सरकार ने मंगलवार को इंडिगो को उसके रूट नेटवर्क में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश जारी किया है, ताकि संचालन को स्थिर किया जा सके और उड़ान रद्दीकरण में कमी लाई जा सके. नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को मंत्रालय में तलब कर स्थिति की विस्तृत समीक्षा की. एयरलाइन के आंतरिक कुप्रबंधन, विशेष रूप से चालक दल की ड्यूटी से जुड़ी अनियमितताओं के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है. नियामक ने बताया कि शिड्यूल के मुताबिक इंडिगो को नवंबर में 64,346 उड़ानों का संचालन करना था जबकि उसने मात्र 59,438 उड़ानों का संचालन किया और 951 उड़ानें रद्द रहीं. इसके अलावा उसके बेड़े में मौजूद 403 विमानों में से अक्टूबर में एयरलाइंस ने मात्र 339 विमानों और नवंबर में 344 विमानों का परिचालन किया. उल्लेखनीय है कि दिसंबर में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद सरकार ने मामले की जांच के लिए एक चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है.

### इंडिगो संकट जारी, आज भी कई उड़ानें रद्द

निजी क्षेत्र की विमानन सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कम से कम 13 उड़ानें या तो रद्द हैं या नहीं चल रही हैं. इनमें आठ प्रस्थान उड़ानें और पांच आगमन उड़ानें हैं. इसी तरह से अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आज सुबह आठ बजे तक 16 उड़ानें रद्द होने का ऐलान किया गया. इनमें नौ आगमन और सात प्रस्थान उड़ानें हैं. अन्य शहरों से भी इसी तरह उड़ानें के रद्द होने का समाचार है. उल्लेखनीय है कि इस महीने अब तक इंडिगो की पांच हजार से अधिक उड़ानें रद्द रही हैं. एलबर्स ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा है कि सोमवार को कंपनी ने 1,800 उड़ानों का परिचालन किया था और आज भी 1,800 से अधिक उड़ानों का परिचालन करेगी. उन्होंने बताया कि अब एयरलाइंस की वेबसाइट पर जो भी उड़ानें दिख रही हैं, वे सभी वास्तव में अपने गंतव्य तक जायेंगी.

## लेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 62 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली, 09 दिसंबर.** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी. यात्री वाहनों में कारों, उपयोगी वाहनों और कैब को शामिल किया जाता है. वाहन डीलरों के संगठन सियाम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे. इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गयी. इस प्रकार इसमें 61.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं.




## 17 जनवरी से 2 ज्योतिर्लिंग के साथ करें दक्षिण दर्शन यात्रा

**नागपुर, 09 दिसंबर. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन निरंतर किया जा रहा है. इसी क्रम में यह विशेष ट्रेन दिनांक 17 जनवरी 2026 को रीवा से 02 ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी.**

यह ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर एवं सेवाग्राम स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन में सवार हो सकेंगे. 10 रात/11 दिन की इस पवित्र यात्रा में यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और श्रीशैलम (मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग) के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराया जाएगा.

**टूर किराया (प्रति यात्री)**

स्लि– इकोनॉमी श्रेणी– 20,400/–

3एसी – स्टैंडर्ड श्रेणी– 33,700/–

2एसी कम्फर्ट श्रेणी– 44,500/–

आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र मुंबई के ग्रुप जनरल मैनेजर श्री गौरव झा ने बताया कि यह सर्व–समावेशी टूर पैकेज यात्रियों को एक सुरक्षित, आरामदायक और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है.

बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के निम्न कार्यालयों से संपर्क करें—

**जबलपुर**
9321901832
9910617464

**भोपाल**
9321901862
8287931723

**नागपुर**
7021092912

8287931723

**इंदौर**
0731– 2522200
9321901865,
8287931711
8287931624,
8287931729

## पेज एक का शेष

### बुंदेलखंड में सरकार

फीसदी राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक 6 माही एन्युटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा. इसके अतिरिक्त भू अर्जन एवं अन्य कार्यों के लिए 323 करोड़ 41 लाख रूपये का भुगतान भी राज्य बजट से किया जाएगा.

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के रहवास के लिए विकसित किया जाएगा. आने वाले दिनों में अब बुंदेलखंड में भी चीते फर्राटा भरते नजर आएंगे. कैबिनेट ने सागर में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है. वहीं कैबिनेट ने दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 165 करोड़ 6 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है.

### 11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन होगा

केंद्र का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में किया जाएगा. इसी प्रकार उज्जैन के जीवाजीगंज और खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का विस्तार कर उन्हें 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा. पन्ना के अजयगढ़, खरगौन के महेश्वर, सिंगरौली के देवसर और रीवा के हनुमना स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में अपग्रेड होगा. बड़े उन्नयन कार्यों में बैतूल के भीमपुर, सिंगरौली के चितरंगी और अनूपपुर के कोतमा स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में बदलना शामिल है. साथ ही, सागर जिले के बीना स्थित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उन्नयन कर उसे 100 बिस्तरीय किया जाएगा.

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट, सेंसेक्स 436 अंक टूटा

**मुंबई, 09 दिसंबर.** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक (0.51 प्रतिशत) टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी–50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ. सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे. दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही. इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही. आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही. वहीं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों, रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया.

## सोना चढ़ा, चांदी भी हुई महंगी

**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. भोपाल में सोने और चांदी के बाजारों में आज फिर से हलचल बढ़ गई है. नए सप्ताह के पहले ही दिन सराफा कारोबारियों के बीच रौनक दिखाई दी, क्योंकि दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई.**



कारोबार में जहां 24 कैरेट सोना 30 रुपये महंगा होकर 130,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, वहीं चांदी की कीमत में एक बार फिर तेज उछाल आया और यह 1,020 रुपये बढ़कर 182,420 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई. देशभर के बुलियन मार्केट्स में भी इसी तरह की मजबूती देखने को मिली.

## भारत–ईयू एफटीए वार्ता की समीक्षा

**नयी दिल्ली.** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यहां यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मोरोस सेफकोविच के साथ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में प्रगति की समीक्षा की और उम्मीद जतायी कि दोनों पक्ष परस्पर हित का एफटीए करने में सफल होंगे. पीयूष गोयल और ईयू आयुक्त सेफकोविच की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश, परस्पर हितों वाला समझौता करने की उम्मीद मजबूत. श्री गोयल ने सोसल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त, श्री मारॉस सेफकोविच के साथ एक अच्छी बैठक हुई हुई. हमने भारत–ईयू एफटीए में हुई प्रगति पर चर्चा की और बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मुद्दों को सुलझाने के तरीके खोजे.

## आरबीआई ने जारी किया डॉलर/ रुपया स्वैप बोली का विवरण

मुंबई, 09 दिसंबर. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह घोषित डॉलर/रुपया स्वैप बोली का विवरण सोमवार को जारी किया. केंद्रीय बैंक ने बताया कि बोली 16 दिसंबर को सुबह 10 .30 से 11 .30 तक लगायी जा सकेगी. इसके तहत वाणिज्यिक बैंक आरबीआई को डॉलर बेचेंगे और तीन साल बाद एक प्रीमियम दर पर वह उन्हें वापस कर दिया जायेगा.

**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्न कंपनी)
क्षेत्रीय कार्यालय: शेखपुरा, राजाबाजार, पटना-800014, (बिहार)
Contact No.: 6287501813

**अल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड) मे–मूंग प्रमाणित एवं सत्यापित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/सहकारी सस्थाओं/प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्त्ता संस्थाओं से अल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा, **दिनांक 17.12.2025 समय 15.00 बजे** तक ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.indiaseeds.com, https://indiaseeds.enivida.com** पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

## वाधवानी को 2002 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस

लगातार कच्ची बिलिंग, उत्पादन छिपाने और सप्लाई नेटवर्क को परत दर परत बांटकर करोड़ों का राजस्व नुकसान किया गया. वाधवानी और एलोरा ग्रुप की ओर से नोटिस रोकने की कोशिश में केस हाईकोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा. हाईकोर्ट ने इस साल न सिर्फ याचिका खारिज की, बल्कि दो लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा कि मामले को अनावश्यक रूप से अटकाया जा रहा है. इसके खिलाफ समूह ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी, लेकिन 2 दिसंबर 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने भी केस खारिज करते हुए हाईकोर्ट के निर्णय को सही माना. इस आदेश के बाद विभाग को वह रास्ता साफ मिला, जिसका इंतजार वर्षों से था, और 6 दिसंबर को एक साथ पूरे नेटवर्क पर 2002 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी कर दिया. उक्त कार्रवाई न केवल गुटखा कारोबार के सबसे बड़े नेटवर्क पर बड़ा झटका है, बल्कि टैक्स चोरी के मामलों में सख्त होती कार्रवाई का संकेत भी देती है. इंदौर की यह फाइल अब पूरे देश में राजस्व जांच एजेंसियों के लिए मिसाल मानी जा रही है. एलोरा टोबैको, दबंग दुनिया पब्लिकेशन, किशोर वाधवानी, श्याम खेमानी, अनमोल मिश्रा, धर्मेंद्र पीठादिया, राजू गर्ग, शिमला इंडस्ट्रीज प्रा.लि., देवेंद्र द्विवेदी, विनायका फिल्टर्ड प्रा.लि., विनोद बिदासरिया सहित रमेश परिहार, टीएएन इंटरप्राइजेज, एसआर ट्रेडिंग, निश्का इंटरप्राइजेज, इंक फ्रूट, एमएन इंटरप्राइजेज, रानी प्रेस प्रा.लि., जौहर हसन और एनजी ग्राफिक्स एंड ब्लॉक मेकर्स से जवाब मांगा गया है.




## स्पाइसजेट के बेड़े में शामिल हुए दो और बोइंग 737

**नयी दिल्ली, 09 दिसंबर.देश के उड्डयन क्षेत्र में जारी संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में दो और बोइंग 737 विमान शामिल हो गये हैं.**

स्पाइसजेट ने बताया कि दोनों विमान 26 और 29 नवंबर से वाणिज्यिक उड़ान भरनी शुरू कर चुके हैं. इनका उपयोग दिल्ली–बैंकॉक, अहमदाबाद–दुबई और अहमदाबाद–कोलकाता मार्गों पर किया जा रहा है. पीक मांग वाले समय में दो विमानों का बेड़े में शामिल होना कंपनी के लिए काफी लाभदायक है. स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी देबोजो महर्षि ने इसे चरणबद्ध तरीके से क्षमता विस्तार की तरफ एक और कदम बताया. उन्होंने उम्मीद जतायी कि इससे परिचालन को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी.

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED**
Office of The Dy. General Manager (O&M) Division, Sohagpur
E-mail : mpczdgmsohagpur@gmail.com

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited separate offer/rate for hiring the below mentioned type of Vehicle in the following Location :-

| Tender Specification | Name of Unit/ Offer | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|
| DGM/O&M/SGP/ Veh/ Enq./3036 Sohagpur Dated. 08.12.2025 | Makhan Nagar DC Under DGM (O&M) Sohagpur | Type F1-Mini Pick up–Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open fron backside for carriage of man, materials, ladder, etc.or equivalent | 3000/- | 13.12.2025 Up to 03:00 pm | 13.12.2025 at 3:30 pm |
| DGM/O&M/SGP/ Veh/ Enq./3037 Sohagpur Dated. 08.12.2025 | Sohagpur Town Under DGM (O&M) Sohagpur | Type F5: Mini Pick up–Double cabin With ladder/Any Low-End SUV half open From backside for carriage of man, materials ladder, etc or equivalent. (For Three Shift) | 3000/- | 18.12.2025 Up to 03:00 pm | 18.12.2025 at 3:30 pm |

Other Details, terms Condition are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed offices
M.P. Madhyam/123438/2025
DGM (O&M)

NHIDCL
अवसंरचना निर्माण– राष्ट्र निर्माण

**राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड**
**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार**
भारतमाला प्रगति के पथ पर अग्रसर

प्रथम एवं द्वितीय तल, टॉवर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029
बेवसाईट: www.nhidcl.com, ईमेल: recruitment.nhidcl@nhidcl.com

**भर्ती सूचना संख्या. 03/2025**

एनएचआईडीसीएल **केंद्र/राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों; मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त/सांविधिक निकायों** के पात्र अधिकारियों से **प्रतिनियुक्ति आधार पर** नीचे दिए गए पदों के लिए **प्रारंभिक 3 वर्ष** की अवधि के लिए (जिसे 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद/संवर्ग का नाम | आईडीए वेतनमान और स्तर (₹) | पदों की संख्या | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (मानव संसाधन और प्रशासन) | ई6 (₹90,000 – 3% – 2,40,000) | 02 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 2 | उप–महाप्रबंधक (मानव संसाधन और प्रशासन) | ई5 (₹80,000 – 3% – 2,20,000) | 03 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 3 | महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) | E6 (₹90,000 – 3% – 2,40,000) | 02 | मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली |
| 4 | उप–महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) | ई5 (₹80,000 – 3% – 2,20,000) | 05 | 03 पद मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी, असम में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल में |
| 5 | उप–महाप्रबंधक (भूमि अर्जन) | ई5 (₹80,000 – 3% – 2,20,000) | 02 | 01 पद मुख्यालय, एनएचआईडीसीएल, नई दिल्ली में<br>01 पद क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी, असम में |

**वेतन और भत्ते:** डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार।
**अधिकतम आयु सीमा:** 56 वर्ष (आवेदन की आखिरी तारीख तक)।
**तारीखें:** आवेदन आरंभ होने की तारीख : 29.11.2025.
आवेदन करने की अंतिम तारीख : 13.01.2026.

**विस्तृत पात्रता, अनिवार्य अहर्ता और अनुभव, आवेदन कैसे करें, आवेदन प्रपत्र, चयन प्रक्रिया आदि के लिए, कृपया 29.11.2025 के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन या एनएचआईडीसीएल वेबसाइट: www.nhidcl.com → careers → current vacancies देखें।**

cbc37112/12/0006/2526
महाप्रबंधक (भर्ती)

**अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण**

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME

**रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट संख्या 1117 और 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301।

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत उधारकर्ता को सूचना।**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (आरएचएफपीएल) से ऋण लेने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता आरएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किश्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(कों) ने आरएचएफपीएल को अचल संपत्ति/संपत्तियों की सुरक्षा प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऋण का विवरण और उधारकर्ता/कों द्वारा आरएचएफपीएल को आज तक बकाया और देय राशि भी नीचे दी गई है। उधारकर्ता(कों) के साथ-साथ आम जनता को भी सूचित किया जाता है कि आरएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के भीतर अपने नामों के सामने इंगित बकाया राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत सुरक्षित लेनदार को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों से लेन-देन न करें।

| स. क्र. | उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/ऋण खाता संख्या/शाखा का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि | सुरक्षित संपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/संपत्तियों) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | LAN: HLBHPLSCPR000005004214 / शाखाः भोपाल क्लस्टर 1. अभिषेक लोधी, 2. पिंकी पटेल दोनों पता1ः (मकान क्र. 56 अरवलिया इंतखेड़ी भोपाल, भोपाल, म.प्र.-462001, भारत) पता 2ः (खसरा नं. 197 ग्राम अरवलिया पीएच नं.09 के प्लॉट नंबर 56 भाग पर मकान तहसील हुजूर एवं जिला. भोपाल (भोपाल, म.प्र.-462038 भारत) क्र. 1 भी - (सुखी सेवनिया विदिशा रोड, भोपाल, म.प्र.-462038, भारत) | 12.11.2025 और रू.1098658/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिसका पता : (प्लाट संख्या 56 पर मकान, खसरा संख्या 197 का भाग ग्राम अरवलिया पीएच नं. 09, तहसील हुजूर और जिला भोपाल, मध्य प्रदेश - 462038 भारत) |
| 2 | LAN: HLGANJPPSC000005017277 / शाखाः गंजबासौदा 1. आशीष नामदेव, 2. मुकुल नामदेव, 3. वर्षा नामदेव सभी पता 1ः (वार्ड क्रमांक 07, बामोरा, सागर, सागर, मध्य प्रदेश-470117, भारत) 2 पता : (फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट जिसका प्लॉट क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट है। का हिस्सा है) भूमि राजस्व, खसरा नं. 23 (बी)वार्ड नं. 06 थर्ड लाइन मंडी बामोरा तहसील बीना जिला सागर मप्र मध्य प्रदेश-464224 भारत) क्रम संख्या 1 भी - (मुख्य बाजार, मंडी बमोरा, बीना, स्टेशन रोड, मंडी बमोरा, मध्य प्रदेश, सागर, मध्य प्रदेश-470117, भारत) | 12.11.2025 और रू.1672682/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिसका पता : (फ्रीहोल्ड आवासीय भूखंड, क्षेत्रफल 450 सॉफ्ट, भूमि राजस्व का हिस्सा, खसरा संख्या 23 (बी), वार्ड संख्या 06, तीसरी लाइन, मंडी, बामोरा तहसील, बीना, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 464224, भारत)। |
| 3 | LAN:LASHUJLPRS000005014565 / शाखाः शुजालपुर 1. बनवारी लाल सो कैलाश नारायण, 2. रुकमणी बाई वो कैलाश नारायण दोनों पता 1ः (वार्ड एन 14 बोदा, राजगढ़ बिया बोड़ा, म.प्र.- 465657, भारत) पता 2ः (वार्ड क्रमांक 13 मकान क्रमांक 77 खसरा क्रमांक 77, रकबा 336 वर्गफुट पर स्थित है ग्राम बोड़ा, तहसील नरसिंहगढ़ जिला. राजगढ़ म.प्र. मध्य प्रदेश - 465657 भारत) क्रमांक 1 भी - पता 2 परः (बोडा, बोडा राजगढ़, राजगढ़, मध्य प्रदेश-465661, भारत)। | 12.11.2025 और रू. 832340/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिसका पता : वार्ड क्रमांक 13, मकान क्रमांक 77, खसरा क्रमांक 77, रकबा 336 वर्ग फुट, ग्राम बोडा, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ में स्थित मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश- 465657, भारत) |
| 4 | LAN:HLBHPLSCON000005008812/शाखाः भोपाल क्लस्टर 1. दीपक साहू, 2. पिंकी साहू पता जोड़ें 1ः (घर नं.193 बल्लभ भाई पटेल नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश-462001, भारत) पता 2ः (वार्ड क्रमांक 18 खसरा क्रमांक 509/2/1 का भाग, एडीएम 800 वर्ग फीट, पी.एच.नं. 111/24 ग्राम बसई सेमरा रोड बसई छत्रपति शिवाजी वार्ड ब्लॉक बैरसिया हाटसिल बैरसिया जिला भोपाल, मध्य प्रदेश-463106 भारत) क्र.1 भी (साहू ट्रेडर्स, नरसिंहगढ़ रोड बैरसिया भोपाल, म.प्र.-463106, भारत) | 12.11.2025 और रू. 924674/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (वार्ड संख्या 18, खसरा संख्या 509/2/1 का भाग, प्रशासनिक 800 वर्ग फुट, पीएच नं. 111/24 ग्राम बसई, सेमेरा रोड, बसई छत्रपति शिवाजी वार्ड ब्लॉक बैरसिया तहसील, बैरसिया, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश- 463106 भारत)। |
| 5 | LAN: HLSHUJSCON000005012519 / शाखाः शुजालपुर 1. धर्मराज मेवाड़ा, 2. कृष्णा बाई मेवाड़ा, 3. राजेश मेवाड़ा दोनों पता 1ः (वार्ड क्रमांक, पोस्ट पनवाड़ी ग्राम, शाजापुर, म.प्र.-465001, भारत) पता 2ः (पीएच नं. 31 ख. नं. 244/2, रकबा 1076 वर्ग फीट, ग्राम कामदीर्पुर तहसील मोमन बड़ोदिया जिला शाजापुर म.प्र. शाजापुर म.प्र.-465001 भारत) क्रमांक 1 पर भी. | 12.11.2025 और रू. 615122/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (पीएचएन 31 खसरा नंबर 244/2, रकबा 1076 स. एफटी., ग्राम कामदीर्पुर तहसील मोमन बड़ोदिया जिला शाजापुर म.प्र शाजापुर मध्य प्रदेश - 465001 भारत) |
| 6 | LAN: LAGANJLPRS000005017509/शाखाः गंजबासौदा, 1. कपिल कुमार कलावत, 2. रेखा पत्नि कपिल कुमार दोनों पताः W.NO.07, गायत्री नगर चार खंबा गली, बरेथ रोड, गंज बासौदा, विदिशा, गंज बासौदा, म.प्र.-464221, भारत) पता 2ः (प्लॉट/मकान जिसका प्लॉट क्षेत्रफल 560 वर्ग फुट है। जो मकान नं. पर स्थित है। 224 वार्ड नं. 07 स्वामी विवेकानन्द वार्ड गायत्री नगर चारखम्भा गली गंज नगर पालिका परिषद क्षेत्र गंज के अंतर्गत बासौदा बासौदा तहसील गंज बासौदा जिला. विदिशा म.प्र. गंज बासौदा म.प्र.-464221 भारत) क्र.1 भी (0,एलबीएस कॉलेज के सामने, गंजबासोदा, गंज बासौदा,, त्योंदा) रोड, गंज बासौदा, गंज बासौदा, म.प्र.-464221, भारत) | 12.11.2025 और रू. 998153/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (प्लॉट /मकान जिसका क्षेत्रफल 560 वर्ग फुट है, जो मकान संख्या 224, वार्ड संख्या 07, स्वामी विवेकानंद वार्ड, गायत्री नगर, चारखंबा गली गंज बासौदा, नगर परिषद के अंतर्गत क्षेत्र, गंज बासौदा, तहसील, गंज बासौदा जिलाः विदिशा, मध्य प्रदेश, गंज बासौदा मध्य प्रदेश- 464221, भारत) |
| 7 | LAN: HLSEHRSCON000005016227/शाखाः सीहोर, 1. राजेंद्र पुत्र ज्ञान सिंह, 2. बासकन्या ठाकुर, 3. ज्ञान सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह दोनों पताः 1 ग्राम परोलिया पार अरोलिया सीहोर, अरोलिया म.प्र.- 466116, म.प्र.-466116, भारत) पताः 2 (ख.नं. 167, रकबा 114.5 वर्गमीटर, ग्राम परोलिया तहसील आष्टा) जिला सीहोर (म.प्र.) मध्य प्रदेश-466116 भारत) | 12.11.2025 और रू. 831449/- 11.11.2025 तक | पंत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (खसरा नं. 167, रकबा 114.5 वर्ग मीटर) ग्राम परोलिया तहसील आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.) मध्य प्रदेश - 466116 भारत). |
| 8 | LAN: LAVDSHLPRS000005017855/शाखाः विदिशा 1. रंजीत सिंह रघुवंशी। 2. राजकुमारी वो रंजीत रघुवंशी दोनों पताः 1 (ग्राम गुलाबगंज पोस्ट गुलाबगंज, गुलाबगंज,, विदिशा, विदिशा, मध्य प्रदेश-464220, भारत) पता 2ः (ग्राम गुलाब गंज पीएच नं. 11, प्लॉट क्षेत्र 0.082 हेक्टेयर, भूमि सर्वेक्षण नं. 141/1/2 तेह. गुलाब गंज जिला-विदिशा विदिशा मध्य प्रदेश-464001 भारत) | 12.11.2025 और रू. 2234948/- 11.11.2025 तक | पंत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (ग्राम गुलाब गंज, फोन नंबर 11, प्लॉट क्षेत्रफल 0.082 हेक्टेयर, भूमि सर्वेक्षण संख्या 141/1/2 तहसील गुलाब गंज, जिला- विदिशा विदिशा, मध्य प्रदेश-464001 भारत) |
| 9 | LAN: HLSHUJSCON000005013125/शाखाः शुजालपुर 1. सोनू पछिसिया, 2.सोनम पछिसिया दोनों पता 1ः (वार्ड क्र.07 साईवाला कुआ पचोरे, साईवाला कुआ पचोरे, राजगढ़, म.प्र.-465680, भारत) पता 2ः (पीएच नं.16, रकबा 600 वर्ग फीट, वार्ड नं. नया 05 पुराना 03 सर्वे नं. का हिस्सा 85/2/2 ग्राम भोजपुरिया तहसील पचोर जिला राजगढ़, म.प्र.-465680 भारत) क्र. 1 भी - (बस स्टैंड, पचोर, राजगढ़, म.प्र.-465680, भारत) | 12.11.2025 और रू. 561462/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जिसका पता : (पीएच नंबर 16, रकबा 600 वर्ग फुट, वार्ड नंबर नया 05 पुराना 03 सर्वेक्षण संख्या का हिस्सा 85/2/2 ग्राम भोजपुरी तहसील पचोर जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश - 465680 भारत) |
| 10 | LAN: HLBHPLPPSC000005005737/ शाखाः भोपाल क्लस्टर 1. सैयद ओसफ अहमद, 2. नाजमा वो सैयद ओसफ अहमद दोनों पता 1ः (फ्लैट नंबर एफ 05 शिल्पकार हाउस भारत टॉकीज चौराहा, भोपाल, भोपाल, मध्य प्रदेश-462001, भारत) पता 2ः (मकान नंबर 05 और नया नंबर 170 राजाजी का कुआ बेलदार पुरा वार्ड नंबर 19 नगर निगम भोपाल भोपालमध्य प्रदेश-462001 भारत) क्रमांक 1 पर भी- (ताज टिम्बर मर्चेंट, साफा झा की झुरिया नूर टिम्बर के पीछे पात्रा खींचो मंडी रोड तहसील, भोपाल, मध्य प्रदेश-462001, भारत) | 12.11.2025 और रू. 953667/- 11.11.2025 तक | संपत्ति का वह हिस्सा जिसका पता : (मकान संख्या 05 और नया नंबर 170 राजोक का कुआ बेलदार पुरा वार्ड संख्या 19 नगर निगम भोपाल मध्य प्रदेश-462001 भारत)। |

दिनांक - 10.12.2025,
स्थान - भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी,
रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

# रेलवे भर्ती फर्जीवाड़ा : बिहार से दो गिरफ्तार

## सीबीआई की कार्रवाई, न्यायालय ने आरोपियों को भेजा रिमांड पर

**जबलपुर, 9 दिसंबर. रेलवे भर्ती में हुए फर्जी फर्जीवाड़े मामले में सीबीआई जबलपुर ने बिहार से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें शहर लाने के बाद न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया है.**

सीबीआई अब दोनों से पूछताछ करते हुए यह पता लगा रही है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन शामिल है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पमरे ने वर्ष 2024 में टेक्निशियन ग्रेड थ्री ट्रैक मशीन पद के लिए परीक्षा आयोजित की. इस परीक्षा में 92 अभ्यार्थियों का चयन हुआ. जिसमें मुंगेर निवासी मुकेश कुमार भी शामिल थे. मुकेश की नियुक्ति के बाद उसे आईआरटीएमटीसी, पीआरवाईजी में 10 नवम्बर 2025 को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया. वहां 14 नवम्बर को चयनित उम्मीदवारों का दोबारा बायोमैट्रिक सत्यापन किया था इसमें परीक्षा के समय के बायोमैट्रिक और फोटो से मुकेश के बयोमैटिक और फोटो मेल नहीं आई थी इस पर रेलवे के अफसरों ने उनसे पूछताछ की, तो मुकेश ने बताया कि परीक्षा में उनके स्थान पर कोई और बैठा था. इतना ही नहीं उसी ने मेडिकल टेस्ट भी पास किया. यह जानकारी सामने आते ही मुकेश को पहले तो रेलवे से बर्खास्त किया गया और फिर उसके खिलाफ सीबीआई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई. फर्जीवाड़ा कर रेलवे में नौकरी पाने वाले बिहार मुंगेर निवासी मुकेश कुमार समेत अन्य खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी, आपराधिक षडयंत्र समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया है.




सूत्रों के मुताबिक सीबीआई जबलपुर ने बिहार के मुंगेर में दबिश देकर मुकेश कुमार और रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया जिन्हें जबलपुर आने के बाद विशेष न्यायालय में पेश करते हुए 11 दिसम्बर तक रिमांड पर लिया है. सीबीआई अब दोनों से सघन पूछताछ करते हुए फर्जीवाड़े से जुड़ी अहम जानकारियां जुटा रही है.

### टीचर ने दी परीक्षा

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने मुकेश कुमार पिता नरेश मंडल निवासी रो- ग्राम- लोंचा-पाटम, पोस्ट-पाटम, मुंगेर बिहार और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ फर्जीवाड़ा में और कौन-कौन शामिल है, मुकेश के स्थान पर किसने परीक्षा दी समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच की. जिसमें यह बात सामने आई कि मुकेश के स्थान पर रंजीत ने रेलवे में टेक्नीशियन ग्रुप की परीक्षा दी थी. बताया जाता है कि रंजीत प्रावेट स्कूल में टीचर है.

# अस्पताल के आउटसोर्स कर्मी धरने पर बैठे



**रीवा, 9 दिसम्बर, संजय गांधी एवं गांधी मेमोरियल अस्पताल में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है. एक ओर जहा स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है.**

वहीं दूसरी तरफ आउटसोर्स कर्मचारी भी अपनी वेतन को लेकर आये दिन धरना प्रदर्शन कर रहे है. मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने गांधी मेमोरियल अस्पताल के अधीक्षक डा.राहुल मिश्रा के कक्ष के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया. जिसमें वार्ड ब्वाय, सफाईकर्मी, सुरक्षा गार्ड आदि शामिल रहे. कई घंटे तक काम बंद करके आउटसोर्स कर्मचारी धरने पर बैठे रहे. उनका कहना है कि न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही एरियर्स का भुगतान किया गया. इसके अलावा राष्ट्रीय छुट्टी का जो पैसा मनमानी तरीके से काटा गया है वह भी नहीं दिया जा रहा है.

कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार एजाइल कम्पनी ऐसा क्यो कर रही है. कर्मचारियों ने मनमानी करने का आरोप लगाया और अधीक्षक से मिलकर मानदेय वेतन दिलाने की गुहार लगाई. विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को अधीक्षक राहुल मिश्रा ने समझाइश दी, तब जाकर किसी तरह मामला शांत हुआ. कर्मचारियों का आरोप है कि श्रम कानूनो का पालन कम्पनी नही कर रही है. अधीक्षक राहुल मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की समस्या सुनी गई है. मानदेय सहित काटे गये पैसे की शिकायत है, कम्पनी से बात की जा रही है.

# झाबुआ में न्यूनतम पारा 9 .6 डिग्री पहुंचा

**झाबुआ, 9 दिसंबर. शहर में अब कड़काड़ती ठंड का आभास हो रहा है. दिनभर ठंड महसूस की जा रहीं है. उधर मौसम का तापमान भी लगातार कम हो रहा है.**

8 दिसंबर को जहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया था, वहीं 9 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया. इन दिनों ठंड के साथ शीत लहरे भी चल रहीं है. असलुबह से ही ठंड का आभास होने लगता है. अलसुबह एवं रात में अत्यधिक ठंड के साथ शीत लहरे चलती है. हाईवे मार्गों पर अलसुबह कोहरे के दृश्य देखने को मिल रहे है. रात में अधिक ठंड के चलते लोगों की बाजार में आवाजाही कम हो जाती है. ठंड के बढ़ते प्रकोप का असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है. मौसम सर्द रहने से लोग स्वेटर, कोट, जैकेट, मफलर आदि गर्म वस्त्रों का उपयोग कर रहे है. शीत ऋतु में गराड़ू, जलेबी, गरम दूध, हलवे के साथ अदरक और ईलायची वाली चाय की चुस्कियों का आनंद लिया जा रहा है. जिसके चलते होटलों पर सुबह एवं रात में विशेष भीड़ देखने को मिल रहीं है. गर्म वस्त्रों की दुकानों पर लोग इनकी जमकर खरीदी कर रहे है.



बढ़ी हुई ठंड रबी फसलों के लिए उपयुक्त है. किसान वर्ग रबी फसलों में गेहूं, चना, सरसो से पैदावार होने पर कटाई-छटाई कार्य में व्यस्त है. सर्द मौसम में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति भी विशेष एहतियात बरतने की आवश्यकता है. विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों को ध्यान देने की जरूरत है. मौसम विभाग के राजेश त्रिपाठी ने बताया कि 8 दिसंबर, सोमवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिसे एवं न्यूनततम तापमान 9.4 डिग्री रेकार्ड किया गया. वहीं 9 दिसंबर, मंगलवार को अधिकतम पारा 26.8 डिसे एवं न्यूनतम पारा 9.6 डिग्री रहा.

## नागपुर से कारतूस बेचने आए पांच सौदागर गिरफ्तार

**जबलपुर.** बरगी पुलिस ने मंडला बाईपास रोड परमेश्वर ढाबा मानेगांव मंगेली में दबिश देकर नागपुर से अवैध रूप से कारतूस बेचने आये 5 सौदागरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 14 कारतूस, 5 मोबाइल एवं स्कार्पियो जप्त की गई है. पकड़े गए आरोपियों में उजैर परवेज पिता अब्दुल खालिद निवासी मनकापुर जिला नागपुर महाराष्ट्र, कासिफ खान पिता आसिफ खान निवासी नागपुर, असमित खोटे पिता अनिल खोटे निवासी पावली नागपुर, शुभम कोटांगले निवासी जरीपटका नागपुर, जयघोस टेम्बुरने निवासी नागपुर शामिल हैं.

# इंदौर में इंडिगो का शेड्यूल अब भी अस्त-व्यस्त

**मंगलवार को भी 13 उड़ाने हुई रद्द**

**इंदौर,9 दिसंबर. एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों से चल रही अव्यवस्था आज भी पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी. सुबह से यात्रियों को राहत की उम्मीद जरूर दिखी, लेकिन इंडिगो का संचालन पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ और कई उड़ानें निर्धारित समय पर नहीं उड़ सकीं.**

इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार मंगलवार को इंडिगो की 18 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं. यह लगातार छठा दिन है जब इतनी बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित नहीं हो सकीं. रद्द हुई उड़ानों में मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और जयपुर रूट की फ्लाइटें प्रमुख रहीं, जिसके कारण सुबह से यात्रियों की लाइनें और काउंटरों पर भीड़ दिखाई दी. पिछले दिनों पायलटों और क्रू की उपलब्धता कम होने से कंपनी का शेड्यूल देशभर में प्रभावित हो रहा है. इंदौर इसका बड़ा असर झेलने वाला शहर बन गया है, जहां रोजाना सैकड़ों यात्रियों को अंतिम समय में यात्रा योजनाएं बदलनी पड़ रही हैं. मामले में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि स्थिति में सुधार की कोशिशें लगातार जारी हैं. कई उड़ानों का समय बदला गया है और कुछ को मर्ज किया है, ताकि यात्रियों पर कम से कम असर पड़े.




यात्रियों का कहना है कि पिछले हफ्ते की तुलना में स्थिति थोड़ी बेहतर ज़रूर दिख रही है, लेकिन जब तक इंडिगो का पूरा संचालन सामान्य नहीं हो जाता, परेशानी बनी रहेगी. गौरतलब है कि 3 दिसंबर से एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है और अब तक 155 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं. सोमवार को 18, शनिवार को 34 और शुक्रवार को 36 उड़ानें रद्द हुई थीं. इंदौर एयरपोर्ट की लगभग 70% उड़ानें इंडिगो द्वारा संचालित होती हैं.

### एक नजर में

## मक्सी को मिली सिविल अस्पताल की सौगात

**शाजापुर, 9 दिसंबर.** शाजापुर विधानसभा में विकास को लेकर लगातार काम हो रहे हैं. हाल ही में फोरलेन के भूमिपूजन के बाद शाजापुर विधानसभा के मक्सी में विधायक अरुण भीमावद ने सिविल अस्पताल की स्वीकृति दिला दी. मक्सी में पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ करता था, लेकिन आज हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य संस्थाओं के जो उन्नयन प्रस्ताव स्वीकृत किए हैं, उनमें केवल मक्सी ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सीधे सिविल अस्पताल की सौगात मिली है. नहीं तो उप स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सिविल अस्पताल का उन्नयन होता है, लेकिन विधायक अरुण भीमावद की मांग पर मक्सी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीधा सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन किया गया है.मप्र की कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है. जिसमें शाजापुर विधानसभा के मक्सी को 50 बिस्तर का सिविल अस्पताल का उन्नयन किया गया है. विधायक अरुण भीमावद लगातार शाजापुर विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परिवहन के क्षेत्र में एक के बाद एक विकास योजनाएं मैदानी इलाकों में ला रहे हैं. पिछले महीने 8 हजार करोड़ का उद्योग स्थापित कराकर हजारों बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की दिशा में काम किया. मक्सी-शाजापुर का फोरलेन का भूमिपूजन किया. इस महीने मक्सी को सिविल अस्पताल की नई सौगात दिलाई.

## युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव



**ग्वालियर, 9 दिसंबर.** युवा कांग्रेस ने जिले में खाद की किल्लत, बिजली कटौती, अवैध शराब परिवहन और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं के विरोध में कलेक्ट्रेट का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की गई. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे रबी फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है. इसके अलावा, लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग परेशान हैं. शहर में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था के कारण आए दिन जाम लग रहा है, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही है. युवा कांग्रेस ने अवैध शराब के बढ़ते परिवहन पर भी तत्काल रोक लगाने की मांग की. कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन पूरे जिले में उग्र आंदोलन करेगा.ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुगराज वकील, डॉ. शहजाद अली, ख्वाजा भाई, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कराहल जुगराज कुशवाहा, बड़ौदा ब्लॉक अध्यक्ष गोलू जाटव शामिल थे.

## अवैध खनिज उपयोग पर कार्रवाई के निर्देश

**सीधी, 9 दिसंबर.** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में रेलवे के निर्माण कार्यों में उपयोग किए जा रहे खनिजों की अनुमति और रॉयल्टी संबंधी मुद्दों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर ने बिना अनुमति और अग्रिम रॉयल्टी जमा किए कुछ संविदाकारों द्वारा कार्य किए जाने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने खनिज अधिकारी सीधी को संबंधित प्रकरणों में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ ही मुख्य अभियंता निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर इंद्रजीत वर्मा को निर्देशित किया गया कि संविदाकारों द्वारा उपयोग किए गए गौण खनिजों की रॉयल्टी जमा होने के बाद ही बिल भुगतान किया जाए. बैठक में उपस्थित सभी उप मुख्य अभियंता और संविदाकारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना वैध अनुमति किसी प्रकार का खनन या परिवहन नहीं किया जाए. किसी भी उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने रेलवे के सभी संविदाकारों को निर्देशित किया कि रेलवे ट्रैक निर्माण में उपयोग किए गए गौण खनिजों की रॉयल्टी 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जमा कराई जाए. खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.बैठक में रेलवे की ओर से मुख्य अभियंता निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर इंद्रजीत वर्मा, उप मुख्य अभियंता निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे सीधी अबलीश कुमार मीणा, उप मुख्य अभियंता निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे रीवा जी. एल. मीणा उपस्थित रहे.



## गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

**दतिया.** पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई. कॉलोनी में स्थित एक मकान के अंदर बने गोदाम से उठती आग की लपटें कुछ ही मिनटों में तेज होती गईं और धुआं दो किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा.

# नाव के पेट्रोल इंजन में लगी आग

**श्रद्धालुओं ने जान बचाई, कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए**

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर, 9 दिसंबर. तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में मंगलवार को मंदिर घाट से केवलराम घाट जा रही एक नाव के पेट्रोल इंजन में अचानक आग लगने से बड़ा हादसा टल गया.**

नाव में सवार 6-7 नवयुवक श्रद्धालु समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए. घाट पर मौजूद नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई. घटना की सूचना पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सीएमओ मोनिका पारधी को तुरंत जांच के निर्देश दिए. प्रत्यक्ष दर्शियों के माने तो इंजन गर्म होने से पेट्रोल ने आग लगने का कारण बताया जा रहा हैं. उधर, नर्मदा नदी में नाव संचालन को लेकर पिछले तीन वर्षों से चल रहा विवाद भी फिर उभर आया है. नाविकों का आरोप है कि कई अनुभवी नाविक आज भी लाइसेंस से वंचित हैं, जबकि नाव चलाने का पर्याप्त अनुभव न रखने वालों को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं. नावों में 20-30 लीटर पेट्रोल का उपयोग और नर्मदा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सुरक्षा जोखिम अधिक बढ़ गए हैं. कई जगह नाबालिगों द्वारा नाव संचालन किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं. नाविक संघ दो हिस्सों में बंटा होने से निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, वहीं घाटों की सीमित क्षमता के बावजूद नर्मदा में 300 से अधिक नावों का संचालन अव्यवस्था पैदा कर रहा है. नाविकों ने प्रशासन से पूर्व में जिनके परिवार से नौका संचालन करते आ रहे या चप्पू चलित यह प्रत्यक्ष रूप से नौका संचालन से जुड़े हो ऐसे नौका संचालकों को लाइसेंस दिया जाना चाहिए.



## नेता को धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर.** महिला से मारपीट की शिकायत पर बाहर निकले भाजपा नेता को धमकाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है. दो बालिग आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें जेल भेजा, जबकि दो नाबालिगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है. घटना संविदनगर सब्जी मंडी के पास की है. दो दिन पहले भाजपा नेता राजा कोठारी अपने घर पर थे, तभी बाहर से एक महिला हेमलता की चीख पुकार सुनाई दी. बाहर निकलकर उन्होंने देखा कि कुछ युवक महिला से मारपीट कर रहे थे. कोठारी ने बीचबचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी हाथापाई की. घटना की रिपोर्ट तिलकनगर थाने में दर्ज होते ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई.

## दूसरे दिन भी क्रमिक अनशन जारी, कई कांग्रेसी भी पहुंचे



**चितरंगी 9 दिसम्बर.** व्यवहार न्यायाधीश का कनिष्ठ खण्ड संचालित करने के लिए अधिवक्ता बीते दिन सोमवार से बेमियादी क्रमिक अनशन शुरू किया है. आज दूसरे दिन धरने पर बैठे अधिवक्ताओं को कांग्रेस पार्टी का समर्थन मिला है. चितरंगी में पिछले वर्ष जुलाई महीने में व्यवहार न्यायाधीश का कनिष्ठ खण्ड संचालित करने के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर से स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक व्यवहार न्यायालय का संचालन न होने पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार की उदासीनता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. आज दूसरे दिन अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी है. कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सरस्वती सिंह सहित अन्य कांग्रेसी पहुंच मांगों का समर्थन किया.

## बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की करें वसूली : आयुक्त

**सिंगरौली.** नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली लोक अदालत के तैयारियों सहित राजस्व वसूली की समीक्षा की. उन्होंने निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली करें. बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए. उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी आरपी बैस को निर्देश दिए कि 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें.

## पीजी कॉलेज प्राचार्य से मारपीट, प्रोफेसर एसपी दफ्तर पहुंचे



**टीकमगढ़, 9 दिसंबर.** पीजी कॉलेज के प्राचार्य के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. कॉलेज प्राचार्य का आरोप है कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र ने बदसलूकी करने के साथ मारपीट की. जब पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की तो प्रोफेसर एसपी दफ्तर पहुंचे और कार्यवाही की मांग कर रहे हैं. प्राचार्य केसी जैन ने बताया कि प्रबल शुक्ला नाम का छात्र उनके कॉलेज में पढ़ता है. आज वाहन खड़े करने को लेकर उसने विवाद किया और गालियां दी. इतना ही नहीं जब पीड़ित प्राचार्य केसी जैन कॉलेज से वापिस देर शाम घर आ रहे थे तो महेंद्र सागर तालाब की कैंटीन के पास रोककर उनसे मारपीट की. पीड़ित का कहना है कि कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है.

**सांसद खेल महोत्सव** वूशु प्रतियोगिता आयोजित, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दें बढ़ावा

**सीधी, 9 दिसंबर. जिले में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत वूशु प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया.**

प्रतियोगिता में जिले के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. मैदान पर युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा, अनुशासन और जुझारूपन साफ झलक रहा था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में खेलों का माहौल नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया जैसे जनआंदोलनों को जाता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की खेल प्रतिभाओं पर जिस विश्वास के साथ नीतियां तैयार की हैं, उसका परिणाम यह है कि देश का युवा आज विश्व स्तर पर भारत का परचम लहरा रहा है. सांसद खेल महोत्सव भी उसी राष्ट्रीय विजन् की कड़ी है, जो हर जिले, हर गांव की प्रतिभा को मंच देने का प्रयास है. सांसद ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन दृष्टि, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और अनुशासन का माध्यम है. उन्होंने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, ऑफिशियल्स और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीधी जिले की प्रतिभाएं लगातार आगे आ रही हैं और आने वाले समय में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगी.




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने भी खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वूशु विशेषकर बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस का बेहतरीन साधन है और इसे अधिक से अधिक सीखने की आवश्यकता है. उन्होंने खिलाडियों को निरंतर अभ्यास और फिटनेस पर जोर देने की सलाह दी. समापन समारोह में विजेताओं को मेडल, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.

# हाईकोर्ट में मंदसौर पुलिस की बड़ी चूक हुई उजागर

**बस से उठाए छात्र पर ड्रग केस थोपने की बात स्वीकार**

**इंदौर 9 दिसंबर. मंदसौर में होनहार छात्र की गलत गिरफ्तारी का मामला मंगलवार को इंदौर हाईकोर्ट में गंभीर मोड़ ले गया.**

सुनवाई के दौरान मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा स्वयं उपस्थित हुए और कोर्ट के सामने स्वीकार किया कि मल्हारगढ़ थाने की टीम ने बस से छात्र को उतारकर उसी दिन उस पर ड्रग स्मगलिंग का केस दर्ज किया था. एसपी ने माना कि कार्रवाई में गंभीर त्रुटियां हुईं और एफआईआर में दर्ज गिरफ्तारी की टाइमिंग व स्थान, मौके की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते. मामले में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की गई है. सुनवाई में जब कोर्ट ने पूछा कि क्या पिछली सुनवाई में आए जांच अधिकारी ने गलत तथ्य रखे थे, तो इस पर एसपी ने खेद जताया. कोर्ट ने कहा कि दस्तावेज़ों और बयान में आए विरोधाभास से यह स्पष्ट है कि पुलिस ने विधि अनुसार प्रक्रिया का पालन नहीं किया. एसपी ने बताया कि थाने में कुल 55 का स्टाफ है और पूरे मामले की जांच चल रही है, हालांकि उन्होंने निलंबित पुलिसकर्मियों के नाम उजागर नहीं किए. शासन पक्ष की ओर से तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दौरान स्थिति स्पष्ट हो जाएगी.



# 237 बेरोजगार युवा-युवतियों का चयन

## बेगमगंज में रोजगार मेला : 9 कंपनियां आई

**बेगमगंज, 9 दिसंबर. जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित रोजगार मेले में क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की अहम पहल सफलतापूर्वक संपन्न हुई. कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी मुख्य अतिथि रहे, जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद अजय जाट विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**



जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता, आईटीआई प्राचार्य प्रदीप खातिरदार, श्रम अधिकारी जीएस मेहदेले, एसडीएम सौरभ मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद उइके, ग्रामीण आजीविका मिशन समन्वयक सुधीर सोनी, कमलेश रघुवंशी और जिला पंचायत से राजेंद्र रघुवंशी सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे.

यह रोजगार मेला जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत और शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को यह मेला आयोजित किया जाता है. आज आयोजित मेले में कुल 301 बेरोजगारों ने पंजीयन कराया, जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर साक्षात्कार लिया गया. इनमें से 9 कंपनियों में कुल 237 उम्मीदवारों का चयन किया गया.

> शिवशक्ति एग्रीटेक 39, समर्थन ग्रुप 13, पुखराज हेल्थकेयर 37, नवभारत फर्टिलाइजर 07, एनआईआईटी 04, आर सेफ्टी 14, माइट्रेट स्पोर्ट 25, सागर ग्रुप मैन्युफैक्चरिंग 12 और यशस्वी ग्रुप 86. साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु उनके प्रकरण संबंधित बैंकों को भेजे जा रहे हैं, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी. मेले की सफलता पर एसडीएम सौरभ मिश्रा ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी सहयोगियों, विभागीय अधिकारियों और सम्मिलित कंपनियों के प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

# चौबीस घंटे लड़की को पुलिस ने किया दस्तेयाब

**बम्होरी ,9 दिसंबर.** बम्होरी थाना क्षेत्र 07.12.25 को थाना प्रभारी महोदय बम्होरी के मार्ग दर्शन में दिनांक 06.12.25 की रात्रि में ग्राम रामगढ़ से मामा संदीप आदिवासी के घर से भांजी बिना बताए कही चली गई थी परिजनों की रिपोर्ट पर थाना बम्होरी में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हुई बम्होरी पुलिस की अथक प्रयास से दिनांक 07.12.25 को बालिका मोनिका आदिवासी पिता नवल आदिवासी उम्र 20 साल निवासी ग्राम चिकली हाल रामगढ़ को बम्होरी पुलिस स्टाफ ने 24 घंटे के भीतर ढूंढ कर परिजनों को सौंपा.

बालिका को ढूंढने में थाना प्रभारी उनि प्रीतम सिंह राजपूत , प्रधान आरक्षक 91 अशोक मीना, आरक्षक 820 राजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही. यहां पुलिस द्वारा किया गया कार्य यह बताता है कि बम्होरी क्षेत्र में पुलिस सजगता से कार्य कर रही है.

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

**बेगमगंज, 9 दिसंबर. बेगमगंज-सुल्तानगंज मार्ग पर लोहा मिल के सामने सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ. उसे सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीन परिवारों की खुशियां एक झटके में खत्म हो गईं.**

एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हादसा रात करीब 9 बजे हुआ. एक बाइक पर सवार द्वारका आदिवासी (25 वर्ष), पिता मूरत सिंह आदिवासी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. दूसरी बाइक पर करण सिंह (22 वर्ष), पिता बारेलाल भी मौके पर



दम तोड़ बैठे. उनके साथ पीछे बैठे सोमराज (40 वर्ष), पिता हरिनारायण, निवासी कीरतपुर गंभीर रूप से घायल हुए. उन्हें पहले सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सागर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई. मंगलवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बाइक चालक कथित रूप से शराब के नशे में थे, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है.

# 13 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बेगमगंज, 9 दिसंबर. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति बेगमगंज द्वारा 13 दिसंबर 2025 को न्यायालय परिसर बेगमगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा.**

तहसील न्यायालय बेगमगंज के द्वितीय जिला न्यायाधीश सचिन द्विवेदी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों को रखा जा रहा है. इनमें अपराधिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के क्लेम केस, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, सिविल अपीलें, श्रम एवं विद्युत संबंधी प्रकरण शामिल हैं.

इसके अलावा नगर पालिका के जलकर और संपत्ति कर वसूली से जुड़े केस तथा सभी बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा.

> **न्यायाधीश ने लोक अदालत के प्रभावी माध्यम बताए**
> न्यायाधीश द्विवेदी ने बताया कि लोक अदालत लोगों को त्वरित, सरल एवं कम खर्च में न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है. उन्होंने सभी पक्षकारों, अधिवक्ताओं और संबंधित विभागों से अपील की कि वे अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठाएं.

# परमहंस श्री राम बाबाजी के समाधि स्थल निर्माण का भूमिपूजन सानंद संपन्न

**उदयपुरा.** नगर के प्रसिद्ध तलापुरा वाले सिद्ध खेरापति हनुमान मंदिर परिसर में 08दिसंबर 2025,सोमवार को पुष्य नक्षत्र में परमहँस श्रीराम बाबाजी के समाधि स्थल निर्माण का भूमिपूजन हनुमान मंदिर समिति तलापुरा द्वारा कराया गया.उक्त धार्मिक आयोजन में भूमिपूजन रामकृष्ण शास्त्री द्वारा किया गया.नगर के खेरापति पंडित दीपक शास्त्री द्वारा वैदिक रीति से विधिपूर्वक समाधि स्थल का भूमिपूजन मंत्रोच्चाचारों द्वारा कराया गया.

# स्कूल जा रहीं नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़

▸ **दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए**

**बम्होरी,9 दिसंबर.** बम्होरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ की गंभीर घटना सामने आई. जानकारी के अनुसार, बालिकाएं घर से स्कूल जा रही थीं, तभी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास ग्राम कुंडाली निवासी राजेश लोधी पिता महेंद्र लोधी और ऋतिक लोधी पिता सुनील लोधी ने उनका पीछा करते हुए गंदे कमेंट किए और गाना गाकर अश्लील हरकतें कीं.



पीड़िताओं की शिकायत पर थाना बम्होरी में अपराध क्रमांक 175/25 पंजीबद्ध किया गया. प्रकरण में धारा 75(1)(द्व1), 78(1)(द्व), 3/5 बीएनएस 11(द्व)/12, 11(द्व1), पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. घटना के दौरान उपयोग की गई मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है.

आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. गिरफ्तारी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीतम सिंह, प्रधान आरक्षक रोहित, आरक्षक अशोक, राजेंद्र, महेंद्र और संदीप सिद्धार्थ की अहम भूमिका रही. पुलिस का कहना है कि नाबालिगों की सुरक्षा से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

# मुकेश राय बने राष्ट्रीय युवा सचिव

## राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ ने सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**सिलवानी,9 दिसंबर . राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ ने संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए सिलवानी ( जिला रायसेन ) के मुकेश राय को संगठन का राष्ट्रीय युवा सचिव नियुक्त किया है. इस संबंध में जारी पत्र में महासंघ की राष्ट्रीय संयोजक अर्चना जायसवाल ने बताया कि युवा वर्ग में संगठन की मजबूती और विस्तार के उद्देश्य से यह दायित्व सौंपा गया है.**



उन्होंने कहा कि संगठन को नई ऊर्जा, नई सोच और सक्रिय युवाशक्ति की आवश्यकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए मुकेश राय को यह जिम्मेदारी दी गई है. उनसे अपेक्षा है कि वे अपने उत्साह, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता के साथ संगठन के उद्देश्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी रूप से आगे बढ़ाएंगे.नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने मुकेश राय को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की. सभी ने विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूत दिशा और नई गति मिलेगी.

# 2 .87 लाख शिक्षकों को मिले डिजिटल उपकरण

## स्कूल शिक्षा में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार

**रायसेन, 9 दिसंबर. प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने डिजिटल शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देते हुए शिक्षकों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने पर विशेष फोकस किया गया है.**

इसी क्रम में प्राथमिक और माध्यमिक शासकीय विद्यालयों के 2 लाख 43 हजार शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किए गए हैं, जबकि हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 44 हजार शिक्षकों को भी टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं. शिक्षक इन उपकरणों का उपयोग कक्षा शिक्षण, सामग्री तैयार करने और मूल्यांकन कार्य में कर रहे हैं.

**रोबोटिक्स और अटल टिंकरिंग लैब से आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा:** विभाग ने प्रदेश के 52 सांदीपनि विद्यालयों में रोबोटिक्स लैब स्थापित की हैं. इसके साथ ही इस वर्ष 458 पीएम श्री स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब विकसित की गई हैं. सभी 3063 जनशिक्षा केन्द्रों में हाई-परफॉर्मेंस पीसी, प्रिंटर और यूपीएस की सुविधा सुनिश्चित की गई है. छात्रों के लिए विज्ञान और गणित के डिजिटल ई-कंटेंट भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे तकनीक आधारित सीखने की गति तेज हुई है.

> **▸ व्यावसायिक शिक्षा का विस्तार, 6 लाख छात्रों का नामांकन**
> नई शिक्षा नीति के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के 3367 सरकारी स्कूलों में 17 ट्रेड के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं. पिछले वर्ष जहां 4 लाख से अधिक छात्रों ने नामांकन लिया था, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 6 लाख पहुंच गया. पिछले दो वर्षों में 690 सरकारी स्कूलों में एग्रीकल्चर ट्रेड प्रारंभ किया गया है.

> **कॅरियर सप्ताह से छात्रों को मिला मार्गदर्शन**
> बच्चों को पढ़ाई के साथ कॅरियर मार्गदर्शन देने के लिए इस वर्ष कॅरियर सप्ताह आयोजित किया गया, जिसमें 4311 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 2 लाख विद्यार्थियों को कॅरियर चयन से संबंधित सलाह प्रदान की गई.

# खनिज विभाग ने बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रहा डंपर जब्त

**सलामतपुर, 09 दिसंबर. रायसेन खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने सोमवार देर रात को भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना रॉयल्टी के गिट्टी का परिवहन कर रहे डंपर एमपी 04 एचई 3918 को पकड़ा. विभागीय टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर वाहन को नियमपूर्वक सलामतपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया.**

अधिकारियों ने बताया कि वाहन मालिक के खिलाफ जुर्माना सहित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. खनिज विभाग के अनुसार हाईवे पर लगातार चल रहे अवैध खनन और परिवहन पर निगरानी बढ़ाई गई है. इसी क्रम में उड़नदस्ता टीम गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी, जहां यह डंपर गिट्टी से भरा मिला और चालक कोई रॉयल्टी एवं आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं कर सका. विभाग का कहना है कि शिकायत मिलते ही कार्रवाई की जा रही है और अभियान आगे भी जारी रहेगा. इससे पहले भी सलामतपुर थाना



क्षेत्र में बिना बिल्टी-परमीशन के ईंटों का परिवहन करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया जा चुका है. बावजूद इसके इलाके में अवैध ईंट भट्टों का संचालन धड़ल्ले से जारी है. ग्रामीणों के अनुसार आसपास के गांवों में सैकड़ों भट्टे बिना अनुमति चल रहे हैं और यहां तैयार ईंटें भोपाल में महंगे दामों पर बेची जाती हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनिज विभाग महीने में केवल एक-दो बार औपचारिक कार्रवाई करता है, जबकि बड़े स्तर पर कड़ाई की जरूरत है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ईंट भट्टों से निकलने वाला घना धुआं गांवों में फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं. ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर से अवैध भट्टों पर सख्त कार्रवाई और निरीक्षण अभियान चलाने की मांग की है.

> भोपाल-विदिशा हाइवे पर बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रहे एक डंपर को जब्त कर सलामतपुर थाने में खड़ा कराया गया है. जल्द ही क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी.
> **सुमित गुप्ता,** खनिज विभाग रायसेन



# कब्रिस्तान विकास कार्य अधूरा

## मुस्लिम त्योहार कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी,9 दिसंबर. नगर की मुख्य कब्रिस्तान में बाउंड्री वॉल, सौंदर्यीकरण और सीमांकन कार्य पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है. नगर परिषद द्वारा इस कार्य के लिए लगभग 36 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे और निर्माण एजेंसी को चार माह की समय-सीमा दी गई थी, लेकिन घटिया सामग्री के उपयोग से बाउंड्री वॉल और सड़कें जगह-जगह टूट चुकी हैं. परिसर में अव्यवस्था और उपेक्षा स्पष्ट दिखाई देती है.**

इसी अव्यवस्था के विरोध में मुस्लिम त्योहार कमेटी, मुस्लिम यूनियन और ईदगाह कमेटी के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से तहसीलदार सुधीर शुक्ला को ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि वर्षों बीतने के बावजूद कब्रिस्तान का सीमांकन पूरा नहीं कराया गया, निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब है, और नगर परिषद द्वारा अभी तक कार्य की डीपीआर भी उपलब्ध नहीं कराई गई. उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान की यह स्थिति धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाती है और प्रशासन के लिए शर्मनाक है. कमेटी के अध्यक्ष राहिल खान ने कहा कि बार-बार शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ. यदि इस बार भी कार्रवाई नहीं की गई तो समाज बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा. जिला संरक्षक कामरान खान ने कहा कि पाँच वर्षों में भी सीमांकन पूरा न होना प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है. समाज ने एसडीएम से मांग की है कि निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए, अधूरे कार्य तत्काल पूर्ण हों, खर्च का लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों-ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए.

# 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**सलामतपुर,9 दिसंबर. रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांसिया टपरा गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 18 वर्षीय जमुना सहरिया ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना करीब सुबह 11 बजे की बताई जा रही है.**

जानकारी के अनुसार, एक बच्ची जब घर के अंदर गई, तो युवती को लटका हुआ देख चीखते हुए बाहर आ गई. शोर सुनकर घर के बाहर बैठे परिजन दौड़ते हुए अंदर पहुंचे, जहां



जमुना घर की चादर के पाइप से फांसी पर झूलती मिली. परिजन तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर सलामतपुर थाने की दीवानगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया. शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेजा गया. मृतका की पहचान जमुना सहरिया (उम्र 18 वर्ष), पिता स्व. धारू सिंह सहरिया निवासी बांसिया टपरा के रूप में हुई.मामले की रिपोर्ट उसके भाई पहलाद सिंह सहरिया द्वारा दर्ज कराई गई है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

▸ परिवार गया था भागवत कथा

# सूने घर में चोरों ने उड़ाई 8 लाख की नगदी और गहने

**बेगमगंज,9 दिसंबर . नगर में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात ने सनसनी फैला दी है. पिछले माह तुलसीपार स्थित श्रीदुर्गा मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा के 15 लाख रुपए मूल्य के गहने चोरी होने का सुराग पुलिस अब तक नहीं लगा पाई थी. वहीं बीती रात श्यामनगर क्षेत्र में एक सूने घर से 2 लाख नगद तथा करीब 6 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए.**

श्यामनगर निवासी इंद्रजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वे सागर जिले के कर्रापुर में आयोजित भागवत कथा में शामिल होने के लिए गए थे. उनकी पत्नी और बच्चे मायके मंदिर पिपरिया गए हुए थे. घर पूरी तरह सूना था और दरवाजे व अलमारियों पर ताले लगे हुए थे. रात में लौटकर आने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है और अंदर की अलमारियों के ताले भी तोड़ दिए गए हैं. कमरे में सामान बिखरा हुआ था. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अलमारी में रखे दो लाख रुपए नगद, सोने का हार, दो जोड़ी बालियां, अंगूठी, संतानसाते की 8 चूड़ियां, चांदी की पायल,



> घर के भीतर से पूड़ी, सब्जी और अन्य खाने-पीने का सामान बिखरा मिला, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों को घरवालों की गैरमौजूदगी की पूरी जानकारी थी और उन्होंने बिना किसी जल्दबाजी के आराम से वारदात को अंजाम दिया. यह स्थिति सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि चोर घटना के बाद आराम से फरार हो गए. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और अज्ञात चोरों की तलाश तेज कर दी गई है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा. नगरवासियों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है.

बिछिया, पूजा में रखे चांदी के सिक्के सहित अन्य कीमती सामान अज्ञात चोर ले गए. उन्होंने तुरंत ही घटना की सूचना पुलिस को दी और पत्नी को मायके से वापस बुलाया.





एक नजर में



## मेले में गुम हुए 3 बच्चों को परिजनों से मिलवाया

**छतरपुर, 9 दिसंबर.** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र स्थित वैदेही बाबा मंदिर मेले में तीन बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए थे. मेला परिसर में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला और परिजनों को सौंप दिया. मेले में सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए गए थे और पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही थी. इसी दौरान पुलिस सहायता केंद्र पर तीन अलग-अलग समय में जानकारी मिली कि 3 वर्षीय बालक, 5 वर्षीय बालक और 10 वर्षीय बालिका गुम हो गए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और तुरंत प्रसारण (अनाउंसमेंट) करवाया गया. पुलिस कर्मियों ने मेला परिसर में बच्चों की तलाश शुरू की और कुछ ही समय में तीनों बच्चे सुरक्षित मिल गए. बाद में सभी को आवश्यक औपचारिकताओं के साथ उनके परिजनों को सौंप दिया गया. परिजनों ने पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही की सराहना की.

## महाराजपुर रोड पर हादसा, एक की मौत

**छतरपुर, 9 दिसंबर.** जिले में गढ़ीमलहरा-महाराजपुर मार्ग पर स्थित महात्मा गांधी स्कूल के पास मंगलवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि एक बाइक सवार गोकल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत गढ़ीमलहरा से जिला अस्पताल छतरपुर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना सुबह करीब 11 बजे हुई. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की. जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने गोकल मिश्रा को मृत घोषित किया, जिसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गई. पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है और हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है. प्रारंभिक अनुमान है कि तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना की वजह हो सकती है. मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

## सीईओ ने विद्यार्थियों संग मध्याह्न भोजन किया



**सीहोर.** प्रधानमंत्री पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सर्जना यादव ने शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर का निरीक्षण किया. सीईओ ने मां की बगिया का अवलोकन किया तथा शाला में कार्यरत समूह सदस्यों और रसोइयों से भोजन की गुणवत्ता, सामग्री उपलब्धता एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली. उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता की सराहना की. इशाला में शिक्षक एवं जनभागीदारी समिति के सहयोग से निर्मित मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण भी किया गया. सीईओ श्रीमती यादव ने निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा जनभागीदारी के सहयोग से विद्यालयों के विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो रहे हैं.

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन ने बताईं अपनी समस्याएं




**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## जीत चांडक ने पुरस्कार की राशि रेडक्रास को दी दान

**सीहोर.** शहर के बालक जीत चांडक ने अपने जन्मदिन के अवसर को समाजसेवा के नाम समर्पित करते हुए एक अनोखी मिसाल पेश की. जीत ने वीवीएम प्रतियोगिता में प्राप्त 5100 रुपए की पुरस्कार राशि का चेक रेड क्रास सोसायटी के लिए कलेक्टर बालागुरू के. को सौंपा. जीत के पिता विपुल चांडक ने बताया कि जीत ने पिछले वर्ष राज्य स्तरीय वीवीएम प्रतियोगिता में टॉप किया था और यह राशि जीती थी. कलेक्टरने बालक जीत के इस प्रेरणादायक कदम की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में इस तरह की सामाजिक भावना अत्यंत प्रशंसनीय है.

## सांदीपनी विद्यालय में बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**इछावर.** नगर के संदीपनी विद्यालय सी एम राइस स्कूल में समाज सेवी सुरेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता ने विद्यार्थियों को 93 स्वेटर ठण्ड के मौसम में प्रदान किए. मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराणा, विशेष अतिथि वीरेंद्र टुवानी,आशीष झंवर,अखिलेश चांडक उपस्थित रहे, प्राचार्य रविन्द्र शर्मा उपस्थित थे, शिक्षक ओम प्रकाश सेन ने आभार व्यक्त किया.

## 15 .60 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**आष्टा.** विधायक आष्टा गोपालसिंह इंजीनियर और कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा 15 करोड़ 60 लाख के विकास कार्य के भूमिपूजन व 48 लाख के कार्यो का लोकार्पण किया गया. आज जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन संपन्न हुआ,उसमे विशेष रूप से दोनों विधानसभा को जोड़ने के साथ आवागमन की बड़ी सुविधा देने वाला 13 करोड़ 45 लाख का तिलावद से मैना रोड लंबाई 6 किमी का निर्माण है . विकास की कड़ी में पानी की टंकी लागत 2 करोड़, टीनशेड दत्तात्रेय मठी आश्रम लागत 5 लाख, टीनशेड जमादार मोहल्ला लागत 5 लाख तथा टीनशेड देशवाली मोहल्ला लागत 5 लाख आदि कार्य के भी भूमिपूजन एवं 38 लाख से बनी गौशाला, 10 लाख से बने मानस भवन में टीन शेड का लोकार्पण विधायक द्वय गोपालसिंह इंजीनियर एवं घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा किए गए.

# रिसॉर्ट के खाने से 3 कर्मचारियों की मौत

## खजुराहो रिसॉर्ट में फूड पॉइजनिंग का मामला, 5 की हालत नाजुक ग्वालियर किया रेफर

**छतरपुर, 9 दिसंबर. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो में सोमवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया. गौतम रिज़ॉर्ट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. उल्टी, चक्कर और घबराहट जैसे लक्षण दिखाई देने पर सभी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया.**



हालत गंभीर होने पर 9 कर्मचारियों को ग्वालियर रेफर किया गया, जिनमें से 3 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 5 का इलाज जारी है, जिनमें तीन वेंटिलेटर पर हैं. जिन कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ी उनके नाम इस प्रकार हैं हार्दिक सोनी (20), प्रागीलाल कुशवाहा (54), गोलू अग्निहोत्री (25), बिहारी लाल पटेल (60), रामस्वरूप कुशवाहा (47), रवि कौदर (19), दयाराम कुशवाहा (65), रोशनी रजक (30) और गिरजा रजक (35). ये सभी खजुराहो और आसपास के गांवों के रहने वाले थे. सूत्रों के मुताबिक, दो कर्मचारियों ने प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने फूड पॉइजनिंग को कारण बताया है. पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर पहुंचकर रिसॉर्ट से भोजन के सैंपल जब्त कर जांच शुरू कर दी है. प्रशासन ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए रिसॉर्ट को सील कर दिया है. जानकारी है कि रिसॉर्ट मालिक विनोद कुमार गौतम इस समय बेल्जियम में रहते हैं. छतरपुर जिला अस्पताल प्रशासन ने भी पुष्टि की कि कर्मचारियों की मौत फूड पॉइजनिंग से हुई है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है. पुलिस फूड सेफ्टी टीम और प्रशासन मामले की विस्तृत जांच कर रही है. रिपोर्ट आने के बाद ही फूड पॉइजनिंग के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी.

> इस घटना को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने x पर सरकार को घेरते हुए कहा जिस खजुराहो में कैबिनेट मीटिंग चल रही थी, उसी जिले में 3 मौतें हो गईं. लेकिन सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन रहे. अधिकारी सरकारी खर्चे पर मौज में थे, जबकि 9 कर्मचारी अस्पताल में जिंदगी से लड़ रहे थे.

## नियम तोड़ने वालों पर की चालानी कार्रवाई

**आष्टा.** नगर के यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया. इसके तहत भोपाल नाका चौराहा पर कलाकारों द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसमें अभिनय एवं संवाद के माध्यम से रोड सेफ्टी का जीवंत संदेश राहगीरों तक पहुंचाया गया. इस दौरान शहर भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा नियमों एवं संकेतों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर वैधानिक कार्रवाई की गई. कुल 10 चालान बनाए गए, जिनसे 12 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया. ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा सभी वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई.

# क्लब ने छात्राओं को गुड टच-बेड टच की दी जानकारी



नवभारत न्यूज

**आष्टा 9 दिसंबर.** सोमवार को इनरव्हील क्लब द्वारा स्थानीय कन्या हायर स्कूल में जाकर गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई.

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच इनरव्हील क्लब ने माता-पिता से अपील की है कि वे बच्चों को बचपन से ही गुड टच और बैड टच की पहचान कराना शुरू करें। यह सरल सी शिक्षा बच्चों को न केवल जागरूक बनाती है, बल्कि किसी भी असामान्य स्थिति में आवाज उठाने का साहस भी देती है. इस दौरान श्रीमती अनिता यादव ने अपना मोबाइल नंबर भी छात्राओं को देते हुए कहा कि अगर सलाह या मदद की जरूरत हो तो तुरंत संपर्क कर सकते हैं. जानकारी प्रदान करने के पश्चात क्लब के द्वारा श्रीमती अनिता यादव के साथ शिक्षिका आरती शर्मा, बबीता सोनी का शाल, माला पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, मौजूद रहीं.

# ग्रामीणों ने किया निर्माण कार्य का विरोध

- ग्रामीणों का आरोप घटिया मटेरियल का हो रहा प्रयोग





**छतरपुर, 9 दिसंबर. जिले के गौरीहार ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिंहपुर में 1 .15 करोड़ लगभग की लागत का निर्माण कार्य हो रहा है, जो कि आर ई एस विभाग के द्वारा कृष्णा कॉन्ट्रैक्शन को टेंडर दिया गया है.**

घटिया निर्माण भी किया जा रहा है, मिट्टी मिली हुई रेत का प्रयोग किया जा रहा है, कोई चेकिंग भी नहीं की जा रही है. जहां विद्यालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है वहां पर खेल ग्राउंड तथा पार्किंग की जगह ही शेष नहीं बच रही है. बताया जा रहा है कि जो रास्ता ग्रामीण के द्वारा बंद की गई थी जिसका कारण है कि जो रास्ता धावा के लिए गई हुई है, वहां पर मिट्टी डाल कर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे किसानों के खेतों से आवागमन हो रहा है.

**किसानों की फसलें चौपट हो रही है :** ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता से मिट्टी हटा दी जाए जिससे हम लोगों की फसल चौपट होने से बच सके, लेकिन निर्माण कार्य करने वाले रास्ता से मिट्टी नहीं हटा रहे है, जिससे किसानों की फसल चौपट हो रही है, जिससे किसानों ने आक्रोश में आकर आवागमन का रास्ता बंद कर दिया. वहीं निर्माण कार्य की बात की जाए तो ग्रामीण व सरपंच जयराम पाल तथा अन्य ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि जहां निर्माण कार्य जबरन किया जा रहा है, वहां निर्माण किया जाना ठीक नहीं है क्योंकि यहां जगह नहीं बच रही है, बच्चों के खेल ग्राउंड भी नहीं है, न ही पार्किंग है, यहां तक कि बच्चों के लिए प्रेयर करने की जगह शेष नहीं बच रही है. हम न बने ये नहीं चाहते है हम चाहते है, कि 100 मीटर दूर बगल में 5 बीघा भूमि शासकीय डाली हुई है, वहां काफी जगह है, तहसीलदार तथा पटवारी के द्वारा निकला कर उस पर निर्माण होना चाहिए लेकिन जबरन यहां पर निर्माण किया जा रहा है. जिससे साफ नजर आ रहा है कि सरकारी का दुर्पयोग किया जा रहा है क्योंकि किसी कार्यक्रम के लिए जगह ही नहीं है.

> सरपंच तथा ग्रामीण मुन्ना लाल प्रजापति, लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति ने बताया कि हम लोग एस डी एम गौरीहार को भी आवेदन दे चुके है, छतरपुर कलेक्टर को भी आवेदन दे चुके है, लेकिन कोई सुनाई नहीं हो रही है. इस कृष्णा कॉन्ट्रैक्शन कंपनी द्वारा अपने मन का कार्य किया जा रहा है. जिसमें गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है. स्वस्थ एवं महिला बालविकास जनपद पंचायत गौरीहार अध्यक्ष मधु प्रजापति ने अपने लेटर पैड में भी आवेदन अनुविभागीय अधिकारी को दिया है कि 100 मीटर पास बगल में सरकारी भूमि है, वहां निर्माण कार्य कराया जाए ,लेकिन कोई सुनाई नहीं की जा रही है. जिससे बच्चों को खेल मैदान एवं अन्य कार्यक्रम स्कूल के हो सकें. इस मामले में दूरभाष के द्वारा एस डीएम बलबीर रमन गौरिहार को संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा है.

# तलवारपुरा में 80 पेटी अवैध शराब जब्त

- फरार आरोपी बड्डू उर्फ धन प्रसाद यादव गिरफ्तार
- शराब की कीमत लगभग 5 लाख रुपये



**छतरपुर, 9 दिसंबर. पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है. थाना कोतवाली पुलिस ने ग्राम तलवारपुरा में 80 पेटी (लगभग 720 लीटर) अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी बड्डू उर्फ धन प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर लिया है.**

अक्टूबर माह में पुलिस ने खेत से यह शराब बरामद की थी, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई थी. इस मामले में मुख्य आरोपी धीरेंद्र राजा और उसके तीन साथियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. घटना के बाद से आरोपी फरार थे, जिनकी तलाश तेज की गई. पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर बड्डू उर्फ धन प्रसाद यादव को पकड़ा और न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है. बाकी आरोपियों की तलाश जारी है.

**पुलिस की बड़ी उपलब्धियां:** अब तक एनडीपीएस में 95 प्रकरण दर्ज, आबकारी एक्ट के तहत 2000 से अधिक केस, 52 कुंतल से अधिक अफीम के पौधे नष्ट, 1000 किग्रा से अधिक गांजा बरामद, नशीली सिरप की 5 सैकड़ा शीशियां, 1100 नशीली टैबलेट, 200 से अधिक इंजेक्शन, 20000 लीटर से अधिक अवैध शराब जप्त की.

यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, एएसआई गिरजेश राजा, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, संदीप तोमर, राजेश यादव एवं टीम के सहयोग से की गई. छतरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब तस्करों और नशाखोरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

# होटल में ठहरे युगल का वीडियो वायरल

- कुबेरेश्वर धाम के समीप होटल कर्मचारी ने बनाई थी वीडियो
- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला किया दर्ज




नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 दिसंबर. नगर के समीप कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र स्थित एक होटल में आपत्तिजनक वीडियो बनाने और प्रसारित करने करने वाले आरोपियों के खिलाफ आखिरकार पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. यह एफआईआर होटल मैनेजर की शिकायत पर मंडी थाने में दर्ज की गई है.**

पुलिस के अनुसार मंडी थाने में 8 दिसंबर को होटल डमरूवाला के मैनेजर कृष्णपाल उर्फ कृष्णा वर्मा ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई. आवेदन के अनुसार होटल डमरूवाला में एक युगल ठहरा हुआ था. शिकायतकर्ता मैनेजर ने आपत्तिजनक अवस्था का एक वीडियो सुमित पैरवाल नामक व्यक्ति के मोबाइल में देखा. सुमित पैरवाल कथित तौर पर एक अन्य होटल में काम करता है. मैनेजर ने तत्काल पहचान लिया कि यह वीडियो उनकी होटल में ठहरे उसी कपल का है. पूछने पर सुमित पैरवाल ने बताया कि वीडियो उसने ही बनाया है. उसने स्वीकार किया कि होटल के कमरे की लाइट चालू होने और पर्दा खुला होने के कारण उसने यह वीडियो बनाया और फिर इसे व्हाट्सएप के जरिए अपने मित्रों को भी भेजा. पुलिस ने होटल मैनेजर कृष्णपाल वर्मा की शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई की। मंडी थाना पुलिस ने अंकित जाटव, विनोद मालवीय, सुमित पैरवाल, कमलेश उर्फ कनक कौशल के खिलाफ आईटी एक्ट के प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर ली है. फिलहाल मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है तो पुलिस के ढीले रवैये को लेकर भी उनमें नाराजगी देखी जा रही है.

**सौगात** मध्यप्रदेश को मिली बड़ी सौगातें, दमोह सिंचाई परियोजना को मंजूरी

# बुंदेलखंड में बनेंगे चार नए मेडिकल कॉलेज

**छतरपुर, 9 दिसंबर. खजुराहो में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं.**



सीएम ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र को भविष्य में चार नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात मिलेगी. ये कॉलेज दमोह, टीकमगढ़, पन्ना और कटनी में स्थापित किए जाएंगे और अगले शैक्षणिक सत्र से इनका संचालन शुरू करने की योजना है.

**165 करोड़ की सिंचाई परियोजना को मंजूरी:** सीएम ने बताया कि दमोह की झापड़ नाला माध्यम सिंचाई परियोजना को 165 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है. इसके साथ ही सागर से दमोह तक फोरलेन सड़क बनाने का भी निर्णय लिया गया है, जो दो राष्ट्रीय राजमार्गों को आपस में जोड़ेगी और क्षेत्र में यात्रा व व्यापार को आसान बनाएगी.

**सागर में बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क:** कैबिनेट बैठक के प्रमुख फैसलों में सागर के लिए एक बड़े इंडस्ट्रियल पार्क का ऐलान भी शामिल है. मुख्यमंत्री ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से 30 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा और लगभग 24 हजार करोड़ रुपए का निवेश आएगा.

**पर्यटन को नई गति:** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार पन्ना नेशनल पार्क के लिए बड़ी बसों की सुविधा ला रही है. इसके अलावा, खजुराहो में कन्वेंशन हॉल और फाइव स्टार होटल पीपीपी मोड पर बनाए जाएंगे, जिससे पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों को गति मिलेगी.

**चीता पुनर्स्थापन योजना आगे बढ़ी:** वन्यजीव संरक्षण के तहत एक और बड़ी घोषणा की गई. जनवरी में बोत्सवाना से 8 नए चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे. वर्तमान में कूनो में 28 और गांधीसागर अभयारण्य में 2 चीते हैं. दुर्गावती और नौरादेही अभयारण्य में भी चीता पुनर्स्थापन कार्य तेज किया जाएगा.

**मंत्री दिलीप अहिरवार का बयान:** मंत्री अहिरवार ने कहा कि इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री तीन दिनों तक खजुराहो में रुके और यहीं कैबिनेट बैठक की. इस दौरान बुंदेलखंड और आसपास के जिलों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.

> **अग्निशमन सेवा व अस्पताल अपग्रेडेशन**
>
> राज्य में अग्निशमन सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए 397 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए. वहीं, राज्य के 12 बड़े अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा. पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 600 युवाओं को जर्मनी और जापान भेजने की योजना भी सरकार ने मंजूर की है.

## 292 किसानों ने बेची अधिक दाम में फसल

**आष्टा.** भावांतर भुगतान योजना के तहत इस सीजन में किसानों को सोयाबीन पर अच्छा लाभ मिला है. 24 अक्टूबर से अब तक कुल 292 किसानों ने अपनी फसल समर्थन मूल्य से अधिक दर पर विक्रय की है. मंडी में इस वर्ष सोयाबीन का अधिकतम भाव 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा. मंडी प्रशासन ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में शासन द्वारा 1 रुपए का सफल परीक्षण भुगतान करते हुए अब तक 9910 किसानों के खातों में राशि पहुँच चुकी है. हालांकि 136 किसानों का भुगतान उनके केवाईसी अपडेट न होने के कारण फेल हो गया है. मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है अपने बैंक केवाईसी आधार लिंकिंग तथा अन्य दस्तावेज अपडेट कराएं.